हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



# बांग्लादेश में तख्ता पलट

## 15 साल की सत्ता
45 मिनट में छोड़ना पड़ा मुल्क

1 अफगानिस्तान श्रीलंका और पाकिस्तान के बाद अब बांग्लादेश में विद्रोह

2 हिंडन एयरबेस पर उतरा शेख हसीना का विमान, डोभाल ने की मुलाकात

3 प्रमुख विपक्षी नेता खालिदा जिया की रिहाई का आदेश

4 प्रधानमंत्री शेख हसीना के आवास में लूटपाट और तोड़फोड़

5 मुजीबुर रहमान की प्रतिमा को हथौड़ों से तोड़ दिया

6 अवामी लीग के कार्यालय को आग के हवाले कर दिया

# पीएम आवास में घुसे प्रदर्शनकारी हसीना ने छोड़ा देश, भारत पहुंचीं





*बांग्लादेश में बढ़ते हिंसक विरोध प्रदर्शन के बीच प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इस्तीफा देकर ढाका छोड़ दिया। सेना प्रमुख ने कहा है कि हम सरकार चलाएंगे। प्रदर्शनकारियों और सरकार के बीच टकराव में अब तक 100 से अधिक लोगों की जान चली गईं और सैकड़ों अन य घायल हुए। इस बीच, शेख हसीना भारत के हिंडन एयरपोर्ट उतरीं। इस दौरान भारत के एनएसए अजित डोभाल ने शेख हसीना से मुलाकात की। इधर, देर रात बांग्लादेश के राष्ट्रपति ने प्रमुख विपक्षी नेता खालिदा जिया की रिहाई का आदेश दिया है।*

एजेंसी ▶▶ ढाका/ नई दिल्ली

बांग्लादेश में अराजकता की स्थिति के बीच प्रधानमंत्री शेख हसीना सोमवार को एक सैन्य विमान से देश छोड़कर लंदन रवाना हो गयीं, जबकि सेना ने सत्ता के खालीपन को भरने के लिए कदम उठाते हुए अंतरिम सरकार बनाने की घोषणा की। हसीना के देश छोड़ने की खबर फैलने के बाद हजारों प्रदर्शनकारियों ने ढाका में उनके सरकारी आवास में लूटपाट और तोड़फोड़ की। सरकार विरोधी प्रदर्शनों में पिछले दो दिनों में 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। पिछले महीने शुरू हुए ये विरोध प्रदर्शन विवादास्पद कोटा व्यवस्था के खिलाफ थे। 1971 में पाकिस्तान के खिलाफ बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम में लड़ने वालों के परिवारों के लिए सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण देने वाली कोटा प्रणाली को समाप्त करने की मांग के साथ शुरू हुआ यह ▶▶ शेष पेज 4 पर

## सेना प्रमुख बोले- अंतरिम सरकार बनाएंगे

अब पड़ोसी देश में अंतरिम सरकार कार्यभार संभालेगी। बांग्लादेश के सेना प्रमुख जनरल वकार-उज-जमां ने सोमवार को यह घोषणा की। उन्होंने राजधानी ढाका में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अब सेना अंतरिम सरकार बनाएगी। सेना प्रमुख ने लोगों से शांति बहाली की अपील की है। उन्होंने कहा कि हम हालात काबू में ले आएंगे। आप हम पर भरोसा रखें। वकार-उज-जमां ने अपने संबोधन में कहा,\/"मैं (देश की) सारी जिम्मेदारी ले रहा हूं। कृपया सहयोग करें।



### डोभाल ने किया रिसीव

शेख हसीना हिंडन एयरबेस पर पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने भारतीय उच्चाधिकारियों से मुलाकात की। यह भी खबर आई है कि एनएसए अजीत डोभाल से उनकी डेढ़ घंटे तक बातचीत हुई है। यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है कि क्या इस दौरान भारत में शरण देने को लेकर चर्चा हुई है या नहीं। वहीं, पश्चिमी वायु कमान प्रमुख एयर मार्शल पी एम सिन्हा ने शेख हसीना से मुलाकात की।

### शेख हसीना की लिपस्टिक भी ले गए

प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास 'गणभवन' से प्रदर्शनकारियों के अंदर घुसने और सोफा तथा कुर्सियां लेकर चले जाने के दृश्य सामने आए हैं। एक व्यक्ति ने अपने बच्चे को ऊपर उठाया, सैकड़ों लोग ढोल बजाते हुए अंदर घुस आए और एक प्रदर्शनकारी ने गर्व से मीडिया के सामने हसीना की लाल लिपस्टिक लेने की घोषणा की। उसने कहा, मैं इसे हमारे संघर्ष के स्मृतिचिन्ह के तौर पर रखूंगा। यह याद रखने के लिए कि हम एक तानाशाह से आजाद हुए हैं। वह (हसीना) यह लिपस्टिक लगाया करती थी। एक अन्य प्रदर्शनकारी ने कहा, "यह आजादी है। मैं इस भावना को शब्दों में बयां नहीं कर सकता।

## 4,096 किलोमीटर लंबी सीमा पर बीएसएफ अलर्ट जवानों की संख्या बढ़ाई, मौके पर डीजी




### बांग्लादेश हाईकमीशन की सुरक्षा बढ़ाई

राजधानी दिल्ली में बांग्लादेश हाई कमीशन की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। यहां कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए बांग्लादेश हाईकमीशन के गेट पर चाणक्यपुरी पुलिस स्टेशन के 20 से अधिक कर्मचारियों को तैनात किया गया है।

**भारत-बांग्लादेश के बीच ट्रेन सेवा रद्द**

13109/13110 कोलकाता-ढाका-कोलकाता मैत्री एक्सप्रेस, कोलकाता-ढाका-कोआ, मैत्री एक्सप्रेस, कोलकाता- से चलने वाली - कोलकाता, बंधन एक्सप्रेस, ढाका-न्यू जलपाईगुड़ी-ढाका, मिताली एक्सप्रेस 6 अगस्त तक रद्द कर दी गई है।

### बॉर्डर पर बीएसएफ मुस्तैद

बांग्लादेश में कानून व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए बीएसएफ ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर हाई अलर्ट जारी किया है। बीएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बीएसएफ डीजी भी कोलकाता पहुंच गए हैं। बांग्लादेश में कानून व्यवस्था सेना के हाथों में है। भारत और बांग्लादेश की सीमा 4,096 किलोमीटर लंबी है। बीएसएफ ने बॉर्डर की सभी इकाइयों पर अलर्ट जारी किया गया है।

### पीएम मोदी से मिले विदेश मंत्री

बांग्लादेश में बिगड़े राजनीतिक हालात और हिंसक प्रदर्शन के बीच बड़ी खबर सामने आई है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पीएम मोदी से मुलाकात की है। सोमवार शाम को एस जयशंकर ने पीएम मोदी से मिलकर उन्हें बांग्लादेश के हाल पर अपडेट दिया। सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आई है।

### एयर इंडिया ने रद्द की उड़ानें

बांग्लादेश को जोड़ने वाली रेल सेवाओं को रद्द करने के बाद अब ढाका के लिए हवाई सेवा भी सस्पेंड कर दी गई है। एयर इंडिया ने ढाका में विमान सेवा सस्पेंड कर दी है. इस तरह बांग्लादेश का संपर्क हवाई मार्ग से भारत से कट गया है।




## खबर संक्षेप

### महिला अफसर से नहीं मांगी माफी, छोड़ा मंत्री पद



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के सुधार सेवा मंत्री अखिल गिरि ने कहा कि उन्होंने अपना इस्तीफा भेज दिया है। टीएमसी के नेतृत्व ने गिरि से मंत्री पद से इस्तीफा देने और वन विभाग की महिला अधिकारी को धमकाने तथा अपशब्द कहने के लिए उससे माफी मांगने को कहा था।

### कश्मीर में दो संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के अवंतीपोरा इलाके से सुरक्षा बलों ने दो संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। जुबैर अहमद और हिजाज नजीर को अवंतीपोरा इलाके में आतंकवाद रोधी अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया।

## सीएम साय ने भोरमदेव में की पूजा-अर्चना



# अनूठा स्वागत, कांवड़ियों पर आसमां से बरसे फूल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को प्रदेश के प्राचीन, पुरातात्विक, धार्मिक और ऐतिहासिक स्थल बाबा भोरमदेव मंदिर में पवित्र सावन मास के अवसर पर हजारों कांवड़ियों का हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस ऐतिहासिक आयोजन में मुख्यमंत्री श्री साय ने हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष के साथ कांवड़ियों और श्रद्धालुओं का ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ छत्तीसगढ़ में ऐसा पहली बार, जब सीएम ने हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा कर शिव भक्तों का किया अभिनंदन

### सावन में शिव भक्तों के लिए ऐतिहासिक आयोजन

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम सभी भक्तजनों को सावन मास की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सावन के तीसरे सोमवार को भगवान भोलेनाथ के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने प्रदेश के सभी लोगों की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की है। पवित्र सावन माह में शिव भक्तों के लिए यह ऐतिहासिक आयोजन रहा। कबीरधाम जिले में स्थित बाबा भोरमदेव मंदिर के साथ-साथ, बुढ़ा महादेव और डोंगरिया के जलेश्वर महादेव जैसे ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों पर भी हर साल हजारों कांवड़ियों द्वारा जलाभिषेक किया जाता है। इस अवसर पर, अमरकंटक से शिव भक्त पदयात्रा कर छत्तीसगढ़ के विभिन्न शिवालयों में जल चढ़ाते हैं।


# डिप्टी सीएम साव के भांजे का 15 घंटे बाद जल प्रपात से मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

बेमेतरा जिले के ग्राम सिंघौरी निवासी एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव के भांजा तुषार साहू पिता सुरेश साहू आयु 20 वर्ष के रविवार को कबीरधाम जिले के पर्यटन स्थल रानीदहरा जल प्रपात से लपता होने के बाद सोमवार की सुबह जल प्रपात से उनका शव बरामद कर लिया गया है। शव बरामद करने के बाद पुलिस ने पीएम के लिए भेज दिया है। वहीं, मर्ग कायम कर मामले की विवेचना भी की जा रही है। उल्लेखनीय है ▶▶ शेष पेज 4 पर

### दोस्तों के साथ घूमने आया था तुषार





**पानी में डूबने से मौत** प्रथम दृष्टया पुलिस के मुताबिक तुषार की मौत पानी में डूबने से हुई है। हालांकि मृतक का शव मिलने के बाद मौत की स्पष्ट वजह तलासने के लिए शव का पीएम भी कराया गया है। वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

## पेरिस ओलंपिक

# मनु होंगी समापन समारोह में भारत की ध्वजवाहक

एजेंसी ▶▶ पेरिस



पेरिस ओलंपिक खेलों में दो कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचने वाली निशानेबाज मनु भाकर रविवार को होने वाले समापन समारोह में भारत की ध्वजवाहक होंगी। मनु ने 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीत कर पेरिस ओलंपिक में भारत का खाता खोला था। इस तरह से वह ओलंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय निशानेबाज बनी थी। इसके बाद उन्होंने सरबजोत सिंह के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल में मिश्रित टीम का कांस्य पदक भी जीता।

### रोहिदास पर एक मैच का बैन

*भारतीय हॉकी टीम के प्रमुख डिफेंडर अमित रोहिदास जर्मनी के खिलाफ मंगलवार को होने वाले सेमीफाइनल मैच में नहीं खेल पाएंगे। उन पर लगाए गए एक मैच के निलंबन के खिलाफ दायर की गई हॉकी इंडिया की अपील को इस खेल की विश्व संस्था एफआईएच ने खारिज कर दिया।*

## जनहित याचिकाओं पर हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी, मांगा जवाब

# जान, चाहे मानव की हो या जानवर की, कीमती है, वाइल्डलाइफ को नहीं बचाएंगे तो गए काम से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

हाथियों की बिजली करंट से हो रही मौतों को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति रवींद्र कुमार अग्रवाल की युगल पीठ को बताया गया कि पिछले तीन सालों में 21 हाथियों की मौत बिजली करंट से हुई है। जिस पर कोर्ट ने पूछा कि क्या सब ऐसे ही खत्म हो जाएगा? सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा वाइल्डलाइफ को नहीं बचाएंगे तो गए काम से।

याचिकाकर्ता की तरफ से बताया गया कि जून 2024 में सूरजपुर के पास जंगल में एक खेत में लगे 11 केवी के पोल से एक हाथी टकरा गया और पोल झुक गया, जिससे दूसरा हाथी झुके वायर के करंट के संपर्क में आने से वहीं मर गया। फोटो देख कोर्ट ▶▶ शेष पेज 4 पर



■ हाथियों की बिजली करंट से हो रही मौतों के खिलाफ जनहित याचिका

### गाइडलाइंस का पालन किया जाए

26 जून 2024 की बैठक में केंद्र के बनाए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने पर सहमति बनी है। जिसके अनुसार विद्युत कंपनी को सभी झुकी हुई लाइनों को ठीक करना है, बिजली लाइन के वायर को वन क्षेत्र में जमीन से कम से कम ▶▶ शेष पेज 4 पर

खास खबर

## सड़कों पर मवेशी, यह शहर ही नहीं, पूरे प्रदेश की समस्या, मुख्य सचिव बताएं- कौन जिम्मेदार?

**बिलासपुर।** सड़कों पर मवेशी नहीं हटने और हादसों में कई मवेशियों की मौत को हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया है। कोर्ट ने सीएस को 4 सप्ताह में जांच कर इसके लिए कौन जिम्मेदार है ये बताने कहा है। याचिकाकर्ता के वकील ने मवेशियों की मौत के आंकड़े भी कोर्ट में प्रस्तुत किए हैं। इसमें बताया गया कि जनवरी से अब तक 73 हादसे हुए हैं, इसमें 55 की मौत हो गई। इसके साथ ही प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्गों पर 52 ऐसे स्थान हैं, जहां पर मवेशियों के कारण सबसे ज्यादा हादसे होते हैं। रायपुर-बिलासपुर मार्ग सबसे ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ सड़कों पर मवेशी नहीं हटने और हादसों में कई मवेशियों की मौत को हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया

### मवेशियों की वजह से कई हादसे

सुनवाई के दौरान बताया गया कि हाल ही में 7 जुलाई, 2024 को तिल्दा ब्लॉक के किरना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 15 गायों की मौत हो गई और 3 घायल हो गईं, साथ ही ग्रामीण घायल हो गए थे। मामले में याचिकाकर्ता के एक वकील ने प्रकाशित समाचार क्लीपिंग को छत्तीसगढ़ उच्च व्यायालय ▶▶ शेष पेज 4 पर



# 50 साल बाद बांग्लादेश में फिर वही हालात

# साजिश के 'चक्रव्यूह' में 'हसीना'



आधी सदी और समय का चक्र पूरा हो गया। शेख हसीना आज फिर बेघर हो गईं। बांग्लादेश में आरक्षण आंदोलन ने शेख हसीना सरकार की बलि ले ली। निवर्तमान प्रधानमंत्री को जान बचाने के लिए देश छोड़ना पड़ा है। प्रधानमंत्री आवास में अराजकता का माहौल है। लोग वहां से फर्नीचर एवं अन्य सामान कंधों पर उठाकर ले जा रहे हैं। सबसे दुखद तस्वीर शेख मुजीब उर रहमान की मूर्ति तोड़ते हुई आई। करीब 50 वर्ष पहले सैन्य तख्ता पलट में इसी मुजीब उर रहमान समेत उनके परिवार के 18 सदस्यों की हत्या कर दी गई थी। मुजीब की दो बेटियां शेख हसीना और शेख रिहाना ही बच पाईं, वो भी भारत की मदद से। एक बार फिर सियासत और नफरत के 'चक्रव्यूह' में शेख हसीना घिरी हैं और भारत की शरण में हैं।

## आरक्षण व्यवस्था में 1972 से कई बदलाव हो चुके हैं



50 साल बाद एक बार फिर बांग्लादेश में हिंसक प्रदर्शन बेकाबू हो गए हैं। प्रदर्शनकारी ढाका में स्थित पीएम हाउस में घुस चुके हैं। इस बीच प्रधानमंत्री शेख हसीना ने ढाका छोड़ दिया है। शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से भी इस्तीफा दे दिया है। कहा जा रहा है कि वो भारत की शरण लेंगी। छात्रों के प्रदर्शन से शुरू हुआ आंदोलन इतना कैसे बढ़ गया कि शेख हसीना को बांग्लादेश छोड़ना पड़ा। विरोध प्रदर्शनों के केंद्र में बांग्लादेश की आरक्षण व्यवस्था है। इस व्यवस्था के तहत स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों के लिए सरकारी नौकरियों में 30% आरक्षण का प्रावधान था। 1972 में शुरू की गई बांग्लादेश की आरक्षण व्यवस्था में तब से कई बदलाव हो चुके हैं। 2018 में जब इसे खत्म किया गया, तो अलग-अलग वर्गों के लिए 56% सरकारी नौकरियों में आरक्षण था। समय-समय पर हुए बदलावों के जरिए महिलाओं और पिछड़े जिलों के लोगों को 10-10 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की गई। इसी तरह पांच फीसदी आरक्षण धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए और एक फीसदी दिव्यांग कोटा दिया गया। हालांकि, हिंसक आंदोलन के बीच 21 जुलाई को बांग्लादेश के शीर्ष न्यायालय ने सरकारी नौकरियों में अधिकतर आरक्षण खत्म कर दिया। 21 जुलाई को सर्वोच्च न्यायालय ने उस फैसले को पलट दिया, जिसके तहत सभी सिविल सेवा नौकरियों के लिए दोबारा आरक्षण लागू कर दिया गया था।



## 1972 का मामला है फिर अभी आंदोलन क्यों?

1972 से जारी इस आरक्षण व्यवस्था को 2018 में सरकार ने समाप्त कर दिया था। जून में उच्च न्यायालय ने सरकारी नौकरियों के लिए आरक्षण प्रणाली को फिर से बहाल कर दिया। कोर्ट ने आरक्षण की व्यवस्था को खत्म करने के फैसले को भी गैर कानूनी बताया था। हालांकि, बांग्लादेश की शेख हसीना सरकार ने उच्च न्यायालय के फैसले को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी। सरकार की अपील के बाद सर्वोच्च अदालत ने उच्च न्यायालय के आदेश को निलंबित कर दिया और मामले की सुनवाई के लिए 7 अगस्त की तारीख तय कर दी। मामले ने तूल पकड़ लिया जब हसीना ने अदालती कार्यवाही का हवाला देते हुए मांगों को पूरा करने से इनकार कर दिया।

### कब क्या हुआ

5 जून 2024-हाईकोर्ट ने स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों और अन्य को 56 प्रतिशत कोटा देने को कहा इनके खिलाफ प्रदर्शन शुरू हुआ

### 12 जुलाई 2024

बांग्लादेश में प्रदर्शन हिंसक हो गया, प्रदर्शनकारियों ने सड़के जाम की दुकानें-गाड़ियां जलाई

### 14 जुलाई

14 जुलाई 2024 पीएम शेख हसीना ने प्रदर्शनकारियो को (रजाकार (गद्दार) कहा, इससे प्रदर्शन नकासी और नाराज हुए

### 20 जुलाई

20 जुलाई 2024 आंदोलन से जुड़े छात्र नेता नाहिद इस्लाम को पुलिस उठाकर से ले गई पिटाई की

### 19 जुलाई

19 जुलाई 2024 प्रदर्शन भीषण हुआ, एक ही दिन में 60 से ज्यादा लोग मारे गए। सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाई गई।

### 21 जुलाई

21 जुलाई 2024-हिंसा देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट का फैसला पलटा 7 प्रतिशत कोटा लागू

### 26 जुलाई

26 जुलाई 2024-पुलिस ने छात्र आंदोलन ने जुड़े 6 लोगों को हिरासत में लिया

4 अगस्त 2024- पीएम हसीना को हटाने की मांग पर हिंसा भड़की, करीब 100 की मौत

5 अगस्त 2024- पीएम हसीना का इस्तीफा, बांग्लादेश छोड़ा सेना अंतरिम सरकार बनाएगी।

## 1971 से हुई थी विरोध की शुरुआत

*कहानी 1971 से शुरू होती है। ये वो साल था जब मुक्ति संग्राम के बाद बांग्लादेश को पाकिस्तान से आजादी मिली। एक साल बाद 1972 में बांग्लादेश की सरकार ने स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों के लिए सरकारी नौकरियों में 30 फीसदी आरक्षण दे दिया। इसी आरक्षण के विरोध में इस वक्त बांग्लादेश में प्रदर्शन हो रहे हैं। यह विरोध जून महीने के अंत में शुरू हुआ था तब यह हिंसक नहीं था। हालांकि, मामला तब बढ़ गया जब इन विरोध प्रदर्शनों में हजारों लोग सड़क पर उतर आए। 15 जुलाई को ढाका विश्वविद्यालय में छात्रों की पुलिस और सत्तारूढ़ अवामी लीग समर्थित छात्र संगठन से झड़प हो गई। इस घटना में कम से कम 100 लोग घायल हो गए।अगले दिन भी बांग्लादेश में हिंसा जारी रही और कम से कम छह लोग मारे गए। 16 और 17 जुलाई को भी और झड़पें हुईं और प्रमुख शहरों की सड़कों पर गश्त करने के लिए अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया। 18 जुलाई को कम से कम 19 और लोगों की मौत हो गई जबकि 19 जुलाई को 67 लोगों की जान चली गई। इस तरह से इस हिंसक आंदोलन के चलते अब तक 300 से ज्यादा लोगों की जान चली गई है।*



### अब कब लौट पाएंगी शेख हसीना?

50 वर्ष पहले जर्मनी से दिल्ली आईं हसीना को छह साल यहां गुजारने पड़े थे। वो 17 मई, 1981 को अपने वतन बांग्लादेश लौट पाई थीं। इस बार बांग्लादेश में सैन्य तख्तापलट नहीं हुआ है और न ही हसीना के परिवार को कोई नुकसान पहुंचा है। लेकिन आरक्षण आंदोलन की आड़ में हसीना और उनकी पार्टी अवामी लीग के साथ को कुचलने की जो साजिश हुई है, वह 1975 के आघात जैसा ही है। हसीना आज फिर बेघर हैं। ईश्वर जाने इस बार उन्हें दिल्ली कब तक अपने आगोश में रखती है। हसीना का नसीब जाने वो इस बार कब वतन लौट पाएंगी?



### रजाकार की दी थी संज्ञा

प्रधानमंत्री ने प्रदर्शनकारियों को 'रजाकार' की संज्ञा दी। दरअसल, बांग्लादेश के संदर्भ में रजाकार उन्हें कहा जाता है जिन पर 1971 में देश के साथ विश्वासघात करके पाकिस्तानी सेना का साथ देने के आरोप लगा था। इसके बाद बांग्लादेश में विरोध प्रदर्शन फिर शुरु हो गए और सरकार तथा विरोधियों के बीच तनाव बढ़ गया।

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श–राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है। आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। औरिजनल का हॉलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

## मंगल नाद से गूंजा उज्जैन

# डमरू नाद का विश्व रिकार्ड, 500 वादकों ने दी लयबद्ध प्रस्तुति



**उज्जैन।** श्रावण मास का तीसरा सोमवार उज्जैन में नई आभा लेकर आया। श्री महाकालेश्वर मंदिर के महाकाल लोक स्थित शक्तिपथ पर 1500 डमरू वादकों ने मनमोहक लयबद्ध प्रस्तुति देकर विश्व रिकॉर्ड बनाया। भगवान भोलेनाथ के प्रिय वाद्य यंत्र डमरू के नाद से अवंतिका नगरी गूंजी। उज्जैन में 1500 वादकों ने डमरू वादन कर फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन न्यूयॉर्क के 488 डमरू वादन का रिकॉर्ड तोड़ा। मुख्यमंत्री मोहन यादव की पहल पर उज्जैन ने डमरू वादन का विश्व कीर्तिमान रचा। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के एडिटर ऋषिनाथ ने डमरू वादन के वर्ल्ड रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। सीएम यादव ने डमरू वादन के विश्व रिकॉर्ड के लिए उज्जैन को बधाई और शुभकामनाएं दीं। 25 दलों के 1500 डमरू वादकों ने भस्म आरती की धुन पर डमरू वादन कर भगवान महाकाल की स्तुति की।

### शक्तिपथ पर हुआ आयोजन

महाकाल महालोक के सामने शक्तिपथ पर अदभुत अनूठे आयोजन में भगवा वस्त्रों में डमरूवादक कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी को भाव विभोर किया। जिला प्रशासन और महाकाल प्रबंध समिति के प्रयासों से डमरू वादन का सफल कार्यक्रम आयोजित हुआ। सीएम यादव के विशेष पहल से बाबा महाकाल की सवारी और भी भव्य व दिव्य होती जा रही है. उन्होंने सवारी को भव्यता प्रदान करने के लिए अनूठे प्रयास किए हैं. बाबा महाकाल की विगत दो सवारी में जनजातीय लोकनृत्यों और 350 सदस्यीय पुलिस बैंड की प्रस्तुति दी गई।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, कैनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

- हरिभूमि ने समय पर ड्यूटी नहीं पहुंचने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ चलाया था अभियान
- नए संभागायुक्त महादेव कावरे ने किया कई विभागों के कार्यालयों का औचक निरीक्षण

### कृषि विभाग के मेन गेट पर लटका मिला ताला

महादेव कावरे को संभाग आयुक्त का प्रभार संभाले महज चार दिन ही हुए है। चौथे दिन वे सुबह 10 बजे रायपुर शहर के कुछ शासकीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण करने ▶▶शेष पेज 4 पर

### नगर ग्राम निवेश एवं पंजीयक दफ्तर में भी अनुपस्थित मिले अधिकारी-कर्मचारी

संभागायुक्त ने इसके बाद नगर ग्राम एवं निवेश विभाग कार्यालय पहुंचे। उस समय यह दफ्तर खुल चुका था, लेकिन उस समय वहां सिर्फ महिला कर्मचारी ही मौजूद मिली, जबकि संयुक्त ▶▶शेष पेज 4 पर





# शनिवार, रविवार छुट्टी, कमिश्नर सोमवार जांच करने पहुंचे तो थोक में गायब मिले कर्मचारी-अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शनिवार को अवकाश, रविवार को अवकाश और फिर सोमवार को आधा दिन गायब। हरिभूमि लगातार लापरवाह कर्मचारियों और अधिकारियों की करतूत को उजाकर करता रहा है। राज्य के सभी जिलों में सरकारी दफ्तरों की लाइव पड़ताल की थी। खबर के बाद 10 बजे का पालन कराने के लिए कई जिलों के कलेक्टरों ने विलंब से पहुंचने वाले कर्मचारियों को नोटिस देने के साथ समय पर ड्यूटी पहुंचने का निर्देश जारी करना पड़ा था। संभाग आयुक्त का प्रभार संभालते ही महादेव कावरे ने सोमवार को राजधानी रायपुर के कुछ सरकारी दफ्तरों का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान ▶▶शेष पेज 4 पर

हरिभूमि लगातार

### दफ्तरों का औचक निरीक्षण जारी रहेगा

देरी से दफ्तर पहुंचने और ड्यूटी खत्म होने पूर्व भागने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ अब कार्रवाई होगी। दफ्तरों में अधिकारियों-कर्मचारियों के काम पर ड्यूटी आने और जाने से लोगों के काम भी समय पर हो पाएंगे। ड्यूटी का समय निर्धारित है, सभी अधिकारी-कर्मचारी को इसका पालन करना है।

- महादेव कावरे, संभागायुक्त

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### दिव्य होगा भगवान श्रीकृष्ण का 5251वां जन्मोत्सव



**मथुरा।** यूपी के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि इस बार मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण का 5251वां जन्मोत्सव बहुत ही भव्य एवं दिव्य तथा यादगार होगा। ब्रज तीर्थ विकास परिषद को आयोजन के लिए किसी भी प्रकार से धन की कमी नहीं होने दी जाएगी।

### मालगाड़ी का इंजन एक डिब्बा पटरी से उतरा



**जयपुर।** राजस्थान के ब्यावर जिले में एक मालगाड़ी का इंजन और एक डिब्बा पटरी से उतर गया। बारिश के कारण पहाड़ी से पटरियों पर कुछ पत्थर गिरने से अजमेर से पालनपुर जा रही मालगाड़ी का इंजन और एक डिब्बा बेपटरी हो गया। पटरियां भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचे और पटरियों की मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है।

### आठ लाख के अवैध गैस सिलेंडर जब्त



**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में अधिकारियों ने एक गोदाम पर छापा मारकर 7.86 लाख रुपए की कीमत के 341 एलपीजी सिलेंडर जब्त किए हैं। इन्हें अवैध रूप से बिक्री के लिए जमा किया गया था। जांच में गोदाम मालिक और उसके दो कर्मचारियों द्वारा काला बाजार में बेचने के लिए गैर-सब्सिडी वाले गैस सिलेंडरों को रिफिल का संकेत मिला।

### बचाव कर्मियों के लिए ड्रोन से भोजन



**वायनाड।** केरल के वायनाड में भूस्खलन की त्रासदी में जीवित बचे लोगों और मृतकों के शवों की चुनौतीपूर्ण तलाश जारी रहने के बीच प्राधिकारी प्रभावित क्षेत्रों में भोजन पहुंचाने के लिए मानव रहित ड्रोन की मदद ले रहे हैं। सैकड़ों कर्मियों के लिए भी भोजन के पैकेट पहुंचाने के लिए प्राधिकारियों ने आधुनिक ड्रोन का इस्तेमाल किया है।

### हिमाचल में बादल फटा अब तक 14 की मौत



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के तीन जिलों में बादल फटने से अचानक आई बाढ़ के कारण जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई, जबकि करीब 40 लोग अब भी लापता हैं। हिमाचल प्रदेश में 31 जुलाई की रात को कुल्लू के निरमंड, सैंज व मलाना, मंडी के पधर और शिमला के रामपुर उपसंभाग में बादल फटने की घटनाओं के बाद 40 लापता हैं।

## कोचिंग सेंटर मामला : सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र, दिल्ली सरकार को जारी किए नोटिस

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा-कोचिंग सेंटर बन गए हैं डेथ चैंबर, छात्रों के जीवन से खिलवाड़

*सुप्रीम कोर्ट ने पिछले सप्ताह दिल्ली के एक कोचिंग सेंटर की इमारत के 'बेसमेंट' में पानी भर जाने के कारण सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन अभ्यर्थियों की मौत के मामले का सोमवार को स्वतः संज्ञान लिया। कोर्ट ने केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी करके जवाब तलब किया। शीर्ष अदालत ने साथ ही कहा कि कोचिंग सेंटर 'डेथ चैंबर (मौत का कुआं)' बन गए हैं और छात्रों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में हाल में घटी यह घटना सभी के लिए आंखें खोलने वाली है। सत्ताईस जुलाई को यहां ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में राऊ आईएएस स्टडी सर्किल के बेसमेंट पुस्तकालय में भारी बारिश के बाद पानी भर जाने से सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन अभ्यर्थियों की डूबने से मौत हो गई थी। इस मामले में राऊ आईएएस स्टडी सर्किल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अभिषेक गुप्ता और समन्वयक देशपाल सिंह समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पीठ ने कहा, हम जो पढ़ रहे हैं वह भयानक है। अगर जरूरत पड़ी तो हम इन कोचिंग सेंटरों को बंद भी कर देंगे। फिलहाल कोचिंग ऑनलाइन ही चलनी चाहिए, जब तक कि इमारत नियमों और अन्य सुरक्षा मानदंडों का सावधानीपूर्वक पालन न हो जाए। पीठ ने कहा, ये जगहें (कोचिंग सेंटर) 'डेथ चैंबर (मौत का कुआं)' बन गई हैं। कोचिंग सेंटर इन अभ्यर्थियों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं जो देश के विभिन्न हिस्सों से सपने लेकर आते हैं और कड़ी मेहनत करते हैं। उन्होंने कहा, हाल ही में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना, जिसमें तीन युवा अभ्यर्थियों की जान चली गई।

### कोर्ट ने पूछे ये सवाल



सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र सरकार और दिल्ली के चीफ सेक्रेटरी को नोटिस जारी कर पूछा कि कोचिंग सेंटरों में क्या सेफ्टी के नियम लागू किए गए हैं? सुप्रीम कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल को इस मामले में कोर्ट की सहायता करने को कहा है। कोर्ट ने कहा कि हमारा ये सोचना है कि अगर कोचिंग सेंटर सेफ्टी नॉर्म को पूरा नहीं करते तो इनको ऑनलाइन मोड में कर दिया जाना चाहिए। लेकिन फिलहाल हम ये नहीं कर रहे हैं।



### कोचिंग एसोसिएशन पर एक लाख जुर्माना

सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को अगंभीर बताते हुए कोचिंग एसोसिएशन पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाते हुए अपील खारिज कर दी। कहा कि जब तक अग्नि सुरक्षा मानदंडों और अन्य आवश्यकताओं का अनुपालन नहीं किया जाता है, तब तक किसी भी कोचिंग सेंटर को संचालित करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उच्च न्यायालय ने तीन छात्रों की मौत की जांच दिल्ली पुलिस से शुक्रवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंप दी थी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जनता को जांच पर कोई संदेह न हो। जान गंवाने वाले तीन छात्रों में उत्तर प्रदेश की श्रेया यादव (25), तेलंगाना की तान्या सोनी (25) और केरल के नेविन डेल्विन (24) शामिल हैं।

### छात्र कर रहे प्रदर्शन

घटना के बाद से विभिन्न कोचिंग संस्थानों में नामांकित छात्र कोचिंग सेंटरों में बेहतर सुरक्षा उपायों की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर जाने से तीन छात्रों की मौत के विरोध में प्रदर्शन कर रहे सिविल सेवा अभ्यर्थियों ने मामले का संज्ञान लेने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया। छात्रों ने उम्मीद जताई कि उनकी शिकायतों का शीघ्र समाधान हो जाएगा।

### मैनपुर विकासखंड के ग्राम उरमाल का मामला

# 100 महिलाओं से एक करोड़ से ज्यादा की ठगी



- कर्ज माफी, बीमा के नाम से पेपर्स लेकर निकाला लिया लोन
- 40 हजार से डेढ़ लाख तक निकाला गया लोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

गरियाबंद जिले के देवभोग के ग्राम उरमाल की 100 से ज्यादा महिलाओं के नाम से 1 करोड़ से ज्यादा लोन निकालकर ठगी कर ली गई है। 48 महिलाओं के नाम से 60 लाख से अधिक लोन निकाला गया है। दलाल के फरार होने पर महिलाओं को ठगे जाने का पता चला। महिलाओं ने देवभोग थाने पहुंचकर ▶▶शेष पेज 4 पर

### जांच हुई तो सामने आएंगे कई मामले

पंजीकृत महिला समूह को बहुत ही कम ब्याज दर पर अधिकृत बैंक आसानी से लोन उपलब्ध करा रहे। इन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ भी मिल रहा है। ऐसे में बड़ा सवाल उठता है की आखिरकार निजी बैंकों से कर्ज उठाने वाली ये 16 हजार महिलाएं कौन है। मामले की जांच हुई तो कई चौकाने वाले तथ्य भी सामने ▶▶शेष पेज 4 पर

### कार्रवाई की जाएगी

उरमाल की महिलाओं द्वारा शिकायत प्राप्त हुआ है। उच्च अधिकारी से मार्गदर्शन मांगा जा रहा है। प्राप्त निर्देश के आधार पर जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

-गौतम गावड़े, थाना प्रभारी देवभोग

### मामला डोमा ग्राम पंचायत का

# सरपंच और सचिव रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने डोमा ग्राम पंचायत के सरपंच तथा सचिव को एनओसी के बदले 18 हजार रिश्वत लेने के आरोप में सोमवार को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। सचिव ने पीड़ित से बैंक लोन लेने के लिए एनओसी देने के बदले पैसों की मांग की थी। एक अन्य मामले में खैरागढ़ स्थित ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के प्रभारी एसडीओ को एसीबी की टीम ने सरपंच से 30 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार ▶▶शेष पेज 4 पर



लोन लेने एनओसी के बदले सचिव ने मांगी थी रिश्वत

### इस काम के बदले मांगी थी रिश्वत

लुकेश ने एसीबी को लिखित जानकारी देते हुए बताया था कि उसने मकान बनाने के लिए लोन के लिए आवेदन किया था। बैंक ने लोन देने के लिए लुकेश से एनओसी तथा नक्शे की मांग की थी। नक्शा तथा एनओसी के लिए लुकेश ने सचिव के पास आवेदन लगाया तो उसने उससे पैसों की मांग की।

# कोरोना काल में खरीदी में हुआ भ्रष्टाचार, तत्कालीन एडिशनल डायरेक्टर निलंबित

- चिकित्सा शिक्षा विभाग से हुई थी 2.65 करोड़ की दवा, उपकरण की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कोरोना महामारी के दौरान आपदा को अवसर बनाकर दवा और उपकरण की खरीदी के नाम पर करोड़ों का गोलमाल किया गया था। शासन ने इस मामले में तत्कालीन एडिशनल डायरेक्टर डॉ. निर्मल वर्मा को निलंबित कर दिया है। डॉ. वर्मा को जांच समिति ने दो साल पहले अपनी ▶▶शेष पेज 4 पर

### कांकेर मेडिकल कालेज भेजे गए

चिकित्सा शिक्षा संचालनालय से हटने के बाद डॉ. निर्मल वर्मा केवल रायपुर मेडिकल कालेज में विभागाध्यक्ष कम्युनिटी मेडिसिन की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कांकेर निर्धारित किया गया है।

### जलाभिषेक के लिए जाते वक्त हादसा

# हाईटेंशन तार की चपेट में आया डीजे, नौ कांवड़ियों की मौत

एजेंसी ▶▶ हाजीपुर

बिहार के वैशाली जिले में कांवड़ियों का डीजे वाहन हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। इससे उसमें सवार कम से कम नौ कांवड़ियों की मौत हो गई और दो अन्य झुलस गए। वैशाली के जिलाधिकारी यशपाल मीणा ने सोमवार को बताया, यह घटना औद्योगिक थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव में रविवार रात करीब सवा ग्यारह बजे उस समय हुई, जब कांवड़िए जलाभिषेक के लिए सोनपुर में बाबा हरिहर नाथ मंदिर जा रहे थे।



### मृतक के परिजनों को चार-चार लाख की सहायता

जिलाधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान कर ली है, जो वैशाली और आसपास के इलाकों का रहने वाले थे। प्रत्येक मृतक के परिवार के सदस्यों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि के चेक सौंप दिए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। इससे पहले, हाजीपुर-सदर के उपमंडलीय अधिकारी रामबाबू बैठा ने कहा था कि इस घटना में तीन लोग घायल हुए हैं।

### सड़क हादसे में दो कांवड़ियों की गई जान

इधर, कटिहार में एक सड़क हादसे में दो कांवड़ियों की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से जख्मी है। घटना मनिहारी थाना क्षेत्र के कुमारपुर की है। यहां दो बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल चार कांवड़ियों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां दो कांवड़ियों को मृत घोषित कर दिया गया।

## वैश्विक बाजारों में गिरावट सेंसेक्स में 2222.55 निफ्टी में 662.10 अंकों की गिरावट

# अमेरिका की मंदी की आग में झुलसा भारतीय शेयर बाजार, डूब गए 15 लाख करोड़ रुपए





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई

अमेरिकी अर्थव्यवस्था में मंदी आने की आशंका ने ग्लोबल लेवल पर निवेशकों में खलबली मचा दी है। इस आग में भारतीय शेयर बाजार झुलस गए। सोमवार को भारतीय शेयर बाजार में चौतरफा बिकवाली देखने को मिली। स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को जोरदार गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 2,200 अंक से अधिक का गोता लगा गया। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के ▶▶शेष पेज 4 पर

### अमेरिका में मंदी की आहट

*शेयर बाजार में सुनामी आने के पीछे अमेरिका में मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई डाटा में बड़ी कमी आई है, जो संकेत दे रहा है अमेरिका में मंदी आ सकती है, साथ ही बेरोजगारों की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी भी हुई है, जिसका असर सीधे अमेरिकी बाजार पर पड़ा है। वहीं आईटी सेक्टर में छंटनी के ऐलान से भी संकट और गहरा गया है, जिससे ग्लोबल आईटी सेक्टर भी भारी दबाव में है।*



### दो-तीन दिन में सुधर सकते हैं हालात

*मार्केट एक्सपर्ट अरुण केजरीवाल का कहना है कि अगर चुनावी नतीजे वाले दिन को छोड़ दिया जाए तो यह मार्च 2020 की सबसे बड़ी गिरावट है। केजरीवाल के मुताबिक कोविड के बाद से हर किसी को लग रहा था कि सबसे ज्यादा पैसा बाजार में कमाई जा सकती है। इसलिए हर कोई इसमें निवेश करने लगा। अब बाजार ने बता दिया कि मार्केट सुप्रीम होता है। मार्केट से बड़ा कोई नहीं होता।*



## चिंतन

# मंदी की आशंका में शेयर बाजार क्रैश, सतर्क रहें

भारतीय शेयर बाजार में सुनामी आई है। बंबई स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक सेंसेक्स ने 2200 अंक से अधिक का गोता लगाया, तो नेशनल स्टॉक एकसचेंज का सूचकांक निफ्टी में 662 अंक की बड़ी गिरावट आई। कच्चे तेल में 1.93 फीसदी की गिरावट आई। प्रथमदृष्टया अमेरिकी मंदी की आशंका में दुनिया के अन्य शेयर बाजारों के साथ भारतीय स्टॉक मार्केट भी क्रैश कर गया है। इसके चलते निवेशकों को 15.32 लाख करोड़ रुपये की चपत लगी है। किसी एक कारोबारी दिन में यह बड़ी गिरावट भी है और चपत भी है। शेयर बाजार में बैंक, आईटी, धातु तथा तेल व गैस शेयरों में बिकवाली हुई। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 2,222.55 अंक यानी 2.74 प्रतिशत लुढ़क कर एक महीने से अधिक के निचले स्तर 78,759.40 अंक पर बंद हुआ। बाजार में चार जून के बाद एक दिन में यह बड़ी गिरावट है। उस दिन यह 2,686.09 अंक टूटकर 78,295.86 अंक पर बंद हुआ था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 662.10 अंक यानी 2.68 प्रतिशत का गोता लगाकर 24,055.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 824 अंक लुढ़क कर 23,893.70 अंक तक आ गया था। निफ्टी में भी चार जून के बाद यह एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट है। उस दिन आम चुनाव के नतीजों के बाद बाजार में पांच प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई थी। सेंसेक्स व निफ्टी में शुक्रवार को भी एक प्रतिशत की गिरावट आई थी। शुक्रवार को सेंसेक्स 885 अंक व निफ्टी 293 अंक गिरा था। भारतीय शेयर बजारों के धड़ाम होने की मुख्य वजहों में अमेरिका में मंदी की आशंका, डॉलर की मजबूती, कमजोर रुपये, जापान में येन संकट, इजराइल व ईरान में बढ़ रहा तनाव, वैश्विक स्टॉक मार्केट के कमजोर संकेत, घरेलू कंपनियों के जून तिमाही के कमजोर नतीजे, बाजार का अधिक मूल्यांकन आदि प्रमुख हैं। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण सोमवार को घटकर 441.84 लाख करोड़ रुपये पर आ गया। शुक्रवार को यह लगभग 457 लाख करोड़ रुपये था। निवेशकों को शुक्रवार को 4.46 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। इस प्रकार, दो कारोबारी दिनों में उन्हें 19 लाख करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हो चुका है। छोटी कंपनियों के शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाले बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 4.21 प्रतिशत तथा मझोली कंपनियों से संबद्ध मिडकैप 3.60 प्रतिशत नीचे आया। जापान में निक्की 12 प्रतिशत से अधिक टूट गया। दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग के हैंगसेंग में भी तेज गिरावट आई। यूरोपीय बाजारों में तेज गिरावट देखने को मिली। अमेरिकी बाजार में शुक्रवार को उल्लेखनीय गिरावट थी। दरअसल, अमेरिकी अर्थव्यवस्था मंदी की ओर बढ़ रही है। अमेरिका में कंपनियों में नियुक्तियां उम्मीद के मुकाबले पिछले महीने धीमी रही। वॉरेन बफे की कंपनी बर्कशायर हैथवे ने एपल में अपनी 50 फीसदी हिस्सेदारी बेच दी है। वे अब कैश बढ़ाने पर फोकस कर रहे हैं। अन्य बड़े निवेशक भी सेलिंग कर रहे हैं। ईरान और इजराइल के बीच युद्ध की आशंका के कारण ग्लोबल मार्केट में निगेटिव सेंटिमेंट है। बैंक ऑफ जापान ने अपनी ब्याज दर 0% और 0.1% से बढ़ाकर 0.25% कर दी है। ये 15 सालों में उच्चतम स्तर है। इससे भी ग्लोबल सेंटिमेंट कमजोर हुए हैं। हालांकि भारतीय अर्थव्यवस्था का परिदृश्य मजबूत है, स्टॉक मार्केट के इस झटके का अर्थव्यवस्था पर अधिक असर नहीं पड़ेगा।

# संकट की तरफ जाता बांग्लादेश



तख्तापलट
गीता शुक्ला

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपने पद से इस्तीफ़ा दे दिया है। उन्होने देश छोड़ दिया है। वह अपने परिवार के साथ किसी सुरक्षित स्थान पर चली गई हैं। खबरें आ रही हैं कि सेना की सलाह पर उन्होंने इस्तीफा दे दिया। उनके सरकारी आवास पर प्रदर्शनकारी छात्रों ने कब्जा कर लिया है। बंगलादेश में छात्र आंदोलन जिस तरह से फैल रहा था, उसके बाद उनके ऊपर हमले की भी आशंका जताई जा रही थी। हसीना के पद छोड़ने के बाद बांग्लादेश के सेना प्रमुख ने कहा है कि हम अंतरिम सरकार बनाएंगे, देश को अब हम संभालेंगे। आंदोलन में जिन लोगों की हत्या की गई है, उन्हें इंसाफ दिलाया जाएगा। बांग्लादेश अब सत्ता संकट की ओर जाता दिखाई दे रहा है।

बांग्लादेश में सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों की मांग पूरी हो गई है, क्योंकि प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपने पद से इस्तीफ़ा दे दिया है। वह अपने परिवार के साथ किसी सुरक्षित स्थान पर चली गई हैं। खबरें आ रही हैं कि सेना की सलाह पर उन्होंने इस्तीफा दे दिया। उनके सरकारी आवास पर छात्रों ने कब्जा कर लिया है। बंगलादेश में छात्र आंदोलन जिस तरह से फैल रहा था, उसके बाद उनके ऊपर हमले की भी आशंका जताई जा रही थी। सेना का एक धड़ा उनसे नाराजगी जाहिर कर रहा था। जमीयत ए इस्लामी के छात्र विंग लंबे समय से आरक्षण को लेकर हिंसक आंदोलन कर रहे हैं। जमीयत ए इस्लामी पूर्व पीएम बेगम खालिदा जिया की पार्टी बीएनपी की सहयोगी राजनीतिक पार्टी है। बीएनपी ने पिछले आम चुनाव का बहिष्कार किया था। चुनाव के बाद भी बांग्लादेश में हिंसक प्रदर्शन हुआ था। शेख हसीना की सरकार ने जमीयत ए इस्लामी पर प्रतिबंध लगा दिया था, तभी यह दल उग्र है और देश में हिंसक प्रदर्शन कर रहा है।

शेख हसीना को याद ही होगा कि उनके पिता और बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीब-उर-रहमान,मां और तीन भाइयों का 15 अगस्त,1975 को सेना के एक तख्तपलट अभियान के चलते कत्ल कर दिया गया था ढाका के धनमंडी स्थित आवास में। उस भयावह कत्लेआम के समय शेख हसीना अपने पति वाजिद मियां और दो बच्चों के साथ जर्मनी में थीं। इसलिए उन सबकी जान बच गई थीं। वाजिद मियां न्यूक्लियरसाइंटिस्ट थे। वे जर्मनी में ही कार्यरत थे। जाहिर है, अपने पद को छोड़ने का फैसला उन्होंने तब ही लिया होगा जब उनके पास कोई विकल्प नहीं बचा होगा। बेशक, बीते रविवार को बांग्लादेश में जिस तरह की हिंसा हुई उसके बाद उनके पास इस्तीफा देने के अतिरिक्त कोई रास्ता नहीं था। फिलहाल बांग्लादेश के हालत बेहद खराब हैं और देश पूरी तरह से अराजकता की स्थिति में जा चुका है। वहां आगे क्या स्थिति होगी, कोई नहीं कह सकता। वहां पहले ही हिंसा को रोकने के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवाएं पहले ही बंद कर दी गई हैं।

बांग्लादेश के हालिया इतिहास में बीता रविवार सच में खूनी रहा। किसी भी प्रदर्शन में एक ही दिन में मरने वालों की संख्या सबसे अधिक थी। सेना ने घोषणा कर दी थी की है कि राजधानी ढाका और अन्य संभागीय और जिला मुख्यालयों में अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लागू होगा। पिछले महीने शुरू हुए प्रदर्शनों के बाद से प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफ़े की मांग कर रहे थे। ये प्रदर्शन छात्रों द्वारा सरकारी नौकरियों में कोटा प्रणाली को समाप्त करने के आह्वान से शुरू हुए थे। हिंसा के बीच, शेख हसीना कह रही थीं कि जो प्रदर्शनकारी तोड़फोड़ में शामिल थे, वे अब छात्र नहीं बल्कि अपराधी हैं।

बहरहाल, शेख हसीना के इस्तीफ़े की मांग को व्यापक स्तर पर मिला समर्थन बहुत कुछ कहता है। पड़ोसी देश में पिछले महीने प्रदर्शन शुरू हुए थे जब छात्रों ने एक कोटा प्रणाली को समाप्त करने की मांग की थी, जिसके तहत सरकारी नौकरियों का एक बड़ा हिस्सा 1971 में पाकिस्तान के खिलाफ बांग्लादेश की स्वतंत्रता की लड़ाई में लड़ने वालों के रिश्तेदारों के लिए आरक्षित था। कई दिनों की



झड़पों के बाद, देश के सर्वोच्च न्यायालय ने कोटा को कम कर दिया था, लेकिन प्रदर्शनकारी सरकार द्वारा अत्यधिक बल प्रयोग के लिए जिम्मेदार होने का आरोप लगाते हुए हिंसा के लिए जवाबदेही की मांग करते रहे हैं। वे हसीना की इस्तीफा मांग रहे थे।

बांग्लादश में विकलांग, ट्रांसजेंडर और जन जातीय अल्पसंख्यकों के सदस्यों के लिए भी नौकरियां आरक्षित हैं, जिनका कोटा 26% से घटाकर 2% कर दिया गया था। बेशक, प्रदर्शन शेख हसीना के लिए एक बड़ी चुनौती बन गए थे, जो 15 साल से अधिक समय से देश पर शासन कर रही हैं। बीते जनवरी में हुए चुनाव में वह लगातार चौथे कार्यकाल के लिए सत्ता में लौटी थीं, जिसे उनके मुख्य विरोधियों ने बहिष्कार कर दिया था। तब किसी ने सोचा नहीं था कि फिर से सत्तासीन होने के इतनी जल्दी उनके खिलाफ देश में जन आक्रोश भड़क जाएगा। शेख हसीना के इस्तीफ़े की मांग करने वाले लाखों प्रदर्शनकारियों ने सरकार की तरफ से आने वाले समझौते के प्रस्ताव को मानने से इंकार कर दिया था। लगने लगा था वहां हालात जल्दी सुधरने वाले नहीं हैं।

एक बात साफ है कि बांग्लादेश में आंदोलन नौकरी कोटा को लेकर नहीं रह गया था। लगभग 17 करोड़ की आबादी वाले वाले इस दक्षिण एशियाई देश में प्रदर्शन एक व्यापक सरकार विरोधी आंदोलन में बदल गए थे। इसने बांग्लादेश समाज के सभी वर्गों के लोगों को आकर्षित किया, जिसमें फिल्म सितारे, संगीतकार और गायक भी शामिल हैं। अवाम के समर्थन का आह्वान करने वाले रैप गाने सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से फैले थे। शेख हसीना 2009 से बांग्लादेश पर शासन कर रही हैं। उनकी सरकार पर मानवाधिकार समूह सत्ता पर अपनी पकड़ मजबूत करने और विरोधियों को कुचलने के लिए राज्य संस्थानों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते रहे हैं, जिसमें विपक्षी कार्यकर्ताओं की न्यायिक हत्या भी शामिल हैं। सत्ता निरकुंश प्रतीत हो रही थी।

कहना ना होगा कि भारत सरकार की बांग्लादेश की स्थिति पर पैनी नजर होगी। भारत और बांग्लादेश के संबंध को मजबूत करने में शेख हसीना ने लगातार ठोस पहल की है। भारत सरकार ने पिछले साल जी-20 शिखर सम्मेलन में बांग्लादेश को मित्र देश के रूप में आमंत्रित किया था। हालांकि बांग्लादेश जी-20 का सदस्य देश तो नहीं है, पर भारत ने बांग्लादेश को मेजबान तथा जी-20 के अध्यक्ष के रूप में आमंत्रित करके साफ संकेत दे दिया था कि वह पड़ोसी मित्र देश को बहुत अहमियत देता है। शेख हसीना ने हमेशा इस तथ्य को माना कि भारत ने उनके देश की आजादी में महत्वपूर्ण रोल निभाया था। शेख हसीना के लिए भारत की राजधानी नई दिल्ली तो अपने दूसरे घर की तरह की है। उन्होंने यहां सन 1975 से 1981 के दौरान निवार्सित जीवन गुजारा था। तब उनके साथ उनके पति और उनके दोनों बच्चे भी थे। शेख हसीना के परिवार के कत्लेआम ने उन्हें बुरी तरह से झंझोड़ कर रख दिया था। वे टूट चुकी थी। तब भारत ने उन्हें राजनीतिक शऱण दी थी। बेशक, शेख हसीना के जीवन में दिल्ली का बहुत महत्व रहा है। यहां पर उनके पिता शेख मुजीब-उर-रहमान के नाम पर एक सड़क भी है। हालांकि अभी यह कहना कठिन है कि क्या वो फिर भारत में राजनीतिक शऱण ले सकती हैं? उनके और उनके परिवार के लिए उनका देश अब कतई सुरक्षित नहीं है। पर कौन जाने कि वह एक बार भारत में शरण लें। खबर है यह भी है कि वह ब्रिटेन में शरण ले सकती हैं। यह तय है कि बांग्लादेश सत्ता संकट की ओर जाता दिखाई दे रहा है। सेना एक बार फिर से बांग्लादेश की कमान संभालती दिख रही है। सेना ने अंतरिम सरकार के गठन का संकेत दिया है। वहो नई सरकार के सामने छात्र आंदोलन को शांत करने की चुनौती होगी, साथ कट्टरवाद से लड़ने की भी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं। ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## जाति गणना

प्रो. मनीषा शर्मा



# देश को जातिवाद की खाई में धकेल रही कांग्रेस

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर के लोकसभा में राहुल गांधी की जाति पूछे जाने के बाद से देश में जाति को लेकर माहौल गर्माया हुआ है। इससे पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने जाति आधारित जनगणना नहीं करने को लेकर लोकसभा में जो बयान दिया उसके बाद से इस विषय पर लगातार बहस जारी है। जातिगत जनगणना को कराए जाने को लेकर पक्ष और विपक्ष दोनों अपने-अपने तर्क दे रहा है। विपक्ष लगातार जातिगत जनगणना कराया जाने के समर्थन में अनेक तर्क प्रदान कर रहा है। देश में जातीयता और फूट डालो राज करो की नीति का जो जहरीला बीज अंग्रेज डाल गए थे, कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों के नेताओं ने उसे खाद पानी देकर निरन्तर सींचा और अपनी जरूरतों के अनुसार इसका इस्तेमाल किया। आज यह जहर हमारी संपूर्ण फिजाओं में घुल चुका है।

देश में जनगणना की शुरुआत 1881 में औपनिवेशिक शासन के दौरान हुई। जाति के आधार पर आबादी की गिनती को जातिगत जनगणना कहते हैं इसके अंतर्गत जातियों की उपजाति का भी पता चलता है। उनकी सामाजिक ,आर्थिक स्थिति का भी पता चलता है। देश में हर 10 साल में जनगणना होती है। साल 2011 में आखिरी जनगणना हुई थी और अब 2021 की जनगणना होनी बाकी है। पहले कोरोना महामारी के कारण इसे टाल दिया गया था लेकिन अब इस प्रक्रिया को सरकार शुरू करना चाहती है। ऐसे में नेताओं ने 2021 की जनगणना में जाति आधारित जनगणना कराने की मांग शुरू कर दी। देश में अनुसूचित जाति और जनजाति की जनगणना इसलिए कराई जाती है क्योंकि संविधान के अंतर्गत उन्हें आरक्षण दिया गया है। देश में आखिरी बार जाति आधारित जनगणना 1931 में हुई थी। जब पाकिस्तान और बांग्लादेश भी भारत का ही हिस्सा थे। आजादी के बाद सरकार ने जातिगत जनगणना को नहीं कराने का फैसला लिया। इससे पूर्व 1951 में भी तत्कालीन सरकार के पास जाति आधारित जनगणना कराने का प्रस्ताव आया था लेकिन तब तत्कालीन गृहमंत्री सरदार पटेल ने उस प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। उनका मानना था कि जातीय जनगणना कराई जाने से देश का सामाजिक ताना-बाना बिगड़ सकता है। स्वतंत्र भारत में 1951 से 2011 तक की हुई हर एक जनगणना में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के आकड़े प्रकाशित किए गए हैं, लेकिन किसी अन्य जातियों के नहीं। वैश्विक फलक पर भारत का लगातार बढ़ता हुआ कद कई बड़ी वैश्विक शक्तियों की आंख की किरकिरी बना हुआ है। ये वैश्विक शक्तियां नहीं चाहती कि भारत एक महाशक्ति के रूप में विश्व फलक पर उभरे। वह आज भी भारत को पिछड़ा और कमजोर राष्ट्र ही देखना चाहती हैं। वही हमारे देश का विपक्ष ऐसे मुद्दों पर ऐसी शक्तियों के साथ लग कर देश में एक तरह से गृह युद्ध जैसा हाल पैदा कर रहा है। जातीय जनगणना की यह मांग जातिविहीन समाज की परिकल्पना के खिलाफ है। यह देश में सामाजिक भेदभाव को बढ़ाएगी और सामाजिक सद्भाव को कम करेगी। इस जातिगत जनगणना का एक विपरीत असर यह भी होगा कि जो जातियां जातीय जनगणना में ज्यादा है वे ताकतवर होगी। वे अपनी ताकत के बल पर अपने लिए हिस्सेदारी मांगेगी ।इससे भी जातिवाद बढ़ेगा समाप्त नहीं होगा। यह समानता के सिद्धांत के खिलाफ ही होगा। जाति आधारित जनगणना के पक्ष में विपक्ष का तर्क है कि यदि सभी जातियों की सही जानकारी पता चले तो उनकी स्थिति के अनुसार भावी योजनाएं बनाने में और लागू करने में सहजता होगी। इससे पिछड़ी जातियों को सहायता प्रदान की जा सकेगी।

यह वही विपक्ष है और ये वही राहुल गांधी हैं जिनके परिवार ने सत्ता में रहते हुए नारा दिया था कि न जात पर न पात पर, मुहर लगेगी हाथ पर। यदि जातीय जनगणना देश की समृद्धि का, उन्नति का आधार है तो कांग्रेस ने अपने शासनकाल के दौरान इसे क्यों लागू नहीं किया? कांग्रेस के शासनकाल में इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, मनमोहन सिंह ने जातिगत जनगणना क्यों नहीं कराई ? जो राहुल गांधी विपक्ष में बैठ इसकी पैरवी कर रहे हैं तो वे संसद में अनुराग ठाकुर द्वारा जाति का प्रश्न पूछने पर हंगामा क्यों करने लगे? कांग्रेस और राहुल दोनों का यह दोहरा रवैया हमेशा से रहा है। राहुल गांधी यह बता दें कि संसद में जाति पूछना गलत और बाहर पूछना सही कैसे ठहराया जा सकता है? यह विडंबना ही है कि इस जातिवाद को देश में बढ़ावा देने में सबसे ज्यादा योगदान समाजवादी धारा के राजनेताओं का ही है। डॉ. राम मनोहर लोहिया मानते थे कि समाज में जैसे ही समता आएगी जातिवाद खत्म हो जाएगा, पर उनके अनुयायियों ने जातियों की ही राजनीति की।

(लेखक शिक्षाविद् हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# शरणागति के संत 'गोस्वामी तुलसीदास'



संकलित
**दर्शन**

भगवान शंकर जी ने भी विष पिया और गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी। दोनों ने समाज को रामकथामृत देकर धन्य कर दिया। संसार में और समुद्र में अमृत-मंथन करने पर विष अवश्य निकलेगा, पर उसमें राम को जोड़ दिया तो वह विष भी अमृत हो जाएगा। यही तुलसीदास जी ने किया : गरल सुधा रिपु करहिं मिताई, गोपद सिंधु अनल सित लाई। गरुड़ सुमेरु रेनु सम ताही, राम कृपा करि चितवा जाही।। राम नाम के प्रति गोस्वामी जी की आस्था तो सावन मास के अंधे की तरह थी, जिन्हें राम प्रेम में सब हरा ही हरा दिखाई देता था। राम की कृपा के प्रति गोस्वामी तुलसीदास जी की यह जो दीनता और शरणागति है, यही उनका चरम पुरुषार्थ है। कृपा के मूल में पुरुषार्थ नहीं होता है, अपितु पुरुषार्थ के मूल में कृपा होती है। रामचरितमानस कृपासाध्य ग्रंथ है, साधन साध्य नहीं। कर्म, उपासना, साधन, अनुष्ठानादि सब ठीक हैं, पर यह सब पाने के साधन हैं, किंतु जिसके जीवन में प्राप्तव्य ही कृपा से प्राप्त हुआ हो, वह क्या करे? रामचरितमानस में पुरुषार्थ के चरम आदर्श श्री लक्ष्मण जी और कृपा के चरम आदर्श श्री भरत जी दोनों के आदर्श और सर्वस्व श्रीराम हैं। इसका तात्पर्य यह है कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने वाल्मीकि जी, व्यास जी और जितने भी श्रेष्ठतम पुराणकार हुए सबकी वंदना की है, पर उन्होंने अपने ग्रंथ में न तो इतिहास को उठाया, न किसी ग्रंथ से कुछ लिया। इसीलिए श्रीरामचरितमानस भक्तों के हृदय सिंहासन पर विराजमान हो सका।


# मन का भोजन हमारे विचार हैं



संकलित
**प्रेरणा**

एक दिन गौतम बुद्ध अपने शिष्यों और अन्य लोगों को उपदेश दे रहे थे। सत्संग में काफी लोग बैठे हुए थे। भीड़ में से एक व्यक्ति उठा और उसने बुद्ध से पूछा कि तथागत मैं जब ध्यान करने बैठता हूं तो मेरा मन ध्यान में नहीं लग पाता है। कृपया बताइए, मैं ध्यान कैसे कर सकता हूं? बुद्ध के साथ ही सत्संग में बैठे हुए लोगों ने भी ये प्रश्न सुना, लेकिन बुद्ध ने उस व्यक्ति से कहा कि कृपया फिर से अपनी बात कहें। उस व्यक्ति ने फिर से कहा कि मेरा मन ध्यान में नहीं लगता है, मैं ध्यान कैसे कर सकता हूं? बुद्ध ने कहा कि एक बार और अपनी बात कहें। उस व्यक्ति ने एक बार और अपनी बात कह दी। बुद्ध ने कहा कि हमारे विचार मन के लिए भोजन हैं। जब तक मन को विचारों का भोजन मिलता रहेगा, हम ध्यान नहीं कर सकते हैं। जब हम ध्यान करने बैठे, तब मन को विचारों का भोजन नहीं देना चाहिए, यानी सोच-विचार करना बंद कर देना चाहिए। जब मन विचारों से खाली हो जाएगा, तब ही हम ध्यान कर पाएंगे। बुद्ध ने उस व्यक्ति से ध्यान के बारे में प्रश्न तीन बार पूछा था और बुद्ध ने भी तीन बार इस प्रश्न का उत्तर दिया। बुद्ध ने तीन बार उत्तर दिया तो लोगों ने पूछा कि आपने इस व्यक्ति से तीन बार प्रश्न पूछा और उत्तर भी तीन बार ही दिया, ऐसा क्यों? बुद्ध ने लोगों को समझाया कि मैं इन सज्जन से तीन बार प्रश्न पूछा, क्योंकि मैं प्रश्न के लिए इनकी गंभीरता को परखना चाहता था। जब मुझे लगा कि ये अपने प्रश्न के लिए गंभीर हैं, तब मैंने उत्तर भी तीन बार दिया, ताकि मेरी बात इन्हें अच्छी तरह समझ आ जाए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### रील्स न बने परेशानी का कारण

दुनिया में डिजिटल दौर चल रहा है। अब लोग सोशल मीडिया का प्रयोग भी खूब कर रहे हैं। सोशल मीडिया मनोरंजन के साथ-साथ जानकारियों का भी बहुत बढ़िया जरिया है, लेकिन कुछ लोग इसे अपनी मशहूरी पाने के लिए भी प्रयोग करते हैं और इस पर अपनी तरह-तरह और विचित्र तरह की सेल्फी और पोस्ट डालते हैं। आजकल रील्स का ट्रेंड चल रहा है और इसमें लगभग हर उम्र के लोग शामिल हैं। लोग अपने दोस्तों और दूसरे लोगों को दिखाने के लिए रील्स बनाकर सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर शेयर कर रहे हैं। कुछ तो जान को जोखिम में डाल कर और कुछ अपनी इज्जत को भी दांव पर लगाकर रील्स बना रहे हैं। महिलाएं और लड़कियां भी इस मामले में पीछे नहीं हैं। रील्स जान पर भारी न पड़े, इसके लिए सरकार, प्रशासन और समाज को एकजुट होकर प्रयास करने चाहिए। *– मदन सेरावत, धमतरी*

## ट्रेंड

### देशवासियों को बधाई



विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में ऊर्जा के क्षेत्र में हमारी आत्मनिर्भरता बहुत महत्वपूर्ण है। गैस उत्पादन का यह रिकॉर्ड इस दिशा में हमारी प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। देशवासियों को इस उपलब्धि के लिए बहुत-बहुत बधाई!
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### खेत में रील



कांग्रेस के एक नेता ने रियल दिखने के लिए खेत में रील बनाई। वहां किसानों से ज्यादा कैमरे थे। ऐसे लोग किस मुंह से खेती-किसानी की बात करते हैं। उन्हें तो खेती किसानी के बारे में कुछ पता ही नहीं, ये किसान की परेशानी को जानते और समझते ही नहीं।
-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री

### लोकतंत्र के लिए खतरा



अभी सुप्रीम कोर्ट का लिखित आदेश नहीं आया है, हम सुप्रीम कोर्ट के आदेश से सम्मानपूर्वक असहमत हैं। क्योंकि अगर एक चुनी हुई सरकार को दरकिनार कर दिया जाता है और एक नामित व्यक्ति निर्णय लेता है तो यह लोकतंत्र के लिए एक बड़ा खतरा है।
-आतिशी, आप नेता

### दूसरे से अलग



इस विशेष मास्टरक्लास में हमारे डिप्लोमा छात्रों के साथ शिल्प और उद्योग के बारे में अमूल्य अंतर्दृष्टि साझा की। उन्हें बताया कि अभिनय की दुनिया में अलग दिखने के लिए क्या करना पड़ता है।
-अनुपम खेर, अभिनेता

## करंट अफेयर

# ईरान के साथ कई मोर्चों पर युद्ध लड़ रहे : नेतन्याहू



इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि उनका देश ईरान और उसके समर्थन वाले उग्रवादी समूहों के साथ कई मोर्चों पर युद्ध लड़ रहा है। गाजा पट्टी में लगभग 10 महीने से जारी युद्ध और पिछले हफ्ते लेबनान में शीर्ष हिजबुल्लाह कमांडर फौद शुकूर तथा ईरान में हमास के राजनीतिक प्रमुख इस्माइल हनिया के मारे जाने के बाद क्षेत्र में व्याप्त तनाव के पूर्ण लड़ाई में तब्दील होने की आशंका बढ़ गई है।
ईरान और उसके समर्थन वाले चरमपंथी समूहों ने हनिया व शुकूर की मौत के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराते हुए बदला लेने की धमकी दी है। वहीं, अमेरिका और उसके सहयोगियों ने इजराइल को ईरान और उसके समर्थन वाले चरमपंथी समूहों के संभावित हमलों से बचाने तथा क्षेत्र में हिंसक संघर्ष के खतरे को कम करने के लिए पश्चिम एशिया में सैन्य उपस्थिति बढ़ाने का फैसला लिया है। नेतन्याहू ने रविवार को कैबिनेट बैठक में कहा कि इजराइल किसी भी परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार है। जॉर्डन के विदेश मंत्री आयमान सफादी पश्चिम एशिया में युद्ध के खतरे को कम करने के कूटनीतिक प्रयासों के तहत ईरान की यात्रा पर हैं। वह पिछले 20 से अधिक वर्षों में ईरान की आधिकारिक यात्रा करने वाले जॉर्डन के पहले वरिष्ठ अधिकारी हैं।

## ऑफ बीट

# साइकोमैटिक्स : एआई को समझने में करेगा मदद




कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई) ने उल्लेखनीय प्रगति की है। 'लार्ज लेंग्वेज मॉडल' (एलएलएम) के साथ चैटजीपीटी जैसे एआई उपकरण इंसानों की बराबरी या उनसे भी बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम हैं। हालांकि, जैसे-जैसे एआई और जटिल होता जा रहा है, कुछ बुनियादी समस्या भी उभर रही है जैसे कि हमें इसके काम करने के तरीके के बारे में पता नहीं है। जानकारी का यही अभाव शोधकर्ताओं, डेवलपर्स और बड़े पैमाने पर समाज के लिए एक बड़ी चुनौती बन रहा है। जैसा कि मैथ्यू हटसन ने हाल ही में 'नेचर' लेख में उल्लेख किया है कि एआई की अस्पष्टता उनकी विश्वसनीयता और उनके व्यापक उपयोग के नैतिक निहितार्थों के बारे में चिंताएं पैदा करती है। डगलस हेवेन ने 'एमआईटी टेक्नोलॉजी' की पड़ताल में इसी तरह के विचार को दोहराया कि 'एलएलएम चौंका देने वाले काम करते हैं लेकिन जानकारी के अभाव में कोई नहीं जानता कि ऐसा क्यों होता है।' एआई की कार्यप्रणाली को समझने की तेजी से बढ़ती जरूरत के लिए शोधकर्ताओं ने 'साइकोमैटिक्स' नामक एक बहुविषयक ढांचा लाने का सुझाव दिया है। विभिन्न यूरोपीय और अमेरिकी शोधकर्ताओं द्वारा हाल ही में एक प्रस्ताव पेश किया गया जो कि ह्यूमेन टेक्नोलॉजी लैब द्वारा समन्वित है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से 9 मवेशियों की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

सोमवार की सुबह तेज रफ्तार से आ रही वाहन ने सड़क पर चल रहे मवेशियों को अपने चपेट में ले लिया। घटना में 9 मवेशी मृत हालत में सड़क पर पड़ी मिली। वहीं 2 मवेशी जीवित है। हादसा शिवनाथ नदी के पुल के ऊपर हुआ। सुबह-सुबह सड़क खाली होने के कारण मवेशी चरने निकले थे लेकिन तेज रफ्तार वाहन ने सड़क पर बैठे मवेशियों को जोरदार ठोकर मार दी। घटना की जानकारी लगने पर मौके पर पुलगांव पुलिस पहुंची और मवेशियों को सड़क से हटाया गया। जीवित मवेशियों को गौशाला भेजा गया है। घटना की शिकायत ग्राम अंजोरा ख निवासी श्रीकांत बैरागी ने की है। सुबह अपने काम से श्रीकांत सुबह 6.30 बजे अंजोरा से दुर्ग व्यापारिक काम से निकले थे। तभी शिवनाथ नदी पुल के उपर सड़क पर मवेशी घायल अवस्था में पड़े मिले। कुछ मवेशी जीवित थे। तुरंत सूचना पुलिस को दिया गया।



### सुरक्षा का नहीं है इंतजाम

जिस जगह पर हादसा हुआ है। वहां सुरक्षा का कोई भी पुख्ता इंतजाम नहीं है। तेज रफ्तार वाहनों को रोकने के लिए कोई व्यवस्था नहीं किया गया है।इसके कारण पुल के ऊपर हर वाहन रफ्तार से गुजरती है। इस पुल पर कई बड़े हादसे भी हो चुके है। बावजूद ट्रैफिक पुलिस अब तक कोई व्यवस्था नहीं कर पाई है। आसपास में लगे सीसी कैमरों को भी पुलिस खंगाल रही है। जिससे मवेशियों को कुचलने वाले चालक के बारे में जानकारी जुटा रही है।

### मवेशियों के ऊपर कई वाहन चले

बताया जा रहा है कि शिवनाथ नदी के पुल के ऊपर से मवेशियों को अज्ञात वाहन चालक कूचलकर फरार हो गया। लेकिन मृत मवेशियों पर दुर्ग रायपुर और राजनांदगव से आने वाले वाहन भी कूचलकर आगे बढ़ गए लेकिन किसी ने भी मवेशियों की जानकारी किसी को नहीं दी। बल्कि पुल पर मवेशियों पड़े थे लेकिन कई वाहन चालक अपनी रफ्तार तेज कर दी थी। इस तरह का घटने को रोकने के लिए मवेशियों के लिए कई जगह गौशाला भी बनाया गया है। मगर इसका पालन सही से नहीं हो रहा है।

## राइफल साफ करते वक्त सीआरपीएफ जवान को हाथ में लगी गोली

**नगरी।** जिले के नगरी क्षेत्र स्थित बिरनासिल्ली सीआरपीएफ कैंप में बंदूक साफ करते वक्त एक जवान को गोली लग गई है। घायल जवान को तत्काल इलाज के लिए रायपुर ले जाया गया है। इस घटना से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार सीआरपीएफ के हेड कांस्टेबल श्यामवीर बिरनासिल्ली कैम्प में पदस्थ हैं। वह सोमवार 5 अगस्त को अपनी राइफल की सफाई कर रहा था। इसी दौरान अचानक गोली चल गई। घटना के बाद कैंप में अफरा-तफरी मच गई। इस मामले में धमतरी एसपी आंजनेय वार्ष्णेय ने बताया कि रूटीन में राइफल की सफाई की जा रही थी जिससे अचानक गोली चलने से जवान के हाथ में गोली लग गई । उसे उपचार के लिए रायपुर भेजा गया है। उनकी स्थिति ठीक है।

# सेंट्रल लाइब्रेरी में छात्रों ने जड़ा ताला गेट बंद कर सड़क पर की पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बिलासपुर

फीस बढ़ोतरी और पढ़ाई का समय कम किए जाने के विरोध में छात्रों ने सरकंडा के सेंट्रल लाइब्रेरी में सोमवार को ताला जड़ दिया। विद्यार्थियों ने हंगामा और विरोध करते हुए कलेक्टर और निगम आफिस में ज्ञापन सौंपा। सिटी मजिस्ट्रेट के आश्वासन के बाद छात्र लौटे जरूर लेकिन शाम को फिर से बंद गेट के सामने मुख्य सड़क पर जमीन पर बैठकर पढ़ाई करने लगे। देर रात तक स्टूडेंट धरने पर बैठे रहे, इसमें बड़ी संख्या में छात्राएं भी शामिल थीं। स्टूडेंट फीस करने की मांग करते रहे लेकिन कोई हल नहीं निकल सका। छात्रों के मुताबिक प्रशासन पढ़ाई का बेहतर माहौल बनाने की जगह परेशान कर रहा है इसलिए आंदोलन मंगलवार को भी जारी रहेगा। हालांकि शाम को निगम ने बढ़ी हुई फीस वापस लेने का



फैसला लिया और तय किया गया कि हर महीने की फीस 1100 की जगह 700 रहेगी लेकिन छात्र इससे सहमत नहीं हैं और इसे 500 किए जाने की मांग हो रही है। छात्रों ने विधायक अमर अग्रवाल से भी मुलाकात की लेकिन वहां से भी मायूस लौटना पड़ा।

फीस बढ़ोतरी और पढ़ाई का समय कम करने के विरोध में सोमवार को छात्र-छात्राओं ने सेंट्रल लाइब्रेरी के मेन गेट पर ताला लगा दिया और फिर कलेक्टर कार्यालय का पहुंच गए।

### फीस के साथ जीएसटी भी जोड़ रहे

धरने पर बैठे छात्रों ने कहा कि निगम की ओर से सेंट्रल लाइब्रेरी की फीस पहले 300 रखी गई थी जिसे बढ़ाकर 500 रुपए किया गया। छात्र यह फीस भी मुश्किल से दे रहे थे कि अब इसे बढ़ाकर 1100 कर दिया गया है। छात्रों ने विरोध किया तो इसे घटाकर 700 रुपए किया जा रहा है। उसमें भी अलग से 18 प्रतिशत जीएसटी जोड़ा जा रहा है तो यह फीस 825 रुपए तक हो जाएगी।

# झाड़ियों में रस्सी के बीच फंसा मिला तेंदुआ

**नगरी ।** जिले के नगरी विकासखंड के ग्राम मेचका (सोंढूर) पहाड़ी के किनारे झीतराय तालाब के पास एक तेंदुआ पानी पीने आया था। इस दौरान वह लोगों द्वारा रखी गई रस्सी में फंस गया। कड़ी मशक्कत के बाद फंदा टूट गया जिसे वह बाहर निकाल गया। जंगल की तरफ भागते हुए तेंदुए ने एक मीडियाकर्मी पर अटैक कर दिया, जिससे वह घायल हो गया है। यह मामला उदंती सीतानदी अभ्यारण्य के ग्राम मेचका का है। जानकारी के अनुसार सोंढूर बांध के किनारे मेचका गांव है। सुबह-सुबह ग्रामीण अपने घर से बाहर निकले तो उन्हें झाड़ियों से कुछ आवाज सुनाई दे रही थी। जब उन्होंने झाड़ियों की तरफ देखा तो झाड़ियां काफी हिल रही थीं। इसके बाद ग्रामीण जान जोखिम में डालकर जैसे-तैसे झाड़ियों के पास पहुंचे तो देखा एक तेंदुआ फंसा हुआ है। जब ग्रामीणों ने तेंदुए को बाहर निकालने की कोशिश की तो वह उन्हें ही दौड़ाने लगा। तब ग्रामीण अपनी जान बचा कर भागे और अमले को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने ड्रोन से देखा कि एक तेंदुआ रस्सी में फंसा हुआ है। कुछ ही देर बाद वह खुद ही छूट गया और जंगल की तरफ भागने लगा।




## राजनांदगांव जिले के छह गांव में फैला डायरिया 40 से अधिक बीमार

**राजनांदगांव।** जिले में आज डायरिया संदिग्ध एक महिला की मौत का मामला सामने आया है। 3 दिन के भीतर यह दूसरी मौत का मामला है। जिसके बाद स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। जिले में एक के बाद एक लगभग आधा दर्जन गांव डायरिया की चपेट में है, जहां दर्जनों लोग डायरिया से पीड़ित हैं। जिले के कांकेतरा, रामपुर, सोनेसरार, मोहंदी, खपरीखुर्द में डायरिया पसरा हुआ है, जहां स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैंप लगाकर प्रभावितों का उपचार किया जा रहा है। डायरिया प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य कैंप लगाए जाने के साथ ही डोर-टू-डोर सर्वे कर प्रभावित मरीजों की तलाश की जा रही है। वहीं ग्रामीणों को पानी उबालकर पीने की सलाह दी गई है। साथ ही बासी और ठंडा भोजन नहीं करने को लेकर हिदायत दी जा रही है।

## डॉक्टर से पॉलिसी के नाम पर 14 लाख की ठगी

**भिलाई।** पलिसी के नाम पर डॉक्टर से ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर 10 निवासी शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ विकास वर्मा का पॉवर हाउस नंदिनी रोड में क्लीनिक है। मैक्स लाइफ इंस्योरेंस के एजेंट रवि झा ने पालिसी के नाम पर कुल 14 लाख 60 हजार 647.50 रुपए की ठगी की है। शिकायत में बताया गया है कि 2023 में रवि झा से बात हुई थी। उसने स्वयं को पुणे महाराष्ट्र का निवासी और मैक्स लाइफ इंश्योरेंस का एजेंट होना बताया था।



## जैकेट के शेष

### बांग्लादेश में तख्ता...

प्रदर्शन बाद में सरकार विरोधी प्रदर्शनों में बदल गए। सड़कों पर उतरे उग्र प्रदर्शनकारियों ने हसीना के पिता और बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान की प्रतिमा को हथौड़ों से तोड़ दिया और उनकी पार्टी के कार्यालयों में आग लगा दी। सेना प्रमुख जनरल वकार उज जमां ने हसीना (76) के इस्तीफे की घोषणा की। उन्होंने टेलीविजन पर एक संबोधन में कहा कि अंतरिम सरकार सत्ता संभालेगी। जमां ने हसीना के 15 वर्ष के सत्ता के अंत का संकेत देते हुए कहा, "(देश की) सारी जिम्मेदारी ले रहा हूं। कृपया सहयोग करें। सेना प्रमुख ने कहा कि उन्होंने राजनेताओं से मुलाकात कर उन्हें बताया कि सेना कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालेगी। बैठक में हालांकि हसीना की अवामी लीग पार्टी का कोई नेता मौजूद नहीं था। देश भर में विरोध-प्रदर्शनों के बढ़ने के बीच सेना प्रमुख ने कहा कि उन्होंने सेना और पुलिस दोनों से ही गोली नहीं चलाने को कहा है। जमां ने संयम बरतने और प्रदर्शनकारियों से हिंसा बंद करने का आग्रह किया। उन्होंने सभी को 'न्याय' दिलाने का संकल्प व्यक्त किया। बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद सोमवार को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने वाली शेख हसीना का विमान लंदन जाने के दौरान नयी दिल्ली के निकट गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरबेस पर उतरा। राजनयिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। हसीना बांग्लादेश वायुसेना के एक सी-130 जे सैन्य परिवहन विमान से भारत पहुंचीं। एक अधिकारी ने बताया कि हसीना को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया है और सोमवार रात को उनके भारत से रवाना होने की संभावना नहीं है।

सूत्रों ने बताया कि हसीना की योजना लंदन जाने की थी। हालांकि, कुछ समस्याएं सामने आई हैं, जिसकी वजह से उनकी योजना में कुछ बदलाव हुआ है। हसीना के अपनी बेटी साइमा वाजिद से मिलने की संभावना है, जो दिल्ली में रहती हैं। साइमा वाजिद विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए क्षेत्रीय निदेशक हैं। बांग्लादेश की राजधानी ढाका में उपद्रवी भीड़ ने शहर के धानमंडी इलाके में स्थित इंदिरा गांधी सांस्कृतिक केंद्र में तोड़फोड़ की और देशभर में चार हिंदू मंदिरों को "मामूली" क्षति पहुंचाई। प्रत्यक्षदर्शियों और समुदाय के नेताओं ने यह जानकारी दी। प्रदर्शनकारियों ने ढाका में कई प्रमुख स्थानों पर आगजनी की, जिसमें धानमंडी 32 स्थित बंगबंधु भवन भी शामिल है, जिसे बंगबंधु स्मारक संग्रहालय के रूप में भी जाना जाता है।

### सेंट्रल लाइब्रेरी में...

में ज्ञापन सौंपा। सिटी मजिस्ट्रेट के आश्वासन के बाद छात्र लौटे जरूर लेकिन शाम को फिर से बंद गेट के सामने मुख्य सड़क पर जमीन पर बैठकर पढ़ाई करने लगे। देर रात तक स्टूडेंट धरने पर बैठे रहे, इसमें बड़ी संख्या में छात्राएं भी शामिल थीं। स्टूडेंट फीस करने की मांग करते रहे लेकिन कोई हल नहीं निकल सका। छात्रों के मुताबिक प्रशासन पढ़ाई का बेहतर माहौल बनाने की जगह परेशान कर रहा है इसलिए आंदोलन मंगलवार को भी जारी रहेगा। हालांकि शाम को निगम ने बढ़ी हुई फीस वापस लेने का फैसला लिया और तय किया गया कि हर महीने की फीस 1100 की जगह 700 रहेगी लेकिन छात्र इससे सहमत नहीं हैं और इसे 500 किए जाने की मांग हो रही है। छात्रों ने विधायक अमर अग्रवाल से भी मुलाकात की लेकिन वहां से भी मायूस लौटना पड़ा। फीस बढ़ोतरी और पढ़ाई का समय कम करने के विरोध में सोमवार को छात्र-छात्राओं ने सेंट्रल लाइब्रेरी के मेन गेट पर ताला लगा दिया और फिर कलेक्टर कार्यालय का पहुंच गए। छात्रों का कहना है कि जब से फीस की बढ़ोतरी हुई है तब से इसका विरोध कर रहे हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। नगर निगम को भी ज्ञापन सौंपा कर मांग कर रहे हैं लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा है, मजबूरन हमें गेट में ताला लगाकर विरोध प्रदर्शन करना पड़ा।

### डिप्टी सीएम साव के...

कि बीते रविवार को बेमेतरा जिले के ग्राम सिंघौरी निवासी तुषार साहू, पिता सुरेश साहू, आयु 20 वर्ष अपने कुछ दोस्तों के साथ कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखण्ड स्थित पर्यटन स्थल रानीदहरा जल प्रपात में घूमने आया था। बताया जाता है कि तुषार शाम करीब 4.00 बजे जल प्रपात के गहरे पानी में चला गया और अचानक लापता हो गया। जिसे सोमवार को सुबह पुलिस प्रशासन के गोताखोरों ने भारी मशक्कत के बाद जलप्रपात से ही खोज निकाला है।

### अनूठा स्वागत, कांवड़ियों पर...

स्वागत किया और उनका हौसला बढ़ाया। मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने भी कांवड़ियों का अभिनंदन किया। यह छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार हुआ है, जब प्रदेश के मुख्यमंत्री ने स्वयं हेलीकॉप्टर से शिवभक्त कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अद्वितीय मौके पर भोरमदेव बाबा भगवान शिव जी की विधिवत पूजा-अर्चना और रुद्राभिषेक भी किया, जिसमें उन्होंने प्रदेश की समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री श्री साय और उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं से मुलाकात की और भंडारा स्थल पर पहुंचकर अपने हाथों से श्रद्धालुओं को खीर, पूड़ी, चावल और प्रसाद वितरित किया। इस दौरान पंडरिया विधायक भावना बोहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष सुशीला राम कुमार भट्ट, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी चंद्रवंशी, पूर्व विधायक अशोक साहू, और नगर पंचायत अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने भी बाबा भोरमदेव भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

**कावड़ यात्रा की ऐतिहासिक परंपरा :** बाबा भोरमदेव मंदिर 11वीं शताब्दी का एक प्राचीन, ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व का स्थल है, जहां हर साल सावन मास में कांवड़ियों की पदयात्रा का आयोजन होता है। इस कावड़ यात्रा में मध्यप्रदेश के अमरकंटक से मां नर्मदा का पवित्र जल लेकर भक्तजन कठिन मार्गों से गुजरते हुए बाबा भोरमदेव, जलेश्वर महादेव और पंचमुखी बूढ़ा महादेव में जलाभिषेक करते हैं। इस दौरान वे "बोल बम" के जयघोष के साथ भगवान शिव की महिमा का गुणगान करते हैं।

### जान, चाहे मानव की...

ने कहा पोल को सरसरी तौर पर लगाया गया और ऐसे पोल एक झटके में निकल जाएंगे। याचिकाकर्ता की तरफ से कोर्ट को बताया कि 26 जून 2024 को ऊर्जा विभाग, विद्युत वितरण कंपनी और वन विभाग के अधिकारियों के उच्च स्तरीय बैठक में निर्णय लिया गया कि 11 केवी लाइन, 33 केवी लाइन और एलटी लाइन के झुके हुए तारों को कसने का काम, तार की ऊंचाई बढ़ाने का काम तथा वन क्षेत्र, हाथी रहवास, हाथी विचरण क्षेत्र में भूमिगत बिजली की लाइन बिछाने अथवा इंसुलेट केबल लगाने का कार्य तथा स्पाई युक्त खम्बों का प्रयोग करने का कार्य ऊर्जा विभाग और छत्तीसगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी करेगी।

### गाइडलाइंस का पालन...

20 फीट ऊंचाई पर करना है और 11 केवी और एलटी लाइन के कंडक्टर को बदलकर कवर्ड कंडक्टर लगाना है। भारत सरकार के फारेस्ट कंजर्वेशन डिवीजन की अनुशंसा के अनुसार तो बिजली लाइन की ऊंचाई हाथियों की अधिकतम ऊंचाई जो भी ज्यादा के हो उसके अनुसार होगी, गौरतलब है कि पिछले पांव पर खड़े होने पर और सूंड ऊपर करने पर हाथी 20 फीट तक पहुंच सकता है। कोर्ट ने कहा जान, चाहे मानव की हो या जानवर की, जान कीमत होती है। कोर्ट ने आदेशित किया कि केंद्र द्वारा जारी गाइडलाइन्स का पालन शब्दः तथा तथा मूल भावना के अनुरूप किया जाए। प्रकरण की अगली सुनवाई 3 अक्टूबर को निर्धारित की गई है।

### सड़कों पर मवेशी...

ज्यादा खतरनाक है। प्रदेशभर के सड़कों में आवारा कुत्तों और मवेशियों को लेकर जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने प्रदेश के नगर पालिका, निगम आयुक्तों और ग्राम पंचायतों को कड़े निर्देश देते हुए कहा है कि सड़कों और राजमार्गों में आने वाले पशुओं को रोकें और संभावित दुर्घटना रोकने सख्त कदम उठाया जाए। याचिका में कहा गया है कि आवारा मवेशियों के कारण आए दिन हो रही दुर्घटनाओं से बड़ी संख्या में मौतें भी हो रही हैं।

**अब यह समस्या गंभीर हो चुकी है :** ध्यान रहे कि प्रदेश की सड़कों पर मवेशियों के जमघट से होने वाली होने वाली परेशानियों को लेकर वर्ष 2019 में जनहित याचिकाएं लगाई गई थी। तब से लेकर अब तक हाईकोर्ट ने कई बार दिशा- निर्देश जारी किए हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की बेंच ने मार्च 2024 में सुनवाई करते हुए राज्य सरकार, एनएचएआई से जवाब मांगा था। अभी सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि बरसात शुरू होते ही सड़कों पर मवेशी नजर आने लगे हैं। यह शहर ही नहीं, पूरे प्रदेश की समस्या है। अब यह गंभीर हो चुकी है। इसे संयुक्त प्रयास से ही समाधान किया जा सकता है।

### मवेशियों की वजह...

में पेश किया था। यह भी कहा गया कि सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों के साथ-साथ मनुष्यों की मृत्यु को रोकने के लिए हितधारकों द्वारा जो कदम उठाए गए हैं, उन्हें अधिक प्रभावी नहीं पाया गया। उसी के मद्देनजर हाईकोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव को पूरे राज्य के जिलों में सभी हितधारकों को आवश्यक और प्रभावी आदेश जारी करने का निर्देश दिए हैं।

# दो-तीन महीने में सीधा हो जाएगा 'ब्रह्मपुत्र' युद्धपोत, विदेशी एजेंसी की मदद लेगी नौसेना

**पिछले महीने मुंबई डॉकयार्ड में मरम्मत के दौरान युद्धपोत में लग गई थी आग एक नाविक की हो गई थी मौत**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पिछले महीने मरम्मत कार्य के दौरान आग लगने की वजह से क्षतिग्रस्त होकर मुंबई डॉकयार्ड में बंदरगाह की तरफ एक ओर झुके हुए नौसेना के स्वदेशी गाइडेड मिसाइल युद्धपोत 'आईएनएस ब्रह्मपुत्र' को फिर से सीधा करने में करीब दो से तीन महीने का वक्त लगेगा। इसके लिए नौसेना किसी विदेशी एजेंसी की मदद लेगी। नौसेना के विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि ब्रह्मपुत्र युद्धपोत को फिर से सीधा कर समुद्र में रणनीतिक तैनाती के लिए पूरी तरह से तैयार करने के लिए नौसेना की मुंबई स्थित पश्चिमी कमांड विदेशी एजेंसी के साथ बातचीत कर रही है। बातचीत से जुड़ी यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद एजेंसी की विशेषज्ञ आकलन टीम मुंबई पहुंचकर इस हादसे में ब्रह्मपुत्र युद्धपोत को हुए नुकसान और इसे फिर से सीधा करने के मामले की जांच-पड़ताल करेगी।

### 6 से 8 महीने बाद करेगा समुद्री सीमाओं की सुरक्षा

सूत्रों ने कहा कि एक बार युद्धपोत के डॉकयार्ड पर सीधा होने के बाद आग लगने से हुए नुकसान और मरम्मत से जुड़े बाकी बचे हुए कार्य को पूरा करने में लगभग छह से आठ महीने का वक्त लग सकता है। इसके बाद ब्रह्मपुत्र युद्धपोत को नौसेना द्वारा देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा के लिए रणनीतिक तैनाती पर भेजा जाएगा। पोत को फिलहाल सीधा करने के लिए जिस विदेशी एजेंसी के साथ नौसेना की बातचीत चल रही है। उसके नाम का खुलासा सूत्रों ने नहीं किया है। लेकिन उन्होंने ये जरूर साफ किया है कि इस काम के लिए किसी विदेशी एजेंसी की मदद ली जाएगी।

### यूं हुआ था आग लगने का हादसा

गौरतलब है कि पिछले महीने 21 जुलाई को मरम्मत के दौरान ब्रह्मपुत्र युद्धपोत में आग लग गई थी। जिसे नौसैन्य डॉकयार्ड और बंदरगाह में मौजूद अन्य जहाजों के अग्निशमन कर्मियों की सहायता से बुझाया गया था। लेकिन इस हादसे में नौसेना के एक नाविक सितेंद्र सिंह की मौत हो गई थी। नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को इस हादसे के बारे में अवगत कराने के बाद की गई मुंबई की अपनी यात्रा में बल की पश्चिमी कमांड के वरिष्ठ अधिकारियों को युद्धपोत को जल्द ठीक कर फिर से समुद्री तैनाती के लिए तैयार करने का निर्देश दिया था।

### ढाई दशक से जारी राष्ट्र रक्षा

ब्रह्मपुत्र युद्धपोत नौसेना में वर्ष 2000 में शामिल हुआ था। यह ब्रह्मपुत्र श्रेणी का पहला जंगी युद्धपोत है। जिसे देश में बनाया गया है। वर्तमान में नौसेना के जंगी बेड़े में इस श्रेणी के कुल तीन युद्धपोत तैनात हैं। इनमें ब्रह्मपुत्र, बेतवा और व्यास शामिल हैं। ब्रह्मपुत्र से पहले हालांकि बेतवा भी मरम्मत कार्य के दौरान हादसे का शिकार हो चुका है। यह घटना वर्ष 2016 में मुंबई डॉकयार्ड में हुई थी और उसमें दो नौसैन्यकर्मियों की मौत हो गई थी। वहीं, नौसेना के जंगी बेड़े की बात करें तो उसमें अभी कुल करीब 120 युद्धपोत हैं। जो भारत की समुद्री सीमाओं की चौबीसों घंटे पूरी मुस्तैदी के साथ सुरक्षा करने में लगे हुए हैं।

## पेज एक के शेष

### कृषि विभाग के मेन गेट...

पहुंचे थे। सबसे पहले उन्होंने कृषि विभाग कार्यालय पहुंचे। यहां वे 10 बजे पहुंचे। इस दौरान कृषि विभाग के मेन गेट पर ही ताला लगा मिला। उस समय अधिकारी-कर्मचारी तो दूर, विभाग में पदस्थ चपरासी तक दफ्तर नहीं पहुंचा था। इस पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई और विभाग के अधिकारी से लेकर समस्त कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

### शनिवार, रविवार छुट्टी...

कहीं दफ्तर के मेन गेट पर ताला लटका मिला, तो कहीं अधिकारी-कर्मचारी अनुपस्थित मिले। संभागायुक्त ने इस पर गहरी नाराजगी जताते हुए 25 से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

### नगर ग्राम निवेश एवं पंजीयक ...

संचालक से लेकर अन्य सभी कर्मचारी अनुपस्थित मिले। इस दौरान संभागायुक्त ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत लंबित प्रकरणों की जानकारी मांगी, लेकिन उपस्थित कर्मचारी इस बारे में कुछ भी बता नहीं पाई। इस पर भी उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने लोक सेवा गारंटी अधिनियम से संबंधित प्रकरणों का ऑनलाइन रिकार्ड रखने के साथ-साथ पंजी संधारण करने के निर्देश भी दिए। इसी तरह सहकारी समितियों के पंजीयक कार्यालय में भी करीब सवा दस बजे तक अधिकारी से लेकर कर्मचारी अनुपस्थित मिले। उन्होंने इन दोनों कार्यालयों में अनुपस्थित मिले अधिकारी व कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

### 100 महिलाओं से एक करोड़...

शिकायत कराई है। पुलिस को दी गई लिखित शिकायत में पीड़ित महिलाओं ने बताया कि लोन माफी और बीमा योजना का झांसा देकर लिए उनके दस्तावेज लिए गए। उसके बाद खाते में आई रकम दलाल निकाल लेता था। उरमाल ग्राम के वार्ड 3 व 04 में रहने वाली जानकी बाई, सकुंतला, हिराढी, गजुला, हराबती, दुशिला समेत अन्य महिलाएं देवभोग थाना पहुंच कर मोहल्ले में रहने वाले किशन देवांगन और उसकी पत्नी गोदावरी पर उनके नाम से लाखों रुपए लोन निकाल ठगी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि रकम देवभोग में संचालित 4 निजी माइक्रो फाइनेंस बैंक से निकाली गई है, इसमें बैंककर्मी भी शामिल हैं।

**चार माइक्रो फाइनेंस बैंक से निकाली गई रकम :** शिकायत में 48 महिलाओं की नाम की सूची देकर बताया गया है की इन सभी के नाम से भारत फाइनेंस, स्पंदना, सेटिन, फ्यूजन जैसे माइक्रो फाइनेंस बैंक से कर्ज निकाला गया है। महिलाओं ने दावा किया है की 48 महिलाओं के नाम से 60 लाख से ज्यादा का रकम कर्ज के रूप में निकाला गया है। बोगस समूह की गारंटी पर 100 से ज्यादा महिलाओं के नाम 1 करोड़ से ज्यादा की ठगी हुई। देवभोग में मौजूद माइक्रो फाइनेंस बैंक को ग्रुप लोन सेंक्शन करने का पावर है। जिन महिलाओं के साथ ठगी हुई है वो किसी समूह का संचालन नहीं करती। दलाल ने उल्लेखित 48 महिलाओं के नाम देवभोग में मौजूद सभी बैंकों से कर्ज निकाले। सभी जगह अलग-अलग समूह के नाम का जिक्र किया गया है। बैंको ने समूह की गारंटी पर सभी महिलाओं के नाम 40 हजार से डेढ़ लाख तक का लोन दिया है। किसन यूनियन बैंक का यूपीआई लेकर ग्राहक सेवा केंद्र चलाता था, ऐसे में महिलाओ के खाते में जमा सभी रकम वह अपने घर बुलाकर आसानी से आहरण लेता था। महिलाओं के सामने उसने कभी भी रकम का जिक्र नहीं किया। इसलिए ठगी के शिकार किसी भी महिलाओं को पता नहीं की उनके नाम से कितने बैंक से कितनी रकम निकाली गई है।

### जांच हुई तो सामने आएंगे...

आएंगे। किशन, बैंक के नजर में एक सेंटर है। इसके जैसे कई सेंटर हैं। जहां बल्क में लेन देन हो रहा है। ठगी के मामले में बैंक अपनी या अपने किसी कर्मी के संलिप्तता को सिरे से खारिज कर दिया है। भारत फाइनेंस के शाखा मैनेजर रजत चंद्राकर, स्पंदना के मैनेजर विजय नाथ के अलावा समस्ता बैंक के कस्टमर रिलेशन शिप ऑफिसर मुकेश नायक से ने बताया की किशन सेंटर से उनके बैंक से किश्त की राशि जमा होती है। बैंको के व्यवस्था स्ट्रेक्चर में किशन एक सेंटर है जो 30 से 40 महिलाओं के लोन लेन देन काम हैंडल करता हैं।

### सरपंच और सचिव रिश्वत...

किया है। एसीबी के मुताबिक, संतोषी नगर निवासी लुकेश बघेल की शिकायत पर पंचायत सचिव धर्मेंद्र कुमार साहू तथा सरपंच देव सिंह बघेल को गिरफ्तार किया गया है। लुकेश से सचिव ने पैसों की मांग की थी। रिश्वत की मांग करने पर लुकेश ने इसकी शिकायत एसीबी से की। इसके बाद एसीबी ने सचिव को ट्रैप करने जाल बिछाया। लुकेश सचिव को पैसे देने उसके कार्यालय गया तो उसने स्वयं पैसे लेने के बजाय रकम सरपंच को देने के लिए कहा। सरपंच ने जैसे ही पैसे लिए, एसीबी की टीम ने उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

**बिल भुगतान के एवज में रिश्वत लेते गिरफ्तार :** एसीबी की टीम ने खैरागढ़ स्थित ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के सब इंजीनियर तथा प्रभारी एसडीओ सौरभ ताम्रकर को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। सौरभ पर आरोप है कि उसने मोहगांव के सरपंच जगन्नाथ वर्मा से नरवा-गरुवा-घुरुवा-बाड़ी के तहत गोठान में लघु वनोपज बिल्डिंग, कचरा शेड बिल्डिंग, कुक्कुट शेड एवं महिला शेड निर्माण कार्य के बिल भुगतान करने पैसों की मांग की थी।

### कोरोना काल में खरीदी में...

रिपोर्ट में दोषी माना था, जिस आधार पर कार्रवाई की अनुशंसा भी की गई थी। कोरोना की आपदा से निपटने के लिए विभागीय स्तर पर कुछ नियमों को शिथिल किया गया था जिस आधार पर करोड़ों रुपए का गोलमाल किया गया था। इस महामारी से निपटने के लिए दवाओं सहित अन्य उपकरणों की खरीदी ऊंचे दामों पर की गई थी। कोरोना आपातकाल समाप्त होने के बाद इस मामले की शिकायत हुई इस आधार पर चिकित्सा शिक्षा विभाग स्तर पर गठित की गई कमेटी ने मामले की जांच की तो करीब 2.65 करोड़ की अनियमितता का पता चला था। मामले में तात्कालीन एडीशनल डायरेक्टर डॉ. निर्मल वर्मा को दोषी पाया गया था। उस दौरान चिकित्सा शिक्षा संचालक के रूप में संविदा आधार पर डॉ.एसएल आदिले कार्यरत थे और वित्तीय अधिकार डॉ. वर्मा के पास थे। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में उन्हें दोषी करार दिया था जिस आधार पर कार्यवाही की अनुशंसा की गई थी उस दौरान मामला ठंडे बस्ते में चला गया था। कुछ समय पहले यह मामला पुनः चर्चा में आया और शासन ने गंभीरता दिखाते हुए डा. वर्मा का निलंबन आदेश जारी कर दिया।

**बिना निविदा खरीदी का नियम :** कोरोना लॉकडाउन के दौरान शासन द्वारा क्रय नियमों को संशोधित किया गया था। बनाए गए नियम क्रमांक दस के अनुसार सक्षम अधिकारी प्राकृतिक आपदा अथवा कानून व्यवस्था की विषम परिस्थितियों के आधार पर बिना निविदा के अत्यावश्यकता को अभिलिखित करते हुए खरीदी करने का पॉवर दिया गया था।

**नियम के अनुरूप :** तमाम खरीदी आवश्यकता को देखते हुए नियम के आधार पर की गई थी। जांच समिति ने नियमों को नजर अंदाज कर दोषी मान लिया था। ऐसे में आपदा के दौरान काम करने वाले सारे लोगों को दोषी करार दिया जाना चाहिए।

- डॉ. निर्मल वर्मा, तात्कालीन अतिरिक्त संचालक चिकित्सा शिक्षा

### अमेरिका की मंदी...

निफ्टी में भी 662 अंक की बड़ी गिरावट आई। इस गिरावट से निवेशकों को एक दिन में 15 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। दुनिया के अन्य देशों के शेयर बाजारों में गिरावट के रुख के बीच बैंक, आईटी, धातु तथा तेल एवं गैस शेयरों में चौतरफा बिकवाली से बाजार नीचे आया।


## कार्यालय नगर पंचायत सिमगा, जिला - बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

क्रमांक/122/ लो.नि.वि./न.पं./2024-25 सिमगा, दिनांक 05 अगस्त 2024

**मैन्यूवल पद्धति से प्रथम निविदा सूचना**

नगर पंचायत सिमगा क्षेत्रांतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु लो.नि.वि. में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मोहरबंद लिफाफे में रजिस्टर्ड स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक के माध्यम से तीन लिफाफा पद्धति में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र | निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निकाय अंतर्गत विभिन्न वार्डों में सी.सी. रोड निर्माण (04 अलग-अलग कार्य). | 36.48 | फार्म ए | 27.08.2024 |
| 2 | विभिन्न वार्डों में बोर खनन आवश्यकतानुसार PWD Building SOR 01.01.2015 | 10.00 | फार्म ए | |
| 3 | पेयजल की सामाग्री क्रय करने हेतु | 10.00 | फार्म सी | |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति - निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारियां कार्यालयीन दिवस एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है, साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईड https://uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत सिमगा



**न्यायालय तहसीलदार धमतरी के न्यायालय में**
**मामला क्रमांक : 202402130700093/**
**विषयः-अ-6 मामले की श्रेणीः-राजस्व**
**सनः-2023-2024**

धमतरी प.ह.नं. 00033 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण :-
आवेदक पक्षकार - निर्मला यादव,
अनावेदक पक्षकार - राजोबाई, रामलाल,

**// ईश्तहार //**

सर्व साधारण आम जनता धमतरी को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका निर्मला यादव पिता रामलाल यादव, पति भागवती यादव निवासी सिविल लाइन धमतरी के द्वारा रामलाल पिता घसिया, राजो बाई पति रामलाल के नाम पर ग्राम धमतरी में स्थित भूमि ख.नं. 848/3 रकबा 0.0020 हे. भूमि समस्त राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है। दिनांक 23/12/2019 को राजो बाई यादव पति रामलाल के द्वारा वसीयतनामा आवेदिका निर्मला यादव के पक्ष में की हैं। उपरोक्त वाद भूमि ख.नं. 848/3 रकबा 0.0020 हे. में से रामलाल पिता घसिया, राजो बाई पति रामलाल का नाम काटकर वसीयतनामा के आधार पर भूमि में निर्मला यादव पिता रामलाल, पति भागवती यादव का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है।

अतएव आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 08/08/2024 तक इस न्यायालय में न्यायालयीन समय पर उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 31/07/2024 को जारी किया जाता है।

KETAN KUMAR BHOYAR
तहसीलदार
तहसील धमतरी



**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I Gautam Chand Bafna S/o. Late. Champalal Bafna Residence of 62, Vardhmaan Nagar, Ward No. 17, Rajnandgaon (C.G.) I Gautam Chand Bafna have changed my name from Gautam Bafna to Gautam Chand Bafna, so in future I should be recognized by my new name that is Gautam Chand Bafna S/o. Late. Champalal Bafna in all government & other documents.

Gautam Chand Bafna
S/o. Late. Champalal Bafna
62, Vardhmaan Nagar,
Ward No. 17,
Rajnandgaon (C.G.)



## साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल/महा.प्र./कुस/भू.रा./24/27 **सूचना** दिनांक 03.07.2024

इस प्रकाशन के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि एसईसीएल विश्रामपुर क्षेत्रान्तर्गत आमगाँव ओपन कास्ट परियोजना हेतु ग्राम साल्ही, तहसील-रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर (छ0ग0) के निम्नलिखित भू-विस्थापितों एवं उनके द्वारा नामित आश्रित/उम्मीदवार को एसईसीएल मे रोजगार प्रदान करने हेतु एसईसीएल मुख्यालय से स्वीकृती प्राप्त किए जाने बावत् औपचारिकताएँ यथाशीघ्र प्रारम्भ की जायेगी।

ग्राम साल्ही (क्लबिंग कान्सेप्ट)

| क्र. | भूमि स्वामी का नाम/पिता का नाम धारा 9(1) दि0 15.07.2006 का) | स्टेटमेंट 1A के अनुसार भूस्वामी का नाम/पिता का नाम | रोजगार हेतु प्रस्तावित व्यक्ति का नाम एवं भूमि स्वामी से सम्बन्ध | दस्तावेज | | नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | 6 |
| 1 | रामकुंवर पुत्री बैरागी (रामकुंवर पति बलजीत) (फौत) वर्तमान वारिश- शिवप्रसाद आ0 बलजीत, छत्तरपाल आ0 बलजीत, सत्येन्द्र आ0 बलजीत, गोलमेन पुत्री बलजीत (गोलमेन पति गंगाराम), देवमुन पुत्री बलजीत (देवमुन पति रामनिवास), जाति-गोंड़, खसरा क्र0- 638-0.03, 1312-0.57, 1908 (पी)-0.12 कुल- 0.72 हे0 (1.779 एकड़) सहमतिकर्ता- (1) तिरानसाय आ0 रामधन, जाति-गोंड़, खसरा क्र0- 1083-0.06 कुल- 0.06 हे0 (0.148 एकड़) (2) सीधी पुत्री छोटे माझी जाति-गोंड़ खसरा क्र0 1313/3-0.07 कुल 0.07 (एकड़-0.173) | रामकुंवर पुत्री बैरागी गोंड़, खसरा क्र0- 638-0.03, 1312-0.57, 1908 (पी)- 0.12 कुल- 0.72 हे0 (1.779 एकड़) सहमतिकर्ता- (1) तिरानसाय आ0 रामधन, जाति-गोंड़ खसरा क्र0- 1083-0.06 कुल- 0.06 हे0 (0.148 एकड़) (2) सीधी पुत्री छोटे माझी जाति-गोंड़ खसरा क्र0 1313/3-0.07 कुल 0.07 (एकड-0.173) | धनंजय सिंह मरावी आ0 शिवप्रसाद सिंह (रामकुंवर का पोता) (शिवप्रसाद आ0 बलजीत का पुत्र) | 1 | वंशवृक्ष | धनंजय सिंह मरावी आ0 शिवप्रसाद सिंह |
| | | | | 2 | निवास प्रमाण पत्र | धनंजय सिंह मरावी आ0 शिव प्रसाद सिंह |
| | | | | 3 | जाति प्रमाण पत्र | धनंजय सिंह मरावी आ0 शिव प्रसाद सिंह |
| | | | | 4 | शिक्षा प्रमाण पत्र | धनंजय सिंह मरावी आ0 शिव प्रसाद |
| | | | | 5 | रोजगार पंजीयन | धनंजय सिंह मरावी आ0 शिव प्रसाद |
| | | | | 6 | मतदाता परिचय पत्र | धनंजय सिंह आ0 शिव प्रसाद सिंह |
| | | | | 7 | राशन कार्ड | धनंजय सिंह मरावी |
| | | | | 8 | आधार कार्ड | धनंजय सिंह मरावी आ0 शिव प्रसाद सिंह |
| 2 | 1. तिरबेनी आ0 रामधन, उदिर साय आ0 रामधन, बंश कुमार आ0 बुधराम, हंस कुमार आ0 बुधराम, जाति-गोंड़ खसरा क्र0- 937-0.35, 1082 (पी)-0.21, 1109-0.62, 1804-0.46, 1845-1.02 कुल- 2.66 हे0 (6.573 एकड़) 2. हंसनाथ, रामलखन आ0 पीला सिंह, मु0 सुमेरबाई बेवा पीला सिंह , जाति-गोंड़ खसरा क्र0- 940-0.42, 1084 (पी)-0.31, 1110-0.70, 1802-0.52, 1844(पी)-1.25 कुल- 5.86 हे0 (14.480 एकड़) | 1. तिरबेनी उर्फ तिरान आ0 रामधन, उदिरसाय आ0 रामधन, बंश कुमार आ0 बुधराम, हंस कुमार आ0 बुधराम, जाति-गोंड खसरा क्र0 -937- 0.35, 1082 (पी)-0.21, 1109- 0.62, 1804- 0.46,1845-1.02 कुल- 2.66 हे0 (6.573 एकड़) 2. हंसनाथ, रामलखन आ0 पीला सिंह, मु0 सुमेरबाई बेवा पीला सिंह, जाति-गोंड़ खसरा क्र0-940-0.42, 1084 (पी)-0.31, 1110-0.70, 1802-0.52, 1844 (पी)-1.25 कुल- 5.86 हे0 (14.480 एकड़) | सीमा सिंह आ0 रामलखन (रामलखन की पुत्री) | 1 | वंशवृक्ष | सीमा सिंह पुत्री रामलखन सिंह |
| | | | | 2 | निवास प्रमाण पत्र | सीमा सिंह आ0 राम लखन सिंह |
| | | | | 3 | जाति प्रमाण पत्र | सीमा सिंह आ0 राम लखन सिंह |
| | | | | 4 | शिक्षा प्रमाण पत्र | सीमा सिंह आ0 राम लखन सिंह |
| | | | | 5 | रोजगार पंजीयन | सीमा सिंह पति अमर सिंह |
| | | | | 6 | मतदाता परिचय पत्र | सीमा सिंह पिता राम लखन सिंह |
| | | | | 7 | राशन कार्ड | सीमा सिंह |
| | | | | 8 | आधार कार्ड | सीमा सिंह पति अमर सिंह |
| 3 | शिवचरन, समेलाल आ0 हीरा, जाति-गोंड़ खसरा क्र0 918-0.15,कुल -0.15 (0.371 एकड़) सहमतिकर्ता (1) मोहन आ0 अकालू, रामसिंह आ0 अकालू ,जाति-गोंड़ (मोहन आ0 अकालू एवं नोहन आ0 अकालू दोनो एक ही व्यक्ति है) खसरा क्र0 984/1-0.09 कुल-0.09 (0.222 एकड़) (2) फरहारो पुत्री जगसाय गोंड (फौत), जाति-गोंड वर्तमान, वारिश-कुवांरो पुत्री सरजू जाति-गोंड़, खसरा क्र0 923-0.25, 952-0.17 ,956-0.15 कुल 0.57 (1.408 एकड़) | शिवचरन,समेलाल आ0 हीरा जाति-गोंड़ खसरा क्र0 918-0.15 कुल -0.15 (एकड़0.371) सहमतिकर्ता (1) मोहन आ0 अकालू, रामसिंह आ0 अकालू जाति-गोंड़ (मोहन आ0 अकालू एवं नोहन आ0 अकालू दोनो एक ही व्यक्ति है) खसरा क्र0 984/1-0.09 कुल-0.09 (0.222 एकड़) (2) फरहारो पुत्री जगसाय गोंड़ (फौत), जाति-गोंड खसरा क्र0 923-0.25,952-0.17,956-0.15 कुल 0.57 (1.408 एकड़) | अभिमन्यु सिंह आ0 रामनाथ सिंह (शिवचरन का पोता) | 1 | वंशवृक्ष | अभिमन्यु सिंह आ0 रामनाथ सिंह |
| | | | | 2 | निवास प्रमाण पत्र | अभिमन्यु सिंह पिता रामनाथ सिंह |
| | | | | 3 | जाति प्रमाण पत्र | अभिमन्यु सिंह पिता रामनाथ सिंह |
| | | | | 4 | शिक्षा प्रमाण पत्र | अभिमन्यु सिंह आ0 रामनाथ सिंह |
| | | | | 5 | रोजगार पंजीयन | अभिमन्यु सिंह आ0 रामनाथ सिंह |
| | | | | 6 | मतदाता परिचय पत्र | अभिमन्यु आ0 रामनाथ |
| | | | | 7 | राशन कार्ड | अभिमन्यु |
| | | | | 8 | आधार कार्ड | अभिमन्यु आ0 रामनाथ |


अतः किसी भी सम्बंधित व्यक्ति को इस पर आपत्ती हो तो अपना पुरा नाम, हस्ताक्षर, पता मूल दस्तावेजों/प्रमाण पत्रो के साथ इसकी लिखित शिकायत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन के 10 दिवस के भीतर व्यक्तिगत् रूप से प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ती मान्य नही होगी और न ही स्वीकार किया जायेगा। यह भी कि पूर्व प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर ही प्रकरण की ही नियमानुसार निराकरण किया जायेगा। SECL/24-25/130

क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक, एसईसीएल,विश्रामपुर क्षेत्र


## राशिफल

- **मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।
- **वृष** — धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।
- **मिथुन** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।
- **कर्क** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।
- **सिंह** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।
- **कन्या** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।
- **तुला** — कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।
- **वृश्चिक** — संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।
- **धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।
- **मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।
- **कुंभ** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।
- **मीन** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5594



**बाएँ से दाए**
1. सरदार, अगुआ-4
5. जनमत, एक राय-4
9. पुराना जुकाम-3
10. चिंता, परवाह-3
12. पैंदा, तल्ला-2
14. ताल, सुर, आलाप-2
15. महोदय (अंग्रेजी-2)
16. लाडला, दुलारा-2
17. निवास करना-3
19. डोली उठाने वाले-3
21. नसीरुद्दीन शाह की फिल्म-3
22. तड़फाना-4
24. जल में रहनेवाला-4
25. दरियादिल, करुण-5
26. इराक की राजधानी-4
29. भेंट, पुरस्कार-4
33. पासों से भविष्य देखना-3
34. अश्ववाहक, घुड़सवार-3
36. चौकसी, रखवाली-3
37. हलक, कंठ-2
38. सदैव-2
39. लार -2
42. निश्चित-2
42. कालीन-3
43. बंदर, मर्कट-3
45. किसान-4
46. इस्लामी कैलेंडर का एक महीना -4

**ऊपर से नीचे**
2. क्रिकेट में बनते हैं-2
3. नगमा, गीत (उर्दू-3)
4. जो लायक न हो-4
5. अधिकारी, अफसर-4
6. राशिचक्र की एक राशि -3
7. झगड़ा, बैर-2
8. आदत, व्यवहार-4
11. शमशीर-4
13. तरंग, हिलोर-3
16. तृष्णा, लोभ-3
18. अमेरिका स्थित वेधशाला-2
20. जितेंद्र इस फिल्म में सात सवाल हल करते हैं -5
21. नीर, पानी-2
23. देवर्षि-3
24. ईर्ष्या, डाह-3
26. वटवृक्ष-4
27. जिसमें पौधे लगाते हैं-3
28. दलहन-2
30. मंत्र जाप-2
31. तसल्ली, आराम-3
32. भगवान विष्णु-4
34. धर्मशीलता-4
35. पैजामा-4
38. तमीज-3
40. साजन, प्रेमपात्र-3
42. पहरा, चौकसी-2
44. अवकाश-2

**शब्द पहेली- 5593 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ना | स | म | झ | | | क | पा | स | |
| कु | ल | | झ | | क | रा | ह | | म | न |
| ल | | | धा | र | ण | | र | | | क |
| प | रि | चा | र | क | | पा | | अ | न | ल |
| ति | | ह | | म | नो | नी | त | | सी | |
| | जा | त | | | | | | त | ब | |
| | मु | | फि | त | र | त | | ना | | ना |
| म | न | का | | न | | प | र | व | रि | श |
| लि | | | न | | पू | न | म | | | वा |
| का | बु | | ख | ब | री | | णी | | खा | न |
| | आ | स | रा | | | जा | य | दा | द | |

## सूडोकु नवताल - 5605

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.


**सूडोकु नवताल - 5604 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |



# 6 दिसंबर को ही रिलीज होगी 'पुष्पा-2 द रूल'...

**नई दिल्ली।** पुष्पा 2 द रूल उन फिल्मों में से एक है, जिसकी रिलीज का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जहां मेकर्स ने कुछ दिनों पहले अगस्त से दिसंबर में फिल्म को पोस्टपोन कर दिया था तो वहीं दिसंबर से भी रिलीज डेट आगे बढ़ने की खबरें जोरों पर थी।. हालांकि मेकर्स ने इसे लेकर अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी थी। लेकिन अब अल्लू अर्जुन की अपकमिंग फिल्म को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है, जिससे कंफर्म हो गया है कि पुष्पा 2 छह दिसंबर को ही रिलीज होगी। एक एक्साइटिंग अपडेट में, निर्माताओं ने घोषणा की है कि क्लाइमेक्स पार्ट की शूटिंग शुरू हो गई है।



लाइफ Style

# प्रियंका

## खून भरा चेहरा, कचरे में सने हाथ

प्रियंका चोपड़ा ने अपकमिंग फिल्म द ब्लफ के शूट से कुछ बीटीएस फोटो और वीडियो फैंस अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किए हैं। इन फोटो में देसी गर्ल खून से लथपथ और एक्शन करती नजर आ रही हैं। जैसे ही फैन्स इन फोटो को देखा, तो उन्हें प्रियंका की चिंता सताने लगी।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


पहली नजर में दिखने वाला खून बाद में फिल्म के सीन का हिस्सा निकला तो फैन्स ने राहत की सांस ली। प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी विदेशी फिल्म द ब्लफ की शूटिंग कर रही हैं। यह फोटो उसी फिल्म के शूट के दौरान की हैं। वहीं, प्रियंका चोपड़ा की कुछ फोटो और वीडियो में उनके सेट की झलक भी देखने को मिल रही है। पोस्ट के साथ प्रियंका चोपड़ा ने कैप्शन में लिखा, 'द ब्लफ के सेट पर मजेदार समय गुजरा। शूटिंग का आखिरी हफ्ता! जो नहीं जानते उनकी जानकारी के लिए बता दूं कि मैं एक फिल्म के सेट पर हूं और यह सब मेकअप है। 19वीं सदी की कहानी और सुमद्री लुटेरे। यह देखना अविश्वसनीय है कि फिल्म क्रू का हर विभाग कैसे कल्पना को हकीकत में बदल देता है।' इस पोस्ट को देखते ही फैंस ने रिएक्शन दिया है। एक यूजर ने लिखा, अपना ख्याल रखिए क्वीन। दूसरे यूजर ने लिखा, हार्ड वर्किंग लड़की। तीसरे यूजर ने लिखा, मूवी मैजिक फॉर रियल। चौथे यूजर ने लिखा, फिल्म का इंतजार नहीं कर सकते। बता दें कि इससे पहले द एकेडमी ग्रैंड केमैन मार्शल आर्ट्स स्कूल ने प्रियंका और न्यूजीलैंड के एक्टर कार्ल अर्बन की एक तस्वीर शेयर की थी।

हॉलीवुड मसाला



# 'द व्हाइट लोटस...' का फर्स्ट लुक जारी

**लॉस एंजिलिस।** 'द व्हाइट लोटस' के तीसरे सीजन का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। यह एक अमेरिकी ब्लैक कॉमेडी सीरीज है, जिसका पहला सीजन 2021 में रिलीज हुआ था और दूसरा सीजन 2022 में आया था। 'द व्हाइट लोटस' का नया सीजन खास होने वाला है। दरअसल, पहले सीजन में दिखाई दी नताशा रोथवेल तीसरे सीजन में वापसी करने जा रही हैं। 'द व्हाइट लोटस सीजन 3' के फर्स्ट लुक में सीरीज के किरदार थाईलैंड में छुट्टियां मनाते दिखाई दे रहे हैं।



# शाहरुख से हाथ मिलाना एक भावुक पल था...

**लॉस एंजिलिस।** बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के देश में ही नहीं, विदेशों में भी प्रशंसक हैं। अपने शानदार फिल्मी करियर में शाहरुख कई लोगों की प्रेरणा बने हैं। हाल ही में हॉलीवुड अभिनेता जॉन सीना ने किंग खान की प्रशंसा की है। एएनआई से बात करते हुए हॉलीवुड अभिनेता ने बताया कि शाहरुख खान ने उन्हें कैसे प्ररित किया है। उन्होंने यह भी साझा किया कि जब वह शाहरुख से व्यक्तिगत रूप से मिले तो वह भावुक हो गए थे। जॉन ने कहा, मेरे जीवन में वह सही समय पर मिले और उनके शब्द मेरे लिए प्रेरणा से परे थे। जॉन सीना ने शाहरुख खान की प्रशंसा करते हुए कहा, 'उन्होंने मेरे जीवन में बदलाव लाने में मदद की। उस बदलाव के बाद से मैं उन सभी जैकपॉट को पहचानने में सक्षम हो गया हूं, जो मुझे दिए गए हैं और आभारी हूं और यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत करता हूं कि मैं उन्हें बर्बाद न करूं।'



# रवीना ने बेटी राशा संग शेयर की फोटो

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन अपनी एक्टिंग और स्टाइलिश अंदाज से फैंस के दिलों पर भी राज करती हैं। 49 की उम्र में भी वह अपने लुक से सोशल मीडिया पर कहर ढाए रखती हैं। अब एक्ट्रेस ने अपनी बेटी संग वेकेशन की फोटोज शेयर की है। इन दिनों एक्ट्रेस अपनी बेटी राशा थडानी के साथ स्पेन में छुट्टियों का आनंद ले रही हैं। सोशल मीडिया पर मां-बेटी की इस जोड़ी ने अपने फैंस के लिए अपनी छुट्टियों से कई तस्वीरें शेयर की हैं। इन फोटोज पर फैंस दिल खोलकर प्यार लुटा रहे हैं। रवीना ने इंस्टाग्राम पर अपनी जर्नी की कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए है। इस पोस्ट में उन्होंने स्पेन में कैद किए गए कुछ खास पलों को फैंस के साथ शेयर किया है। उनमें वहां की संस्कृति के साथ उन्होंने अपने एक्सपीरियंस भी शेयर किए।



# शत्रुघ्न सिन्हा थे ओवर कॉन्फिडेंट

**नई दिल्ली।** सुभाष घई इन दिनों बिल्कुल अनफिल्टर्ड मोड में हैं। जहां भी बात करने का मौका मिलता है वो बेबाक होकर सीनियर एक्टर्स के बारे में खुलकर बोलते नजर आ रहे हैं। हाल में सुभाष घई अरबाज खान के चैट शो में 'द इन्विंसिबल' में पहुंचे और यहां जैकी श्रॉफ और शत्रुघ्न सिन्हा को लेकर बात की। उन्होंने जैकी दादा को खराब एक्टर बताया और शत्रुघ्न सिन्हा को लेकर कहा कि वो हमेशा ओवर कॉन्फिडेंट एक्टर रहे। फिल्म मेकर ने कहा, पांच किस्म के एक्टर होते हैं सर। एक होता है नॉन एक्टर, एक होता है बैड एक्टर। जैकी श्रॉफ बैड एक्टर थे। अनिल कपूर एक्टर और जो ओवर कॉन्फिडेंट थे वो हमेशा शत्रुघ्न सिन्हा थे। सुभाष घई ने कहा, शत्रुघ्न सिन्हा की सबसे बड़ी परेशानी ये थी कि वो समय पर कभी नहीं पहुंचता था।

टीवी मसाला

# समानता के अधिकारों पर केंद्रित एक दमदार सोशल ड्रामा 'भीमा'

मुंबई। एंडटीवी पर प्रसारित होने वाले 'भीमा' में बेहद प्रतिभाशाली कलाकार नजर आएंगे, जिनमें तेजस्विनी भीमा, स्मिता साबले भीमा की मां धनिया, अमित भारद्वाज भीमा के पिता मेवा, नीता मोहिन्द्रा कैलाशा बुआ और मयंक मिश्रा और विक्रम द्विवेदी उसके दो बेटों कलिका सिंह एवं विशम्भर सिंह की भूमिका निभाएं। वहीं, त्रिपुरारी यादव भीमा के मामा गया और नेहा शर्मा उनकी पत्नी फुलमतिया की भूमिका में होंगी। इस शो को राज खत्री प्रोडक्शंस ने बनाया है और इसका प्रीमियर 6 अगस्त को रात 8.30 बजे होगा और हर सोमवार से शुक्रवार एंडटीवी पर शो का प्रसारण होगा। नया शो 'भीमा' 80 के दशक की पृष्ठभूमि पर बना है। राज खत्री प्रोडक्शंस ने इसे निर्मित किया है। इसमें भीमा नाम की एक लड़की की कहानी दिखाई गई है, जो किसी दूसरी जाति से ताल्लुक रखती है। यह एक लड़की की दुविधा और समान अधिकारों को लेकर उसके सफर को दिखाता एक सोशल ड्रामा है। दर्शकों को शो में इस लड़की के साहसिक सफर की कहानी देखने को मिलेगी, जिसमें वह अपने परिवार, समाज और आर्थिक हालातों से उपजी मुश्किलों का सामना करती नजर आती है। काफी अन्याय और भेदभाव झेलने के बावजूद, वह बड़ी ही बेबाकी से उन परेशानियों को पीछे छोड़ देती है। ढेर सारी चुनौतियों के बावजूद भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. बी आर आंबेडकर के कानूनों और आदर्शों को बनाए रखना भीमा के अटूट विश्वास को दिखलाता है।



## जब टीवी स्टार्स पर पड़ी आर्थिक तंगी की मार, खुद बयां किया दर्द

**नई दिल्ली।** एक अभिनेता होना और ऐसी जीवनशैली को बनाए रखना अपने आप में एक और काम है। खासकर जब सितारों को समय पर वेतन नहीं मिलता तो इन्हें कई तरह की परेशानियों से गुजरना पड़ता है। ऐसे ही कई टीवी स्टार्स हैं जो लोगों के सामने जीवन के एक पड़ाव पर आर्थिक तंगी की बात कबूल कर चुके हैं। इनमें से कुछ की हालत इतनी ज्यादा खराब हो गई थी कि इन्हें गुजारा करने के लिए अपना घर और गाड़ी तक बेचनी पड़ी। हाल ही में रश्मि देसाई ने तलाक के बाद आई आर्थिक परेशानियों का खुलासा किया। साथ ही इससे बाहर निकलने की अपनी मुश्किल भरी जर्नी पर भी बात करती नजर आईं।



# बरसात के प्रीमियर में बैसाखी लेकर पहुंचे थे बॉबी देओल...


**नई दिल्ली।** कहते हैं कि हर स्टार अपनी पहली फिल्म को लेकर बड़े बड़े सपने देखता है। लेकिन कभी कभी ऐसा हो जाता है कि अच्छी खासी प्लानिंग धरी की धरी रह जाती है। एनिमल में शानदार एक्टिंग के जरिए कमबैक करके मशहूर हुए एक्टर बॉबी देओल के साथ भी कुछ ऐसा ही हो चुका है। फिल्मी बैग्राउंड होने की वजह से बॉबी भी अपना करियर फिल्मों में बनाना चाहते थे। उनकी पहली फिल्म थी बरसात। इस फिल्म में उनके साथ ट्विंकल खन्ना थीं। लेकिन पहली फिल्म के दौरान ही बॉबी के साथ ऐसा हादसा हो गया कि फिल्म के प्रीमियर के दौरान उन्हें बैसाखी के सहारे चलकर आना पड़ा। बॉबी और ट्विंकल खन्ना की डेब्यू फिल्म बरसात 1995 में आई थी। इस फिल्म में बॉबी देओल ने एक्शन सीन खुद किए थे।




# अवॉर्ड जीतने वाली फिल्मों का बॉक्स ऑफिस का हाल

## एक ने कमाए थे दो करोड़ से भी कम...

**मुंबई।** हाल ही में, 69वें फिल्मफेयर अवाड्र्स साउथ 2024 के विजेताओं का ऐलान किया गया। इसमें तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम सिनेमा के लिए कई श्रेणियों में अवॉर्ड दिए गए। तमिल में चिट्ठा, तेलुगु में बालागम, कन्नड में डेयरडेविल मुस्तफा और मलयालम में 2018 को सर्वश्रेष्ठ फिल्म चुना गया। आइए जानते हैं कि पुरस्कार जीतने वाली इन सभी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर कैसा प्रदर्शन किया था।



**चिट्ठा :** तमिल फिल्म 'चिट्ठा' ने वर्ल्डवाइड 11.6 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। 29 सितंबर, 2023 को रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन अरूण कुमार ने किया था। फिल्म की कहानी ईश्वर और उसकी लापता भतीजी के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में सिद्धार्थ और सहस्त्र श्री ने अभिनय किया है। इस फिल्म के लिए अरूण कुमार ने सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का भी पुरस्कार जीता।

**डेयरडेविल मुस्तफा :** कन्नड़ फिल्म 'डेयरडेविल मुस्तफा' का निर्देशन शंशाक सोघल ने किया है। यह एक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, जिसे 19 मई, 2023 को रिलीज किया गया था। सर्वश्रेष्ठ कन्नड़ फिल्म का पुरस्कार जीतने वाली इस फिल्म ने मात्र 1.75 करोड़ रुपये कमाए थे। इसमें शिशिर, चैत्रा, आदित्य, वीणा सुंदर ने काम किया है। इसकी कहानी मुस्तफा नाम के एक छात्र के आसपास घूमती है, जिसे एक गैंग के लड़कें कॉलेज से निकालने की कोशिश करते हैं।



## ब्लैक में टिकट बेच लोगों ने खरीद लिए थे फ्लैट

# हम आपके हैं कौन: 30 साल पहले बना था ऐसा रिकॉर्ड जो आज भी अभेद!

***मुंबई।** सलमान खान और माधुरी दीक्षित स्टारर ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर 'हम आपके हैं कौन' की रिलीज को 5 अगस्त को 30 साल हो गए हैं। सूरज बड़जात्या के डायरेक्शन में बनी यह ऐसी फिल्म रही, जिसने बॉलीवुड की तस्वीर बदल दी। इस फिलम ने उस दौर में बंपर कमाई का रिकॉर्ड बनाया था। बल्कि एक रिकॉर्ड तो ऐसा है, जो आज तक नहीं टूटा है। यह भारतीय बॉक्स ऑफिस पर अब तक की सबसे अधिक फुटफॉल वाली फिल्म है। इसे देखने के लिए उस दौर में 7,39,62,000 दर्शक पहुंचे थे, जो एक महा रिकॉर्ड है। यही नहीं, तब इस फिल्म ने देश में 116 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया था, जो आज के हिसाब से करीब 700 करोड़ रुपए है।*

### बदल दी कितनों की किस्मत

'हम आपके हैं कौन!' वो फिल्म है, जिसने बॉलीवुड को हमेशा के लिए बदल दिया। सलमान खान, माधुरी दीक्षित, रेणुका शहाणे, मोहनीश बहल और सूरज बड़जात्या के करियर को तो इसने आमसान पर पहुंचाया ही, बताया जाता है कि इस फिल्म की टिकटें ब्लैक कर लोगों ने मुंबई में दो-दो फ्लैट खरीद लिए। इस फिल्म में वह सबकुछ है जो एक फैमिली एंटरटेनर में होना चाहिए। ऐसी फिल्म जिसके सभी गाने सुपर-डुपर हिट हुए। लेकिन क्या आपने यह गौर किया है कि इस फिल्म में कोई 'हीरो' नहीं है। जी हां, बताया जाता है कि सूरज बड़जात्या जब फिल्म की स्क्रिप्ट लेकर सलमान के पास पहुंचे थे, तब कहानी सुनकर भाईजान ने यही पूछा था कि इसमें 'हीरो' कौन है? ऐसा इसलिए कि अमूमन फिल्म का हीरो वही होता है, जिसके इर्द-गिर्द कहानी घूमती है, या फिर वो जो कहानी के अंत में हीरोइज्म दिखाता है। लेकिन 'हम आपके हैं कौन!' में ऐसा कोई एक किरदार नहीं है।



**सूरज बड़जात्या ने सुनाया था लिबर्टी सिनेमा का किस्सा :** 'हम आपके हैं कौन' की 25वीं सालगिरह पर सूरज बड़जात्या ने एक दिलचस्प किस्सा सुनाया था। उन्होंने बताया कि कैसे मुंबई के मशहूर लिबर्टी सिनेमा की किस्मत इस फिल्म ने बदल दी थी। यह सिनेमाघर कभी बी-ग्रेड फिल्में दिखाता था। थिएटर में सुविधाओं की भी कमी थी। महिलाओं के लिए शौचालय तब लंबे समय से बंद पड़ा था। सूरज बड़जात्या ने बताया कि लिबर्टी के पास ही मेट्रो सिनेमा (अब मेट्रो इनॉक्स) था, जिसने फिल्म को रिलीज करने से इनका दिया। तब लिबर्टी के तत्कालीन मालिक नजीर हुसैन ने सूरज बड़जात्या से संपर्क किया। राजश्री प्रोडक्शंस ने लिबर्टी सिनेमा में फिल्म रिलीज पर सहमति दी, लेकिन साथ ही शर्त रखी कि थिएटर को अपग्रेड करना होगा। उसमें अल्ट्रा स्टीरियो साउंड सिस्टम लगाना होगा और सबसे पहले महिलाओं के शौचालय को फिर से व्यवस्थित करना होगा।

### माधुरी की वो बैंगनी साड़ी जो बन गई थी फैशन सिंबल

'हम आपके हैं कौन!' की बात हो और माधुरी दीक्षत की बैंगनी साड़ी का जिक्र ना हो, ऐसा तो हो नहीं सकता। 'दीदी तेरा देवर दीवाना' गाने में माधुरी ने जो बैंगनी साड़ी और बैकलेस ब्लाउज पहना था, वो अन्ना सिंह ने डिजाइन किया था। 'टाइम्स ऑफ इंडिया' और 'द ट्रिब्यून' की रिपोर्ट बताती है कि इस साड़ी की मांग ना सिर्फ भारतीय बाजार में, बल्कि, विदेशों में भी खूब रही थी।

### एम एफ हुसैन ने कथित तौर पर 85 बार देखी थी फिल्म

फिल्म में माधुरी दीक्षित बला की खूबसूरत लगी थीं। कथित तौर पर दिवंगत मशहूर पेंटर एमएफ हुसैन ने इस फिल्म को 85 बार देखा था। सबसे दिलचस्प बात यह कि जब फिल्म के निर्माण के बाद सूरज बड़जात्या फिल्म को रिलीज करना चाहते थे, तब सब ने कहा था कि यह बुरी तरह फ्लॉप होगी। इतना ही नहीं, कुछ थिएर्स ने तो इसे रिलीज करने से इनकार कर दिया था। ऐसे में फिल्म पहले हफ्ते में बहुत ही कम सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। हालांकि, बाद में जब बड़े शहरों से लेकर छोटे शहरों में लोग ट्रैक्टर भर-भरकर फिल्म देखने पहुंचने लगे तो सिनेमाघर मालिकों की चांदी हो गई।

पहली बार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) घोटालों की रकम पीड़ितों को वापस करेगा। यह कोलकाता में रोज वैली समूह की कंपनियों की अटैच्ड फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) में जमा करीब 12 करोड़ रुपये को 22 लाख छोटे जमाकर्ताओं में बांटने से शुरू होगा। इन्हें आरोपित कंपनियों द्वारा अत्यधिक रिटर्न का वादा करके पैसे जमा करने के लिए लुभाया गया था लेकिन वे वादे कभी पूरे नहीं हुए।

## कलकत्ता हाईकोर्ट ने दिया है आदेश

# आम लोगों में बंटेंगे घोटाले के 12 करोड़, पहली बार होगा ऐसा

### पैसा जब्त ही नहीं, वापस भी करती है ईडी, 22 लाख लोगों के चेहरे पर आएगी खुशी

एजेंसी ▸▸| कोलकाता



पहली बार कोलकाता की एक स्पेशल पीएमएलए कोर्ट ने 24 जुलाई को ईडी को रोज वैली घोटाले में 11.99 करोड़ रुपये की 14 अटैच्ड एफडी को अदालत द्वारा मॉनिटर की गई एसेट डिस्पोजल कमेटी (एडीसी) को स्थानांतरित करने का निर्देश दिया। अदालत ने यह भी कहा कि इस राशि को वास्तविक दावेदारों को प्रोपोर्शनल बेसिस पर या एडीसी या अदालत के निर्देशानुसार वितरित की जाएगी।

**ऐसे पैसे लौटाएगा ईडी :** कोलकाता की अदालत ने पीएमएलए की धारा 8(8) के तहत एक रास्ता निकाला है। इसके तहत ईडी द्वारा जब्त की गई अटैच्ड संपत्तियों को किसी पीड़ित को सुपुर्द किया जा सकता है। ईडी को इस तरह की अटैच्ड संपत्ति के हस्तांतरण के लिए पंचनामा तैयार करना होगा जिसे ट्रायल के दौरान साक्ष्य के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

**कलकत्ता उच्च न्यायालय का निर्देश :** रोज वैली मामले में आए इस फैसले से पहले कलकत्ता उच्च न्यायालय का एक निर्देश आया था, जिसमें अदालत ने पश्चिम बंगाल में स्थित आरोपी कंपनी की संपत्तियों को सार्वजनिक नीलामी में बेचने और बिक्री से हुई आय को एक अलग खाते में जमा करने के लिए न्यायमूर्ति दिलीप कुमार सेठ की अध्यक्षता में एडीसी का गठन किया था।

**क्या है रोज वैली स्कैम? :** रोज वैली ग्रुप पर अलग-अलग राज्यों में निवेशकों से करीब 17,000 करोड़ जुटाने का आरोप है। यह पैसा मुख्य रूप से कम से कम आधा दर्जन राज्यों के ग्रामीण इलाकों में छोटे निवेशकों से जुटाकर इकट्ठा किया गया था। द इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार, सेबी ने पाया कि कंपनी ने 11.2 प्रतिशत से 17.65 प्रतिशत तक की ब्याज दरों के साथ योजनाएं पेश कीं। योजना में शामलि हो जाने के बाद उससे अलग होने का वकिल्प नहीं था। साथ ही, मयिाद पूरी होने से पहले निवेशक को पैसा वापस नहीं मिलने जैसे प्रावधान किए गए थे। जुलाई 2013 में एक जांच के दौरान कंपनी में कई तरह की गड़बड़ियां सामने आई थीं।

### ईडी नकदी और जब्त की गई अन्य संपत्तियों का क्या करता है?

ईडी को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत किसी मामले में संदिग्धों के परिसरों की तलाशी लेने का अधिकार है। ईडी आम तौर पर तलाशी वारंट के साथ संदिग्ध के पास पहुंचती है और तलाशी लेती है। तलाशी के दौरान की गई बरामद नकदी या सामान को स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में 'सीजर मेमो' बना कर जब्त किया जाता है। मेमो पर इन गवाहों को हस्ताक्षर करना होता है। पहले जब्त की गई नकदी को सरकारी अफसर खाते खुलवा कर जमा कराते थे। केस का फैसला होने तक पैसा खाते में ही रहता था। अगर अभियुक्त को दोषी ठहराया गया तो रकम सरकारी खजाने में जमा की जाती थी। अगर आरोपी बरी होता तो ब्याज सहित पूरी राशि उस वापस कर दी जाती थी।

## खबर संक्षेप

### पर्वतारोही रीना भट्टी ने लेनिन पर फहराया तिरंगा



**नई दिल्ली।** हिसार के श्यामलाल बाग की रहने वाली पर्वतारोही रीना भट्टी ने किर्गिस्तान की सबसे ऊंची चोटी माउंट लेनिन को फतह कर देश का तिरंगा फहराया है। इसकी रीना ने वीडियो बना खुशी जाहिर की है। माउंट एवरेस्ट को फतह कर चुकी रीना भट्टी 14 जुलाई को हिसार से रवाना हुई थी और 26 जुलाई को सुबह 10.36 बजे चोटी फतह कर देश का तिरंगा फहराया। रीना शुक्रवार को ही घर लौटी है।

### पाक को सौंपा गया घुसपैठिये का शव

**जम्मू।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने सोमवार को यहां अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान को उस व्यक्ति का शव सौंप दिया, जिसे हाल में अवैध रूप से भारत में घुसने की कोशिश करने के दौरान मार गिराया गया था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 31 जुलाई की रात सांबा जिले में खोरा सीमा चौकी पर बाड़ को पार करने का प्रयास करने वाले घुसपैठिए को गोली मार दी गई क्योंकि उसने बार-बार दी गई चेतावनियों को नजरअंदाज कर दिया था।

### उ.कोरिया ने सौंपे परमाणु संपन्न 250 मिसाइल लॉन्चर



**सियोल।** उत्तर कोरिया ने एक समारोह में अग्रिम मोर्चे पर तैनात सैन्य इकाइयों को परमाणु सक्षम 250 मिसाइल लॉन्चर सौंपे। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने अमेरिका के संभावित खतरों का मुकाबला करने के लिए अपनी सेना के परमाणु कार्यक्रम के निरंतर विस्तार का आह्वान किया।

### फ्लोरिडा में तूफान 'डेब्बी' के कारण आएगी भारी बारिश और बाढ़

**टैंपा (अमेरिका)।** तूफान 'डेब्बी' के सोमवार की सुबह फ्लोरिडा के बिग बेंड तट पर पहुंचने के आसार हैं जिससे रिकॉर्ड बारिश, विनाशकारी बाढ़ और जानलेवा तूफानी लहरें उठने का अनुमान है। यह तूफान जॉर्जिया और दक्षिण कैरोलिना के तटीय क्षेत्रों में रुकने से पहले राज्य के उत्तरी भाग में धीरे-धीरे बढ़ेगा। मियामी में राष्ट्रीय तूफान केंद्र ने रविवार शाम को कहा कि इस तूफान के कारण 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल रही हैं।

## अनुच्छेद-370 निरस्त किए जाने के पांच साल पूरे केंद्रीय मंत्री ने कही बड़ी बात

# मंत्री का दावा- जम्मू कश्मीर में सितंबर में होंगे विधानसभा चुनाव

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली/जम्मू



जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निरस्त किए 5 साल पूरे हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख के लोगों को विश्वास दिलाया कि केंद्र सरकार उनके लिए काम करती रहेगी और आने वाले समय में उनकी आकांक्षाओं को पूरा करेगी। इधर, केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने सोमवार को कहा कि जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव सितंबर में होंगे। जम्मू कश्मीर में भाजपा के चुनाव प्रभारी रेड्डी जम्मू के बाहरी इलाके में बाना सिंह स्टेडियम में, अनुच्छेद 370 के निरस्त किये जाने की पांचवीं वर्षगांठ पर अपनी पार्टी द्वारा आयोजित 'एकात्म महोत्सव' रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। रेड्डी ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के लोगों से विकास की गति बनाए रखने और आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए भाजपा को वोट देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पांच साल पहले, पांच अगस्त को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद से जम्मू कश्मीर में पाकिस्तान और इसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई की गतिविधियों पर काफी हद तक अंकुश लगा है। इस रैली में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और जम्मू कश्मीर के प्रभारी तरुण चुघ और भाजपा की जम्मू कश्मीर इकाई के अध्यक्ष रविंदर रैना अन्य प्रमुख वक्ताओं में शामिल थे। रेड्डी ने कहा, "विधानसभा चुनाव सितंबर में होंगे और हमें यकीन है कि लोग भाजपा को पूर्ण बहुमत से सत्ता में लाएंगे, क्योंकि पार्टी ने अनुच्छेद 370 को हटाकर और भीम राव आंबेडकर के संविधान को जम्मू कश्मीर तक विस्तारित करके राज्य में बदलाव लाए हैं।

### पीएम मोदी ने कहा-देश के लिए था ऐतिहासिक क्षण



*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि देश की संसद द्वारा पांच साल पहले आज ही के दिन संविधान के अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को निरस्त कर दिया गया था, जो हमारे देश के इतिहास में एक 'ऐतिहासिक क्षण' था। उन्होंने कहा, यह जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख में प्रगति और समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत थी। इसका मतलब था कि भारत के संविधान को इन स्थानों पर, संविधान बनाने वाले महान पुरुषों और महिलाओं की दृष्टि के अनुरूप अक्षरशः लागू किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के साथ ही उन महिलाओं, युवाओं, पिछड़ों, आदिवासियों और हाशिए के समुदायों को सुरक्षा, गरिमा और अवसर मिला जो विकास के लाभ से वंचित थे।*

### कांग्रेस, पीडीपी ने जम्मू में मनाया 'काला दिवस'



*कांग्रेस और पीडीपी ने सोमवार को अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त किये जाने की पांचवीं वर्षगांठ को 'काला दिवस' के रूप में मनाया और जम्मू-कश्मीर के विशेष राज्य के दर्जे की बहाली की मांग को लेकर रैलियां कीं। कांग्रेस की जम्मू-कश्मीर इकाई के प्रमुख विकार रसूल वानी ने काले कपड़े पहने हुए थे और एक रैली में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं का नेतृत्व किया। कार्यकर्ता काले झंडे लेकर आए थे।*

# सहारा मामले पर निर्मला ने जोड़े हाथ, बोलीं- कोर्ट में जाकर पूछिए

### संसद में विपक्ष ने पूछा था कितने निवेशकों को पैसा वापस मिला?

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली



संसद के मानसून सत्र का सोमवार को 11वां दिन है। लोकसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान सीकर (राजस्थान) से सीपीआई (एम) सांसद अमरा राम ने पूछा कि सहारा ग्रुप में निवेश करने वाले कितने लोगों को पैसा वापस किया और कितना किया? इस पर पहले वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि अभी तक 138 करोड़ रुपए वापस किए जा चुके हैं।

अमरा राम इस पर संतुष्ट नहीं हुए और दोबारा सवाल किया। इस बार वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बोलीं- कोर्ट में जाकर पूछिए। वित्त मंत्री बोलीं- सुप्रीम कोर्ट हमें सुपरवाइज कर रहा है। हमारे ऊपर हाथ उठाने का कोई फायदा नहीं है। सरकार निर्णय नहीं कर सकती। कोई सदस्य बाहर जाकर यह न बोले कि सरकार पैसे नहीं दे रही है। सरकार हाथ जोड़कर बुला रही है कि लोग कागजात के साथ आएं। हम पैसा देने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि सिरियस फ्रॉड इन्वेस्टीगेशन ऑफिस (एसएफआईओ) रिफन्ड मामले की पूरी जांच कर रहा है।

# पटना के पंजाब नेशनल बैंक में दिनदहाड़े 21 लाख की लूट



एजेंसी ▸▸| पटना

बिहार से लूटपाट की एक बड़ी खबर सामने आई है। बदमाशों ने दिनदहाड़े पंजाब नेशनल बैंक में लूट की। पहले बदमाश कस्टमर बनकर बैंक के अंदर घुसे, फिर हथियार दिखाकर किचन में लोगों को बंधक बनाया। इसके बाद उन्होंने कर्मचारियों से बैंक का लॉकर खुलवाया और 21 लाख रुपये लेकर फरार हो गए। पटना के दुल्हिन बाजार थाना क्षेत्र के गांव कोरैया में पंजाब नेशनल बैंक की एक शाखा स्थित है। 3-4 नकाबपोश हमलावर सोमवार सुबह 10 से 10.30 बजे के बीच पीएनबी बैंक के अंदर घुसे। उन्होंने हथियार से बैंक के अंदर मौजूद लोगों को डराया और फिर किचन में ले जाकर बंद कर दिया। इसके बदमाशों ने बंदूक दिखाकर कर्मियों से बैंक का लॉकर खुलवाया। बदमाश 30 मिनट के अंदर 21 लाख रुपये लूट ले गए। बैंक मैनेजर के अनुसार, 21 लाख रुपये की लूट हुई। बताया जा रहा है कि लुटेरे काले रंग की अपाचे बाइक से आए थे। बैंक मैनेजर ने लूट की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन कर रही है।

### सीसीटीवी का डीवीआर भी ले भागे

*पटना के एसएसपी राजीव मिश्रा ने इस मामले को लेकर बताया कि आरोपी सीसीटीवी का डीवीआर अपने साथ लेकर चले गए। अब बैंक के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं। लूट के बाद बदमाश जिस ओर भागे हैं, वहां की पुलिस अलर्ट कर दिया है। जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।*

## हिंदू महासभा की जिलाध्यक्ष है आरोपी महिला

# ताजमहल में महिला ने लहराया भगवा, किया गया गिरफ्तार

एजेंसी ▸▸| आगरा



आगरा के ताजमहल में घुसकर एक महिला ने मुख्य गुंबद पर गंगा जल चढ़ाया और भगवा कपड़ा लहराया। सीआईएसएफ ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तो कहा, बोतल में गंगाजल लेकर आई थी। महिला पिछले सोमवार कांवड़ लेकर पहुंची थी, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने रोक लिया था। सीआईएसएफ ने बताया कि महिला की पहचान अखिल भारत हिंदू महासभा की आगरा जिलाध्यक्ष मीरा राठौर के रूप हुई है। 7 दिन पहले भी वह जल चढ़ाने आई थी, लेकिन, तब अंदर नहीं पहुंच पाई थी। इस सोमवार भी सीआईएसएफ के जवान उसे देखते ही दौड़कर पहुंचे, लेकिन महिला भागने लगी। जवानों ने महिला को दौड़ाकर पकड़ लिया। दरअसल, पिछले सोमवार महिला जब मीरा कासगंज के सोरो से कांवड़ लेकर आई थी, तब उसे पुलिस ने ताजमहल के पश्चिमी गेट पर रोक लिया था। 2 घंटे गेट पर खड़ी रही, बाद में प्रशासन ने राजेश्वर मंदिर में जल चढ़वा दिया था। मीरा ने उस उसय कुछ गंगा जल बचा लिया था। जिसे 5 अगस्त को ताजमहल में चढ़ाया।

### 3 अगस्त को युवकों ने मकबरे पर चढ़ाया था गंगाजल

ताज महल में दो दिन पहले यानी 3 अगस्त को 2 युवकों ने मुख्य मकबरे पर जल चढ़ाया था। उनका कहना था कि बोतल में गंगाजल लेकर गए हैं। आगरा पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। युवकों की पहचान श्याम और वीनेश कुंतल के रूप में हुई थी। दोनों अखिल भारत हिंदू महासभा के सदस्य हैं।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

Appointment आवश्यकता

ड्रायवर
आवश्यकता है- फैक्टरी में बोलेरो एवं टाटा एस चलाने हेतु अनुभवी ड्राईवर की आवश्यकता है। पता- कविता पालिमर उरकुरा रेल्वे स्टेशन भनपुरी रायपुर 7828656506. (RO-1732)

घरेलु/ऑफिस कार्य
आवश्यकता है- घरेलू कार्य, एवं ऑफिस में कॉलिंग कार्य हेतु अलग- अलग लड़की /महिला चाहिए टाइम 9 से 7 खाना रहना फ्री पार्ट/फुल टाइम पता: गोकुल टावर, गोगांव नियर, अशोकनगर गुढ़ियारी रायपुर 9039321951.(RO-2912)

हरिभूमि

टीचर
आवश्यकता है- कक्षा नर्सरी से 8वीं तक सभी विषय पढ़ाने के लिए केवल शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। संपर्क:- *देव्यानी पब्लिक स्कूल,पुराना धमतरी रोड डूंडा*। मो. 9303013584, 8959313304.(RO-6044)

आवश्यकता
आवश्यकता है- अनुभवी महिला की जिसे कंप्यूटर और टैली, जीएसटी बिलिंग, खरीदी बिक्री स्टॉक और जेम टेंडर का ज्ञान हो केवल रायपुर से बाहर वाले को आवास निशुल्क संपर्क:- 9830027878. (RO-2917)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

Healthcare



छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

पेट्रोल पंप कर्मी
आवश्यकता है- मैसर्स- शारदा प्रसाद साव पेट्रोल पंप अवंती बाई चौक कोहका रोड भिलाई में पेट्रोल डीजल डालने हेतु लड़कों (DSM) की आवश्यकता है। Mob- 7692888808, 9926123539, 8319153895.(आरो न.-552)

सेल्समैन
आवश्यकता है- रायपुर व दुर्ग जिले में किर्लोस्कर पंप विक्रय हेतु सेल्समेन की आवश्यकता है, सम्पर्क: निर्मल सेल्स, मो. 7566578910. (RO-7498)

दुकान/गोदाम कार्य
आवश्यकता है- रेडीमेड शॉप में कार्य करने हेतु लड़के और लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क प्रभु दयाल वस्त्र भंडार 10:30 से 1:00 बजे तक पता सर्कुलर मार्केट कैंप 2भिलाई-9424115226, 9826433031.(आरो न.-551)

आवश्यकता है- दुकान/गोदाम कार्य हेतु मेहनती युवक की आवश्यकता है। तुरन्त संपर्क करें। योग्यता आठवीं पास-रायुपर कृषि केन्द्र, शॉप नं. 124 एस के प्लाजा काम्प्लेक्स बाम्बें मार्केट रायपुर (RO-1619)

सहायक कर्मी
आवश्यकता है- दुध काउंटर में काम करने एक सहायक की आवश्यकता है। आठवी पास वेतन 9000 परिवार सहित रहने खाने की सुविधा निशुल्क पता एवंन गर्ल्स हॉस्टल कुरूद रोड कोहका भिलाई। 9329452667 9425293151.(आरो न.-553)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

अकाउन्टेंट/टेलीकॉलर
आवश्यकता है- कलेक्शन एजेंसी को भिलाई में (1)अकाउंटेंट पद 05, वेतन-(10000-25000) (2) टेलिकॉलर पद 20 ,वेतन (7000-12000) (3) ऑफिस बॉय पद 02 वेतन - 8000 +TA (4) फील्ड एग्जीक्यूटिव पद 10, वेतन 10000 +TA Contact : 7611107560, 9589049626, इ जेनेसिस, 4 /16 दक्षिण गंगोत्री, भिलाई.(SP/883)

सिक्योरिटीगार्ड
आवश्यकता है- "होटल" जेलरोड, तेलीबांधा हेतु सुपरवाइजर 8, सुरक्षा गार्ड 45, लेडी गार्ड 8, ड्राइवर 8, कंप्यूटर ऑपरेटर 10, योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर (आवास एक टाइम भोजन फ्री गार्ड हेतु) वेतन 11000/- से 15000/- संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED 434 चतुर्थतल प्रोग्रेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर मोबाइल नंबर:- 7746000016, 7747000019. (RO-2915)

ऑफिस कार्य/टेलीकॉलर
आवश्यकता है- दुर्ग एवं भिलाई ऑफिस में टेलीकॉलिंग कार्य करने हेतु युवतियों एवं महिलाओं की आवश्यकता है। योग्यता 5वीं से स्नातक। वेतन- 4000 + कमीशन। संपर्क - मो. - 9131259311, 9685734144.(आरो न.-554)

अतिशीघ्र आवश्यकता- ऑफिस एवं टैलीकालिंग कार्य हेतु युवक की, योग्यता 10वी, 12वी, स्नात्तक, सैलरी- 10,000/- + कमीशन + बोनस + इन्सेंटिव + रहना फ्री + काम के आधार पर प्रमोशन ट्रेनिंग बाद 15,000/- - 20,000/- कमाने का मौक - 9039470547, 8815522974.(RO-377)

आवश्यकता है- शहर से बाहर ऑफिस कार्य हेतु 18-28 वर्ष के 10वी, 12वी, स्नातक अविवाहित लड़के चाहिए वेतन 10000+ रहना, खाना फ्री ट्रेनिंग पश्चात 20000 से 25000 शीघ्र सम्पर्क करें- 8871422576, 9981576163. (RO-35016)

हेल्पर
आवश्यकता है- बिस्कुट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़को की आवश्यकता है रूम बिजली की सुविधा फ्री। पता- बंजारी मंदिर के पास, रावाभाटा, रायपुर, 7471176423.(RO-34982)

अन्य
आवश्यकता है- Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 7003467406, 7645886307. (RO-383)

Business व्यापार
व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़- 7869755871. (RO-2894)

Finance फायनेंस
फाइनेंस- लोन ! लोन! लोन धानी फाइनेंस (मुद्रा लोन, पर्सनल, बिजनेस, उद्योग, दुकानदारी, पशुपालन, कृषि, प्रॉपर्टी, मार्कशीट लोन , सभी लोन , 1- 95 लाख तक (2% ब्याज , 40 % छूट) संपर्क:- 8964853756 (RO-381)

फाइनेंस - बालाजी फाइनेंस की तरफ से मार्कशीट लोन , होम लोन , प्रॉपर्टी लोन , कृषि लोन, पर्सनल लोन, 1 लाख - 95 लाख तक 0% ब्याज , 35% छूट महिलाओं के लिए विशेष छूट :- 6269446904. (RO-384)

Astrology ज्योतिष
ज्योतिष - शास्त्रीजी घरबैठे सभी समस्याओं का समाधान प्यार धोखा, वशीकरण, सौतन छुटकारा लवमैरिज, रूठो को मनाना, ग्रहक्लेश, किया कराया, प्रेमी , पती, संतान कहने से बाहर होतो संपर्क करे समस्या केसीभी जड़से खत्म 7347259119.(RO-13135)

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** नाबालिग के साथ अनाचार करने के मामले में पुलिस एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि 13 वर्षीय नाबालिग के साथ अनाचार करने वाले युवक जितेन्द्र उर्फ जीतू की तलाश कर उसे पकड़ा गया। आरोपी को पुलिस ने सुपेला क्षेत्र देखने की सूचना पर घेराबंदी कर गिरफ्तार किया।

# खेल रहा कमार बच्चा गायब तेंदुए के उठा ले जाने की आशंका

**घर के पास मिले जंगली जानवरों के पैर के निशान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

सिहावा क्षेत्र से एक हृदय विदारक घटना सामने आई है, जहां 3 साल का बच्चा घर के बाहर खेल रहा था और परिवार घर के अंदर खाना खा रहा था, जब पिता बाहर आए तो बच्चे को गायब पाया। बहुत खोजबीन करने पर कोई पता नहीं चलने पर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई।

मामला सिहावा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोरमुड़ का है। यहां कमार परिवार की बस्ती है जो जंगल पहाड़ी बांध से लगी हुई है। घटना रविवार की शाम लगभग 7 बजे की है। पूरी बस्ती के लोग हरेली त्योहार मनाकर अपने अपने



घर जा चुके थे। योगेश्वर मरकाम भी अपने परिवार संग खाना खाने लग गया। इधर उनका बेटा तिरेश मरकाम खाना खाकर बाहर खेलने चला गया। थोड़ी देर बाद जब योगेश्वर घर के बाहर निकला तो उसे तिरेश दिखाई नहीं दिया। सभी उसे ढूंढने में लग गए जब नहीं मिला तो पुलिस को खबर की। पुलिस मौके पर पहुंची तो घर के पास जंगली जानवरों के पैर के निशान पाए गए। बच्चे को जानवरों द्वारा उठा ले जाने की आशंका से वन विभाग को सूचित किया गया। वन विभाग ने भी मौके का मुआयना किया तो पाया कि शायद तेंदुआ बच्चे को उठा ले गया है। वन विभाग और पुलिस की टीम खोजबीन में लगी हुई है। वहीं परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। इस घटना से बस्ती वाले दहशत में है।

# सांकरा परिक्षेत्र में 40 हाथी कर रहे विचरण



**धमतरी।** नगरी के जंगल में सिकासेर हाथी दल के करीब 40 हाथी विचरण कर रहे हैं। आसपास के आठ गांव को हाई अलर्ट किया गया है। हाथी निगरानी दल प्रभारी संदीप सोम ने बताया कि सिकासेर हाथी दल नगरी परिक्षेत्र के कक्ष क्र. 342, 344 होते हुए सांकरा परिक्षेत्र के कक्ष क्र. 343, 360 के लिए निकल गया है। इसे सांकरा परिक्षेत्र स्टाफ द्वारा ट्रैक किया जा रहा है। हाथी विचरण क्षेत्र के गांवों के लोगों को जंगल जाने से मना किया गया है। शाम को जंगल के रास्ते से गुजरने से मनाही है। मोटरसाइकिल से आवाजाही नहीं करने की हिदायत दी गई है।

# मध्यरात्रि में अवैध लकड़ी ले जा रहा सुमो और पिकअप पकड़ाया

**जगदलपुर।** बीजापुर जिले के भोपालपटनम क्षेत्र में वन विभाग की निगरानी से तेलंगाना के तस्कर बच नहीं सके। मिली जानकारी के मुताबिक तारलागुड़ा वनजांच नाका में बीती रात 1 बजे सागौन ले जा रहे वाहनों को पकड़ा गया। नाका में पदस्थ कर्मचारियों ने टाटा सुमो और पिकअप को जब्त किया है। बताया गया कि मौके से तस्कर और ड्राइवर फरार हो गए हैं। जब्त ईमारती लकड़ी और वाहन का मुल्य आंक कर वन अपराध के अंतर्गत प्रकरण बनाया जा रहा है। जब्त वाहनों को जांच नाका के डिपो में रखा गया है। इस




## पूर्व तट रेलवे
### निविदा आमंत्रण सूचना

**3) निविदा सं. 30246443, दिनांक : 29.07.2024**

कार्य का नाम : (क्रमांक : 01 - 04) 250KVA DG सेट AMF पैनल, 3PH, 415V, लिक्विड कूल्ड, इलेक्ट्रॉनिक प्रकार के गवर्नर, ध्वनिक संलग्नक और बैटरी आदि की आपूर्ति। संलग्न तकनीकी विनिर्देश के अनुसार। [मात्रा : 01 संख्यक (क्रमांक : 01 - 04 के लिए)]

मात्रा : 04 संख्यक।

**4) निविदा सं. 30246879, दिनांक : 29.07.2024**

कार्य का नाम : मानक फिटिंग के साथ IS:1180 (भाग-1)/2024 या नवीनतम के अनुरुप और ट्रांसफॉर्मर तेल के पहले भराव के साथ 500KVA, 11/0.4KV, 3 फेज, 50Hz, आउटडोर प्रकार, ओनान कूल्ड, डेल्टा/ स्टार (DYN 11 ग्रुप), कॉपर वाउंड प्लिंथ माउंटेड ट्रांसफॉर्मर की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। ऊर्जा दक्षता : तालिका-6 का स्तर 2, निर्माता : किर्लोस्कर, ABB, क्रॉम्पटन, L&T या समान।

मात्रा : 03 संख्यक।

द्रष्टव्य : सामग्री 90 दिन (दोनों निविदा हेतु) के भीतर आपूर्ति की जानी चाहिए।

निविदा खुलने की तिथि एवं समय : दिनांक 27.08.2024 को 1500 बजे (दोनों निविदा हेतु)।

सभी का **निरीक्षण TPI एजेंसी द्वारा** किया जाता है ।

संपूर्ण विस्तृत विवरण : www.ireps.gov.in में उपलब्ध होंगे।

PR-385/P/24-25 वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक/ वाल्टियर



## अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)
कोनी पुलिस थाना के सामने, बिलासपुर- रतनपुर मार्ग, कोनी, बिलासपुर (छ.ग.)
पिन- 495009, वेबसाईट www.bilaspuruniversity.ac.in, ईमेल-आईडी registrar@bilaspuruniversity.ac.in

क्रमांक/698/स्था. प्रशा/2024 बिलासपुर, दिनांक 03.08.2024

### शुद्धि-पत्र

विज्ञापन क्रमांक/459/Estt.Admn/Rec./2024 बिलासपुर, दिनांक 14.06.2024 शुद्धि पत्र क्रमांक 537 /स्था. प्रशा/ 2024 दिनांक 05/07/2024 के द्वारा शिक्षकीय पदों के लिए विज्ञापन जारी करते हुए दिनांक 05/08/2024 तक आवेदन आमंत्रित किये गये है, में वृद्धि करते हुये दिनांक 27/08/2024 सायं 5:30 बजे तक आवेदन आमंत्रित किये जाते है । शेष एवं अन्य जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.bilaspuruniversity.ac.in का अवलोकन करें ।

S-41080/1 कुलसचिव


## वाहन की ठोकर से युवक की मौत

**भिलाई।** अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है। अमलेश्वर पुलिस ने बताया कि जामगांव एम तारा मार्ग पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार सोमवार की 8 बजे ग्राम तर्रा निवासी सुरेंद्र ठाकुर अपनी मां जानकी ठाकुर के साथ जामगांव एम से तर्रा की तरफ वापस आ रहा था। अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने पीछे से बाइक को ठोकर मार दी। घटना से सुरेंद्र को गंभीर चोट आई। जिसे रायपुर एम्स उपचार के लिए भेजा गया। जहां उसकी मौत हो गई। मृतक पाटन का रहने वाला है।

## अंधेरे में पुल के नीचे गिरा युवक, कीचड़ में फंसा, गई जान

**गंडई।** लगभग एक हफ्ते से अधिक समय से मानसिक रूप से विक्षिप्त 35 वर्षीय युवक गंडई क्षेत्र में आया था। उसने अपना रात्रि का ठिकाना ग्राम पंचायत चकनार में दैहान के पास स्थित मंच को बना रखा था। पूरे दिन इधर-उधर घूमकर रात्रि में चकनार पहुंचकर वहीं सो जाया करता था। गांव वाले भी दयाभाव से कुछ-कुछ सामान खाने को दे दिया करते थे। बीते दिन रविवार 4 अगस्त की रात्रि उक्त मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक चकनार में ग्राम पंचायत भवन से 200 मीटर आगे पुल से नीचे गिर गया और कीचड़ में फंस कर रह गया। सुबह बड़ी मुश्किल से ग्राम के युवाओं ने उसे निकाला और उसकी साफ-सफाई किया, खाना खिलाया। सुबह 8 बजे तक युवक जिंदा रहा और फिर उसकी मौत हो गई। मामले पर गंडई थाना में सूचना दिया गया। पुलिस ने दोपहर लगभग 2 बजे उसके शव को गंडई हास्पिटल ले गए। इस मामले पर गंडई थाना प्रभारी भीमसेन यादव ने बताया कि युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त है। उसके परिवार का पता किया जा रहा है।

## कर्ज से परेशान कर्मी ने लगाई फांसी

**भिलाई।** होटल में खाना बनाने वाले कर्मी ने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि रविदास नगर निवासी माधो दलाई ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक का मूल निवास ओडिशा है। बीते कई सालों से भिलाई में रहकर एक होटल में खाना बनाने का काम करता था। मृतक रविदास नगर में किराए का मकान लेकर 5 वर्षों से अकेले रह रहा था। बताया जा रहा है कि माधो शराब पीने का आदी था। इसी के चलते उसने लोगों से काफी कर्ज लिया हुआ था। मृतक को कर्जदार रोज पैसा देने के लिए तंग किया करते थे। पैसा न चुका पाने से कर्जदार उसके ऊपर दबाव बना रहे थे। इससे परेशान होकर आत्महत्या कर लिया। मृतक रोज की भांति रविवार की दोपहर होटल से खाना बनाकर अपने घर पहुंचा। कमरे को बंद कर फांसी पर झूल गया। शाम 6 बजे मकान मालिक ने उसे फंदे पर लटका देखा। तुरंत डायल 112 में फोन कर पुलिस को सूचना दी।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/RANCHI/08/2024-25 E-tender

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राँची जिला के अनगड़ा प्रखण्ड् अंतर्गत सुरसू पंचायत के महुवाबेड़ा–पुटादाग नाला पर पुल निर्माण। | 411.296 | 8,22,600 | 10,000 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 16.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 20.08.2024 से दिनांक 27.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, राँची।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 29.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9122180770
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है, तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची

PR 331891 Rural Development (24-25)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची

### ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/RANCHI/05/2024-25 E-tender

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राँची जिला के अनगड़ा प्रखण्ड् में जोन्हा मुसंगू मुख्य पथ से डव टोला के बीच पुलिया निर्माण। | 330.848 | 6,61,700 | 10,000 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 16.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 20.08.2024 से दिनांक 27.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, राँची।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 29.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9122180770
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है, तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।

PR.NO.331905 Rural Development(24-25):D



## कार्यालय कलेक्टर जिला गरियाबंद (छ.ग.) एवं पदेन उपसचिव छ.ग. शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

### // प्रारंभिक अधिसूचना //

**भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक 202112221800008/1-82::** गरियाबंद, दिनांक

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे अनसूची के कालम (01) से (05) में दर्शित भूमि की अनुसूची के कालम (07) में दर्शित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है।

अतएव भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (जिसे एतद द्वारा अधिनियम 2013 कहा जावेगा) की धारा 11 की धारा (1) के उपबंधों के अनुसार सर्वसंबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन एतद द्वारा अनुसूची के कालम (06) में उल्लेखित प्राधिकारी को उपरोक्त भूमि के संबंध में धारा 12 के अंतर्गत दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता हैः-

**अनुसूची**

अर्जित की जाने वाली भूमि का प्रकार जिला गरियाबंद, तहसील अमलीपदर, ग्राम सागडा, धारा 12 द्वारा प्राधिकृत अधिकारी, कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग गरियाबंद सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण रताखण्ड व्यपवर्तन योजना के भाखा नहर निर्माण हेतु

| खसरा नंबर | क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) | खसरा नंबर | क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) | खसरा नंबर | क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) | खसरा नंबर | क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) | खसरा नंबर | क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 14/1 | 0.070 | 309 | 0.010 | 303/4 | 0.300 | 325 | 0.400 | 501 | 0.070 |
| 14/2 | 0.150 | 71 | 0.080 | 303/3 | 0.080 | 326 | 0.160 | 302 | 0.030 |
| 14/3 | 0.110 | 303/1 | 0.320 | 297/2 | 0.090 | 337 | 0.150 | | |
| **योगः- कुल खसरा नंबर 14 कुल रकबा 2.02 हेक्टेयर** | | | | | | | | | |

02/-यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि में कोई भी हितबद्ध व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि के 60 दिवस के भीतर अर्जित की जाने वाली भूमि के क्षेत्रफल / उपयुक्तता /लोक प्रयोजन के औचित्य /सामाजिक समाधात निर्धारण के बारे में अपना दावा-आपत्ति लिखित में कलेक्टर को स्वयं अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अधिनियम 2013 की धारा 15 की उपधारा (1) के अंतर्गत प्रस्तुत कर सकेगा।

03/-भूमि का नक्शा/प्लान का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मैनपुर जिला गरियाबंद (छ०ग०) के कार्यालय में देखा जा सकता है।

04/- प्रस्तावित भू-अर्जन से किसी भी प्रभावित परिवार का विस्थापन निहित नहीं है।

05/- प्रस्तावित प्रयोजन के भू-अर्जन के लिए कराये गये सामाजिक समाघात अध्ययन के अनुसार भूमि का अर्जन अंतिम विकल्प के रूप में किया जाना प्रस्तावित है तथा भूमि अर्जन से सामाजिक समाघात की तुलना में सामाजिक लाभ अधिक होना पाया गया है।

06/- प्रस्तावित भू-अर्जन के लिए अधिनियम 2013 की धारा 43 के तहत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मैनपुर जिला गरियाबंद (छ०ग०) को पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन प्रशासक नियुक्त किया गया है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

कलेक्टर गरियाबंद
एवं पदेन उप सचिव छ.ग.
शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

G-242501603/1



## कार्यालय, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग दुर्ग (छ.ग.)

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक - 10
Email id : ee-res.durg@gov.in

ज्ञा.क्रं. 1596 / व.ले.लि. / ग्रा.यां.से. / 2024-25 दुर्ग, दिनांक 02/08/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | Development of garden, footpath with paver block open gym for elderly persons, steel chairs etc. S.T.No. 157133 | 20.07 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 02.08.2024 से देखी जा सकती है एवं ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 16.08.2024 तक है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दुर्ग (छ.ग.)

G-242501617/2



## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, दन्तेवाड़ा
(फोन / फैक्स नं. -07856-252362, ई - मेल -eedan-phe-cg@nic.in)

निविदा सू. क्रं./01 / त.शा./ का.अ./ लो.स्वा. यां. / 2024

दन्तेवाड़ा, दिनॉक : 01.08.2024

### // द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //

एकीकृत पंजीयन व्यवस्था प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र "ए" प्रतिशत दर पर निम्नलिखित कार्य हेतु (Online) निविदा आमंत्रित की गयी है ।

| क्र. | सिस्टम टेण्डर क्रमॉक | कार्य का विवरण / ग्राम / विकासखण्ड | निविदा आमंत्रण | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 157042 | विकासखण्ड कुआकोण्डा के ग्राम अरनपुर के कोंडापारा 111 बटालियन सी.आर.पी.एफ. कैम्प से कमलपोस्ट 231 बटालियन कैम्प में 5 एच. पी. सबमर्सिबल पम्प स्थापना व 63 मि.मी. व्यास के एच. डी. पी. पाईप लाईन विस्तार कार्य । | द्वितीय काल | 22.56 |
| | | कुल योग | | 22.56 |

निविदा की सामान्य शर्ते एवं अन्य जानकारी वेबसाईट पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in पर दर्शित है।

टीप :- निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनॉक 16.08.2024 है ।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड दंतेवाड़ा

G -242501595/2



## छत्तीसगढ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड सिलतरा
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छ.रा.वि.म. की उत्तरदायी कंपनी)

### बिजली बंद की सूचना

समस्त सम्माननीय अति, उच्चदाब, उच्चदाब एवं निम्न दाब उपभोक्ताओ को सूचित किया जाता है कि सिलतरा संभाग अंतर्गत 33/11 के.व्ही फिडरों एवं 11 के.व्ही फिडरों, मे अति आवष्यक सुधार कार्य किये जायेंगे, जिसके कारण दिनांक 07.08.2024 दिन बुधवार को समय सुबह 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक विद्युत प्रवाह बंद रहेगा। जिसके कारण प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी। आवष्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

| क्र. | दिनांक | दिन | फीडर | समय | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 07.08.2024 | बुधवार | 33 के.व्ही. जोरावर फीडर | सुबह 10 से शाम 05 बजे | मेसर्स एस.के.ए. इस्पात प्रा.लि. |
| 2 | 07.08.2024 | बुधवार | 33 के.व्ही. सी.जी. इस्पात 33 के.व्ही. हनुमान फीडर | सुबह 10:30 से शाम 05:30 बजे | फीडर से विद्युत आपूर्ति प्राप्त समस्त उच्चदाब औद्योगिक उपभोक्ता |
| 3 | 07.08.2024 | बुधवार | 33 के.व्ही. महेन्द्रा स्पंज फीडर | सुबह 11 से शाम 06 बजे | मेसर्स महेन्द्रा स्पंज एण्ड पावर |
| 4 | 07.08.2024 | बुधवार | 33 के.व्ही. रश्मि स्पंज फीडर | सुबह 11 से शाम 06 बजे | मेसर्स रश्मि स्पंज एण्ड पावर |
| | 07.08.2024 | बुधवार | 33 के.व्ही. देवी ऑयरन फीडर | सुबह 11 से शाम 06 बजे | मेसर्स देवी ऑयरन एण्ड पावर |
| 5 | 07.08.2024 | बुधवार | 11 के.व्ही पठारीडीह फीडर | सुबह 10 से शाम 05 बजे | ग्राम - मुरेठी, बहेसर, |
| 6 | 07.08.2024 | बुधवार | 11 के.व्ही सोण्डरा फीडर | सुबह 10 से शाम 05 बजे | औद्योगिक क्षेत्र सोण्डरा |
| 7 | 07.08.2024 | बुधवार | 11 के.व्ही अविनाष फीडर | सुबह 10 से शाम 05 बजे | एस. के. एस रोड औद्योगिक क्षेत्र |
| 8 | 07.08.2024 | बुधवार | 11 के.व्ही टाड़ा फीडर | सुबह 10 से शाम 05 बजे | ग्राम –टाड़ा |
| 9 | 07.08.2024 | गुरूवार | 11 के.व्ही. फेस - दो फीडर | सुबह 10 से शाम 05 बजे | फीडर से विद्युत आपूर्ति प्राप्त समस्त उच्चदाब औद्योगिक उपभोक्ता |

विद्युत संबंधित शिकायतें केन्दीकृत कॉल सेन्टर के फोन नं. 1912 पर दर्ज कराऐं ।

"असुविधा के लिए खेद है"

कार्यपालन अभियंता
( संचा. / संधा. ) संभाग
छ.रा.वि.वि.कं.मर्या. सिलतरा

S-41081/2



## संचालनालय, आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष), छत्तीसगढ़
ब्लॉक-1, तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर 492002 फोन नं. (0771) 2221640, फैक्स-2221641
ईमेल- cgayush@gmail.com

### :: धन्वन्तरि सम्मान 2024 के लिए प्रविष्टियां ::

छत्तीसगढ़ शासन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा शिक्षा तथा शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राज्य स्तरीय "**धन्वन्तरि सम्मान**" स्थापित किया गया है, जिसके लिए प्रविष्टियां / अनुशंसाएं आमंत्रित है.

1.चयन समिति की अनुशंसा पर शासन द्वारा अंतिम रूप से घोषित व्यक्ति/संस्था को एक लाख रूपये नगद और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जायेगा.

2.प्रविष्टियां निर्धारित प्रपत्र में तैयार कर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दिनांक 02.09.2024 तक प्राप्त हो जाना चाहिए। विलम्ब से प्राप्त होने वाली प्रविष्टियों पर विचार नहीं किया जावेगा ।

3. जिस लिफाफे में प्रविष्टियां भेजी जावें, उस पर "धन्वन्तरि सम्मान 2024" अंकित किया जाना आवश्यक है ।

आवेदन का प्रारूप संचालनालय आयुष के वेबसाईट WWW.AYUSH.CG.GOV.IN Or WWW.CGHEALTH.IN से प्राप्त किया जा सकता है ।

संचालक
आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष), छत्तीसगढ़

G- 242501609/1



## छत्तीसगढ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग धरमजयगढ़ जिला-रायगढ़ (छ.ग.)

### शुद्धि पत्र क्र. 1

निविदा सूचना क्र. 02/व.ले.लि./2024-25 दिनांक 10.07.2024 निविदा सिस्टम नं. 155919 (प्रथम आमंत्रण) जिसका जी. क्र. 242501006/7 दिनांक 12/07/2024 में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है-

| स. क्र. | विवरण | पूर्व प्रसारित तिथि | संशोधित तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|
| 2. | Bid Due date & time (The last date & time for submission of bid response, after which no bids can be submitted.) | 01-08-2024 | 12-08-2024 | 17.30 |
| 3. | Bid Open, Start date & time (The date of opening of Envelope-A & B online) | 02-08-2024 | 13-08-2024 | 11.30 |

नोटः- निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग धरमजयगढ़
जिला-रायगढ़ (छ.ग.)
कृते. मुख्य अभियंता मिनीमाता
(हसदेव) बांगो परियोजना बिलासपुर (छ.ग.)

G-242501598/5



## HIGH COURT OF CHHATTISGARH: BILASPUR

### District Judge (Entry Level) Examination 2023
### Direct Recruitment from Advocates (Bar)

Applications from Indian Citizens are invited in the cadre of Chhattisgarh Higher Judicial Service in the revised pay scale of Rs. 144840-194660 under Level J-5 of new pay matrix in the cadre of Higher Judicial Service by direct recruitment from Advocates (Bar). Recruitment to these posts and conditions of service shall be governed by the Chhattisgarh Higher Judicial Service (Recruitment and Conditions of Service), Rules 2006, as on the last date of submission of application forms.

1. Application in prescribed format must reach the Registry by 31/08/2024 till 5.00 PM.
2. Date of Written Examination 10/11/2024 (Sunday).

**Total Vacancy:-** 37 (Unreserved - 30 {including 09 posts for women candidates}, Scheduled Castes -02, Scheduled Tribes 02, Other Backward Classes-03)

**Eligibility:-** 1) LL.B.
2) Has for atleast seven years been an advocate as on 01/01/2024.

**Age :-** He/ She has attained the age of 35 years and has not attained the age of 45 years on the first day of January, 2024.

Examination Fee:- Rs. 700/- for Scheduled Castes, Scheduled Tribes and Other Backward Classes ( non creamy layer) who are the bonafide residents of State of Chhattisgarh, and Rs. 1000/- for the candidates belonging to Unreserved Category and also for all the candidates belonging to Other States. Fee is to be deposited in the form of Challan only with SBI branches through Core Banking Network all over India. The original copy of Challan must be attached along with application form. Challan form is available along with application form on our website i.e. https://highcourt.cg.gov.in

**NOTE :-** 1- Relaxation will be given as per Rules.
2- This is only for information. For details please see our website i.e. https://highcourt.cg.gov.in

G-242501623/3 **Registrar General**



## जिला परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, जिला द.ब. दंतेवाड़ा (छ.ग.)
पता - कलेक्ट्रेड परिसर, जिला शिक्षा कार्यालय परिसर दंतेवाड़ा
ईमेल आईडी - mis.dantewada@gmail.com

क्रमांक/324/समग्र शिक्षा/ईई/ घुड़सवारी/2024 दंतेवाड़ा/दिनांक 02/08/2024

### -: रूचि की अभिव्यक्ति :-

जिला प्रशासन दंतेवाड़ा द्वारा जिले के विकासखण्ड गीदम अंतर्गत स्थिति अटल बिहारी वाजपेई एजुकेशन सिटी जावंगा में संचालित विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को घुड़सवारी और घुड़सवारी प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने वाली इच्छुक पंजीकृत संस्थाओं से "रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित कर रहा है। इच्छुक पंजीकृत संस्थाएं रूचि की अभिव्यक्ति में निर्धारित प्रपत्र में सीलबंद रूचि की अभिव्यक्ति लिफाफा दिनांक 21/08/2024 (दोपहर 2.00 बजे तक) जिला परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा में स्वयं उपस्थित होकर या रजिस्ट्रर्ड पोस्ट एवं कोरियर के माध्यम से जमा किया जा सकता है। उक्त निविदा के संबंध में प्रपत्र एवं अन्य शर्तों का विवरण जिले की आधिकारिक वेबसाईट http://www.dantewada.gov.nic.in से डाउनलोड कर इच्छुक पंजीकृत संस्थाए रूचि की अभिव्यक्ति में दिये गये नियम एवं कंडिकाओं के आधार पर आवश्यक दस्तावेजों सहित स्वयं उपस्थित होकर, रजिस्ट्रर्ड पोस्ट एवं कोरियर के माध्यम से रूचि की अभिव्यक्ति जमा कर सकते है। रूचि की अभिव्यक्ति जमा करने की अंतिम तिथि 21/08/2024 अपरान्ह 2.00 बजे तक निर्धारित है। निर्धारित समय पर प्राप्त निविदा को समिति के समक्ष 21/08/2024 अपरान्ह 3.00 बजे खोला जायेगा । विस्तृत जानकारी तथा नियामवली कार्यालयीन समय पर जिला परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के सूचना पटल पर देखा जा सकता है ।

01. रूचि की अभिव्यक्ति जमा करने की अंतिम तिथि-21/08/2024 अपरान्ह 2.00 बजे तक
02. रूचि की अभिव्यक्ति खोलने की अंतिम तिथि-21/08/2024 अपरान्ह 3.00 बजे तक

जिला मिशन समन्वयक
समग्र शिक्षा, जिला द.ब. दंतेवाड़ा (छ.ग.)

S-41073/2



## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोण्डागांव जिला - कोण्डागांव (छत्तीसगढ़)
Email-ID : ee-res.kondagaon@nic.in, Ph. No. - 07786-296017

### मैनुअल पद्धति वर्ष 2024-25 हेतु सूचना क्रमांक - 10 (द्वितीय दौर)
### निविदा आमंत्रण

क्रमांक /10 /व.ले.लि. /नि.प्र./ग्रा. यां. सेवा /2024-25 कोण्डागांव, दिनांक 02/08/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत 'डी' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु सामग्री प्रदाय हेतु मैन्युअल के अपेंडिक्स 2.15 के अनुसार प्रपत्र "सी" में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र स्पीड पोस्ट अथवा पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में प्राप्त होने की **अंतिम तिथि 12/08/2024 शाम 5.00 बजे तक :-**

| स. क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत प्रति कार्य (रूपये लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | समुदाय के लिये खेल मैदान निर्माण कार्य भाग-1 (पेवेलियन, शौचालय, सिटिग गैलरी, आहता, नलकूप खनन कार्य) विद्युतीकरण कार्य सहित, (शेष कार्य हेतु) रांधना, वि.ख.माकडी | 16.23 |
| 2 | समुदाय के लिये तटबंध निर्माण (बुढ़ासागर तालाब) (शेष कार्य हेतु) माकड़ी वि.ख. माकडी | 9.88 |
| 3 | सामुदायिक भवन निर्माण शौचालय सहित - (समूहों के लिये आजीविका कार्यकलाप के लिये वर्क शेड निर्माण कार्य / सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य) विद्युतीकरण कार्य सहित, (शेष कार्य हेतु) मसोरा वि.ख. कोण्डागांव | 9.39 |
| 4 | सामुदायिक भवन निर्माण शौचालय सहित - (समूहों के लिये आजीविका कार्यकलाप के लिये वर्क शेड निर्माण कार्य / सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य) विद्युतीकरण कार्य सहित, (शेष कार्य हेतु) मुलमुला, वि.ख. कोण्डागांव | 9.01 |

2.उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट http://res.cg.gov.in दिनांक 02/08/2024 से देखी एवं डाऊनलोड की जा सकती है। 3. **भुगतान मनरेगा प्रक्रिया के तहत किया जावेगा।**

साइकल हो या वायुयान बेटी बढ़ा रही मान — Credible Chhattisgarh विश्वसनीय छत्तीसगढ़

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
कोण्डागांव, जिला – कोण्डागांव

G-242501622/3

# छत्तीसगढ़ की बिजली कंपनी महानदी पावर को खरीदने की दौड़ में अदाणी पावर

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

गौतम अदाणी का अदाणी समूह एक बार फिर से कारोबार के आक्रामक विस्तार की राह पर लौट आया है। देश के सबसे बड़े कारोबारी समूहों में एक अदाणी समूह तेजी से कारोबार का विस्तार कर रहा है। समूह अब पावर सेक्टर में एक और बड़ा सौदा करने से बस दो कदम दूर है।

■ अदाणी के अलावा कई दिग्गज भी खरीदने की दौड़ में

एक रिपोर्ट के अनुसार, अदाणी समूह की बिजली कंपनी अदाणी पावर जल्दी ही एक नए सौदे को अंजाम दे सकती है। वह छत्तीसगढ़ की संकटग्रस्त बिजली कंपनी केएसके महानदी पावर को खरीदने से अब सिर्फ दो कदम दूर है। केएसके महानदी पावर को खरीदने के लिए अदाणी पावर ने 27 हजार करोड़ रुपए का ऑफर पेश किया है, जिसे सबसे बड़ी बोली माना गया है।

## खरीदने के लिए 27 हजार करोड़ रुपए का दिया ऑफर

### कर्जदाताओं को होगी 92 फीसदी रिकवरी

अदाणी पावर के द्वारा पेश किए गए ऑफर की बात करें तो वह सबसे बड़ी बोली होने के साथ केएसके महानदी पावर के कर्जदाताओं की 92 फीसदी रिकवरी सुनिश्चित करता है। अदाणी पावर के ऑफर में 12,500 करोड़ रुपए अपफ्रंट कैश, केएसके महानदी पावर के परिचालन वाले तीनों प्लांट के पास जमा हुए 9 हजार करोड़ रुपए कैश और 5,500 करोड़ रुपए की अनुमानित प्राप्तियां शामिल हैं।



*अदाणी के बाद ये दो ऑफर सबसे बड़े : अन्य ऑफर को देखें तो अदाणी पावर के बाद दूसरी सबसे बड़ी बोली कैप्री ग्लोबल होल्डिंग्स (25 हजार करोड़ रुपए) की बताई जा रही है। एनटीपीसी 22,200 करोड़ रुपए का ऑफर देकर तीसरे नंबर पर है।*

### खरीदने की रेस में कई दिग्गज शामिल

केएसके महानदी पावर अभी इनसॉल्वेंसी की प्रक्रिया से गुजर रही है। उसे खरीदने की रेस में अदाणी के अलावा कई दिग्गज शामिल हैं। केएसके महानदी पावर के लिए कैप्री ग्लोबल होल्डिंग्स, कोल इंडिया, एनटीपीसी, वेदांता, जेएसडब्ल्यू एनर्जी, जिंदल स्टील एंड पावर, आईलैब इंडिया स्पेशल फंड, रश्मि मेटालिक्स और शेरीशा टेक्नोलॉजीज ने भी बोलियां लगाई हैं। हालांकि रिपोर्ट की मानें तो 27 हजार करोड़ रुपए के ऑफर के साथ अदाणी पावर रेस में सबसे आगे निकल गई है।

### केएसके महानदी पावर के पास इतनी क्षमता

केएसके महानदी पावर के पास 1,800 मेगावाट क्षमता वाले बिजली उत्पादन प्लांट हैं, जो उसे एक आकर्षक ऑफर बनाते हैं। यही कारण है कि उसे खरीदने में अदाणी से लेकर जिंदल और अनिल अग्रवाल जैसे दिग्गज कारोबारी दिलचस्पी दिखा रहे हैं। साथ ही कोल इंडिया और एनटीपीसी जैसी सरकारी कंपनियां भी रेस में शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### गोदरेज प्रॉपर्टीज के कर्ज में 20 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** रियल्टी कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज का शुद्ध कर्ज जून तिमाही के दौरान 20 प्रतिशत बढ़कर 7,432 करोड़ रुपये हो गया। निर्माण गतिविधियों पर अधिक पूंजीगत व्यय के कारण उसका कर्ज बढ़ा है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के अंत में उसका शुद्ध कर्ज 7,432 करोड़ रुपये रहा, जबकि 31 मार्च, 2024 को यह 6,198 करोड़ रुपये था।

### एयरटेल का शुद्ध लाभ जून तिमाही में ढाई गुना बढ़ा

**नई दिल्ली।** दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 2.5 गुना से अधिक बढ़कर 4,160 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने एक साल पहले इसी अवधि में 1,612.5 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया था। भारती एयरटेल ने सोमवार को चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही के वित्तीय नतीजे जारी किए।

### बांग्लादेश में एलआईसी का ऑफिस सात तक बंद



**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का बांग्लादेश कार्यालय सात अगस्त तक बंद रहेगा। ढाका से आ रही खबरों के अनुसार, बांग्लादेश के विभिन्न हिस्सों में सुरक्षा बलों तथा सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों के बीच भीषण झड़पों में पिछले दो दिन में 100 से अधिक लोगों की जान गई है।

### प्रीतिका इंजीनियरिंग ने रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की

PRITIKA Auto Industries Casting - Forging - Machining

**नई दिल्ली।** प्रीतिका इंजीनियरिंग कंपोनेंट्स ने सोमवार को कहा कि उसने जुलाई में 900 टन की अबतक की सबसे अधिक मासिक बिक्री दर्ज की है। 6-8 प्रतिशत की वृद्धि हासिल करना है। आर एस निब्बर द्वारा 1974 में स्थापित प्रीतिका समूह ट्रैक्टर, भारी वाणिज्यिक वाहन और वाहन उद्योग के लिए कलपुर्जों का विनिर्माण करता है।

### टाटा केमिकल्स का पहली तिमाही का मुनाफा घटा




**नई दिल्ली।** टाटा केमिकल्स का जून में समाप्त चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 72 प्रतिशत घटकर 150 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी ने 532 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था। तिमाही में उसकी कुल आय भी घटकर 3,836 करोड़ रुपये रह गई।

## आईपीओ लाने वालों में स्टाइल रिटेल, डिफ्यूजन, दीपक बिल्डर्स शामिल

# बजाज हाउसिंग फाइनेंस समेत पांच कंपनियों को सेबी से आईपीओ के लिए हरी झंडी

*बजाज हाउसिंग फाइनेंस और मनबा फाइनेंस समेत पांच कंपनियों को बाजार नियामक सेबी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने से संबंधित स्वीकृति दे दी है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की तरफ से उपलब्ध कराई गई सूचना के मुताबिक, आईपीओ लाने की मंजूरी पाने वाली कंपनियों में बाजार स्टाइल रिटेल, डिफ्यूजन इंजीनियर्स लिमिटेड और दीपक बिल्डर्स एंड इंजीनियर्स इंडिया भी शामिल हैं।*

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सेबी ने 31 जुलाई को संथान टेक्सटाइल्स लिमिटेड के आईपीओ संबंधी दस्तावेजों के मसौदे को वापस कर दिया। इसके साथ ही सेबी ने एसके फाइनेंस की प्रस्तावित 2,200 करोड़ रुपये की आरंभिक शेयर बिक्री पर लगी रोक हटा दी है।

### मार्च- जून में किया गया था आवेदन

सेबी के 'अपडेट' के मुताबिक, मार्च और जून के बीच आईपीओ संबंधी दस्तावेज दाखिल करने वाली पांच कंपनियों को 30 जुलाई से पांच अगस्त के दौरान नियामकीय अवलोकन पत्र मिले हैं। अवलोकन पत्र पाने का मतलब सार्वजनिक निर्गम जारी करने की मंजूरी से है।

### बजाज ला रहा 7000 करोड़ का आईपीओ

दस्तावेजों के मुताबिक, बजाज हाउसिंग फाइनेंस के 7,000 करोड़ रुपये के आईपीओ में 4,000 करोड़ रुपये तक के नए इक्विटी शेयर और मूल कंपनी बजाज फाइनेंस द्वारा 3,000 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) की जाएगी।



■ सेबी ने संथान टेक्सटाइल्स के आईपीओ के दस्तावेज लौटाए
■ एसके फायनेंस के शेयर बिक्री पर से सेबी ने रोक हटाई
■ सभी आईपीओ बीएसई और एनएसई में सूचीबद्ध होंगे

### मनबा में प्रवर्तकों की सौ फीसदी हिस्सेदारी

महाराष्ट्र स्थित मनबा फाइनेंस में प्रवर्तकों की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी है। आईपीओ 148 करोड़ रुपये के नए शेयरों के अलावा प्रवर्तक समूह संस्थाओं और अन्य शेयरधारकों द्वारा 1.68 करोड़ शेयरों के ओएफएस का मिश्रण है।

### डिफ्यूजन 98.5 लाख इक्विटी शेयरों का निर्गम

डिफ्यूजन इंजीनियर्स का आईपीओ पूरी तरह से 98.5 लाख इक्विटी शेयरों का नया निर्गम है। दीपक बिल्डर्स एंड इंजीनियर्स इंडिया का आईपीओ में 1.2 करोड़ नए शेयर जारी किए जाएंगे और प्रवर्तकों द्वारा 24 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश लाई जाएगी।

## अदाणी एनर्जी ने क्यूआईपी से जुटाए 8373 करोड़

अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) ने कहा कि उसने नवीकरणीय स्रोतों से बिजली पारेषण की क्षमता खड़ी करने के लिए पात्र संस्थागत नियोजन के जरिये 8,373.10 करोड़ रुपये जुटा लिए हैं। अदाणी समूह की कंपनी एईएसएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि जुलाई, 2015 में अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) से अलग होकर सूचीबद्ध होने के बाद से उसने पूंजी बाजार में पहली इक्विटी जुटाई गई है।

### बिजली क्षेत्र में रहा सबसे बड़ा क्यूआईपी

कंपनी ने कहा, 'एईएसएल ने 8,373 करोड़ रुपये (एक अरब डॉलर) का पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह भारत के बिजली क्षेत्र में सबसे बड़ा क्यूआईपी है।' यह लेनदेन 30 जुलाई को बाजार बंद होने के बाद शुरू किया गया था। इसका आधार सौदा आकार 5,861 करोड़ रुपये (700 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था। इसमें 8,373 करोड़ रुपये तक का 'ग्रीन शू' (अधिक बोली आने पर उसे बरकरार रखने) विकल्प भी शामिल था।

### क्यूआईपी 976 रुपए प्रति इक्विटी शेयर था

कंपनी ने कहा, ''निदेशक मंडल की प्रबंध समिति ने क्यूआईपी को 976 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के निर्गम मूल्य पर 10 रुपये अंकित मूल्य वाले 8,57,89,959 इक्विटी शेयरों के आवंटन को मंजूरी दे दी है। यह 1,027.1125 रुपये प्रति शेयर के न्यूनतम मूल्य पर 51.1125 रुपये की छूट दर्शाता है, जो कुल मिलाकर 8,373.10 करोड़ रुपये है।''

### राशि का उपयोग विस्तार में

कंपनी इस राशि का इस्तेमाल नवीकरणीय ऊर्जा के लिए थोक पारेषण गलियारों के निर्माण, ऊर्जा दक्षता बढ़ाने और नेटवर्क योजना में सुधार के लिए करेगी। इसके अलावा, इस राशि का उपयोग ऋण चुकाने और समग्र कॉरपोरेट गतिविधियों को मजबूत करने के लिए की जाएगी।

# रिजर्व बैंक का कर्ज प्रबंधन को लेकर नियामकीय व्यवस्था का प्रस्ताव

एजेंसी ▸▸| मुंबई



■ अन्य वित्तीय संस्थानों के लिए भी प्रस्ताव

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों के लिए कर्ज से जुड़े 'मॉडल' जोखिम प्रबंधन को लेकर रूपरेखा का प्रस्ताव किया। इस पहल का मकसद क्षेत्र में सूझबूझ और मजबूती सुनिश्चित करना है।

आरबीआई के नियमन के दायरे में आने वाली इकाइयां (बैंक, एनबीएफसी आदि) कर्ज प्रबंधन के लिए विभिन्न मॉडल का उपयोग करती हैं। इनमें क्रेडिट मूल्यांकन, कर्ज लेने वालों के 'क्रेडिट स्कोर', मूल्य निर्धारण और जोखिम प्रबंधन आदि शामिल हैं।रिजर्व बैंक ने 'कर्ज को लेकर मॉडल जोखिम प्रबंधन के लिए नियामक सिद्धांतों' पर एक मसौदा परिपत्र में कहा कि चूंकि वर्तमान में जो मॉडल हैं, अतः इससे अनिश्चितताओं की आशंकाएं रहती हैं। इससे बैंक और एनबीएफसी (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां) के लिए मॉडल के स्तर पर जोखिम की स्थिति रहती है। इसका क्रेडिट जोखिम प्रबंधन, अनुपालन और साख से संबंधित पहलुओं पर प्रभाव पड़ता है। आरबीआई ने ऐसे मॉडल के उपयोग में सूझबूझ और मजबूती सुनिश्चित करने के मकसद से कुछ व्यापक नियामकीय सिद्धांतों को निर्धारित करने का प्रस्ताव किया है। मसौदे में कहा गया है, ''बैंक, एनबीएफसी और आरबीआई के दायरे में आने वाली अन्य इकाइयां मॉडल जोखिम प्रबंधन रूपरेखा के संदर्भ में नीति को मंजूरी देंगी।

### मॉडल मात्रात्मक पद्धति से जुड़ा है

'क्रेडिट' यानी कर्ज से जुड़े जोखिम 'मॉडल' मात्रात्मक पद्धति से जुड़ा है जो कर्ज से संबंधित निर्णयों में उपयोग किया जाता है। इसमें आंकड़ों के प्रसंस्करण के लिए सांख्यिकीय, आर्थिक, वित्तीय या गणितीय सिद्धांतों और मान्यताओं को उपयोग किया जाता है।

# म्यूचुअल फंड में भेदिया कारोबार रोकने सेबी का नियमों में संशोधन

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने म्यूचुअल फंड मानदंडों में संशोधन किया है, जिसके तहत परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियां (एएमसी) को प्रतिभूतियों में 'फ्रंट-रनिंग' और भेदिया कारोबार की पहचान करने तथा रोकने के लिए एक संस्थागत तंत्र स्थापित करना होगा।

इसके अतिरिक्त एएमसी का प्रबंधन संस्थागत तंत्र की दक्षता सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होगा। नियामक ने एएमसी को 'व्हिसल-ब्लोअर' तंत्र बनाने का भी निर्देश दिया है। सेबी का यह निर्णय एक्सिस एएमसी और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) से जुड़े 'फ्रंट-रनिंग' मामलों के संबंध में दो आदेश पारित करने के बाद आया है। सेबी ने एक अगस्त की गजट अधिसूचना में कहा, '' परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियां बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट संस्थागत तंत्र स्थापित करेंगी, ताकि प्रतिभूतियों में 'फ्रंट-रनिंग' और भेदिया कारोबार सहित संभावित बाजार दुरुपयोग की पहचान तथा रोकथाम की जा सके। 'फ्रंट-रनिंग' एक ब्रोकर द्वारा शेयर या किसी अन्य वित्तीय परिसंपत्ति का व्यापार है, जिसे भविष्य के लेनदेन के बारे में अंदरूनी जानकारी होती है जो उस लेनदेन की कीमत को काफी हद तक प्रभावित करने वाला होता है। कंपनी का मुख्य अनुपालन अधिकारी ऐसे संस्थागत तंत्र के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार तथा जवाबदेह होंगे।




■ पहचान के लिए संस्थागत तंत्र स्थापित करना होगा

*बदलाव 1 नवंबर से लागू होगा*
*व्हिसल-ब्लोअर की पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी कदम उठाए जाएंगे। इस सभी बदलावों के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने म्यूचुअल फंड नियमों में संशोधन किया है। ये बदलाव एक नवंबर से लागू होंगे।*

# चांदी में 1300 रुपए की बड़ी गिरावट, सोना 250 रुपए मजबूत

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

आभूषण विक्रेताओं की मांग बढ़ने के बीच स्थानीय सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 250 रुपये चढ़कर 72,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में शनिवार को सोना 72,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

अखिल भारतीय सराफा संघ ने कहा कि इसके उलट सिक्का निर्माताओं और औद्योगिक इकाइयों के कमजोर उठाव के कारण चांदी में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और इसकी कीमत 1,300 रुपये लुढ़ककर 84,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इसका पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 85,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस बीच, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 250 रुपये बढ़कर 72,450 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। इसका पिछला बंद भाव 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम था। वैश्विक स्तर पर कॉमेक्स सोना पिछले बंद से 8.70 डॉलर प्रति औंस की गिरावट के साथ 2,461.10 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, ''कॉमेक्स में उतार-चढ़ाव भरा सत्र रहा, जिसमें तेज गिरावट आई, लेकिन बाद में इसमें सुधार हुआ, क्योंकि व्यापारियों ने भारी स्टॉक बिकवाली और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव का अनुमान लगाया।



■ चांदी लुढ़ककर 84,200 रुपए प्रति किलोग्राम

### एमसीएक्स में भी चांदी में गिरावट दर्ज

इसके अलावा, एमसीएक्स पर सितंबर माह में डिलिवरी वाले चांदी का अनुबंध 2,719 रुपये या 3.3 प्रतिशत की गिरावट के साथ 79,774 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया।

# कृष्णमूर्ति स्विगी इंस्टामार्ट में सीओओ नियुक्त

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंच स्विगी इंस्टामार्ट ने साईराम कृष्णमूर्ति को वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) नियुक्त किया है। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा, कृष्णमूर्ति स्विगी इंस्टामार्ट की परिचालन इकाइयों की देखरेख करेंगे। इसमें 'डार्क स्टोर' संचालन, बुनियादी ढांचा संचालन, विकास व विस्तार (शहर) शामिल हैं। कंपनी ने कहा कि उनके पास दैनिक उपभोग की वस्तुओं (एफएमसीजी), उपभोक्ता तकनीक और खुदरा क्षेत्र में 18 वर्षों से अधिक का अनुभव है। इससे पहले, साईराम कृष्णमूर्ति मोर रिटेल में सुपरमार्केट व्यवसाय के मुख्य परिचालन अधिकारी के रूप में सेवाएं दे चुके हैं।

# सेबी ने बोनस शेयर खाते में जमा करने का प्रस्ताव रखा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सोमवार को बोनस शेयर को खाते में जमा करने और कारोबार सुनिश्चित करने के लिए एक समान समयसीमा का प्रस्ताव रखा।

सेबी ने कहा कि रिकॉर्ड तिथि के बाद ऐसे शेयरों के टी+2 यानी सौदे वाले दिन के अलावा दो दिन में कारोबार को सक्षम करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए ऐसा जरूरी है। इस समय आईसीडीआर (पूंजी जारी करना और खुलासा आवश्यकताएं) नियम बोनस निर्गम के कार्यान्वयन के संबंध में समग्र समयसीमा निर्धारित करते हैं। हालांकि, निर्गम की रिकॉर्ड तिथि से बोनस शेयरों को खाते में जमा करने और ऐसे शेयरों के व्यापार के लिए कोई विशिष्ट समयसीमा नहीं है। सेबी ने अपने परामर्श पत्र में कहा, ''इस प्रकार, किसी विशिष्ट दिशानिर्देश के अभाव में समयसीमा के संबंध में असमानता देखने को मिलती है।'



■ कारोबार के लिए एक समान समयसीमा का प्रस्ताव
■ प्रस्तावों पर 26 अगस्त तक टिप्पणियां मांगी

### बोनस शेयर रिकॉर्ड तिथि के एक सप्ताह बाद जमा हो

इस समय बोनस निर्गम के बाद, मौजूदा शेयरों का उसी आईएसआईएन (इंटरनेशनल सिक्योरिटीज आइडेन्टिफिकेशन नंबरिंग सिस्टम) के तहत कारोबार जारी रहता है।

# राजधानी में 100 बिस्तरों वाले एनकेडी अस्पताल का हुआ भव्य उद्घाटन

**रायपुर।** मेन रोड, बीरगांव स्थित एनकेडी अस्पताल का भव्य उद्घाटन रविवार को हुआ। इस अत्याधुनिक सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने की। उद्घाटन समारोह में कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा, विधायक मोतीलाल साहू, विधायक अनुज शर्मा, विधायक पुरंदर मिश्रा, विधायक दीपेश साहू, विधायक गुरु खुशवंत साहेब, मेयर बीरगांव निगम नंद लाल देवांगन और अमित साहू भी मौजूद थे। एनकेडी अस्पताल के फाउंडर डॉ. एनके देवांगन, डायरेक्टर डॉ. वेदप्रकाश देवांगन, डॉ. सुनीता देवांगन, डॉ. देवप्रकाश देवांगन, डॉ. प्रीति देवांगन, एनकेडी बिल्डर्स एंड डेवलपर्स के डायरेक्टर संदीप देवांगन और पूर्व महापौर बीरगांव निगम डॉ. ओम प्रकाश देवांगन भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। एनकेडी अस्पताल को अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाओं के लिए जाना जाता है और इसे उन अग्रणी अस्पतालों में शामिल किया गया है जो जरूरतमंद लोगों के लिए सर्वोत्तम देखभाल और उपचार के विकल्प प्रदान करता है। वर्ष 2014 में अपनी स्थापना के बाद से एनकेडी अस्पताल ने बेहतरीन चिकित्सा सेवाएं प्रदान की हैं।



इस नए विस्तार के तहत अस्पताल की क्षमता 30 बिस्तरों से बढ़ाकर 100 बिस्तर की गई है, जिसमें 15 बेड आईसीयू और 15 बेड का मॉड्यूलर ओटी जैसी नई सुविधाएं शामिल हैं।

## सैश ने अगले वर्ष के लिए अमेरिका में मंदी आने के अनुमान को बदला

# अमेरिका पर छाया मंदी का साया, गोल्डमैन सैश ने बढ़ाया रिस्क

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली।

वैश्विक आर्थिक हालात एक बार फिर से चुनौतीपूर्ण होने लगे हैं। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका के ऊपर आर्थिक मंदी का खतरा बढ़ता जा रहा है। तमाम एनालिस्ट के द्वारा मंदी के कयासों के बीच अब गोल्डमैन सैश ने भी आशंका बढ़ा दी है. गोल्डमैन सैश ने अगले साल में अमेरिका में मंदी आने के अपने अनुमान में बदलाव किया है और उसे बढ़ा दिया है।

ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, गोल्डमैन सैश ग्रुप इंक के अर्थशास्त्रियों ने अगले साल अमेरिका में मंदी आने के अनुमान को 15 फीसदी से बढ़ाकर 25 फीसदी कर दिया है। हालांकि राहत की बात है कि अर्थव्यवस्था के ऊपर मंदी के जोखिम के बाद भी अचानक बड़े नुकसान का जोखिम नहीं है। गोल्डमैन सैश के अर्थशास्त्रियों का मानना है कि मंदी के बढ़े जोखिम के बाद भी ऐसे कई कारण हैं, जिन्हें देखकर लगता है कि बेरोजगारी बढ़ने के बाद भी अचानक अर्थव्यवस्था में बड़ी गिरावट नहीं आने वाली है।

### अमेरिकी शेयर बाजार पर असर

मंदी के खतरे का असर शेयर बाजार पर भी दिख रहा है। डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज का फ्यूचर आज सुबह 7 बजे 375 अंक से ज्यादा (लगभग 1 फीसदी) के नुकसान में था। इससे पहले शुक्रवार को डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 610.71 अंक यानी 1.51 फीसदी की गिरावट आई थी। वहीं एसएंडपी 500 इंडेक्स 1.84 फीसदी और टेक स्टॉक फोकस्ड इंडेक्स नास्डैक कंपोजिट 2.43 फीसदी के नुकसान में रहा था।

### अमेरिका में मंदी आने के अनुमान को 15 से बढ़ाकर 25 फीसदी किया




### बेरोजगारी के डराने वाले आंकड़े

अमेरिका में पिछले सप्ताह अर्थव्यवस्था से जुड़े कुछ चिंताजनक आंकड़े सामने आए थे। अमेरिका में बेरोजगारी दर 4.3 फीसदी पर पहुंच गई है। यह अक्टूबर 2021 के बाद अमेरिका में बेरोजगारी का सबसे बड़ा आंकड़ा है। बेरोजगारी की दर में यह बढ़ोतरी बाजार के अनुमान से ज्यादा है और इसने एक बार फिर से मंदी के डर को तेज कर दिया है। विश्लेषक मान रहे हैं कि बेरोजगारी बेतहाशा बढ़ना आने वाली मंदी का संकेत है।

### जोखिम को सीमित मान रहे अर्थशास्त्री

गोल्डमैन के अर्थशास्त्रियों ने क्लाइंट से रविवार को एक रिपोर्ट में कहा- हम अभी भी मंदी के जोखिम को सीमित मान रहे हैं। अर्थव्यवस्था कुल मिलाकर ठीक ही लग रही है। अभी कोई बड़ा वित्तीय असंतुलन नहीं है। जरूरत पड़ने पर फेडरल रिजर्व काफी तेजी से ब्याज दर में कटौती कर सकता है।

# रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में 400 से अधिक लोगों ने लिया अंगदान का संकल्प

**रायपुर।** रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ने राष्ट्रीय अंगदान दिवस के मौके पर 400 से अधिक लोगों को अंगदान के महत्व से अवगत कराया और उन्हें अंगदान करने का संकल्प दिलवाया। इस अवसर पर हॉस्पिटल ने विभिन्न प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिनका मुख्य उद्देश्य अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोगों को जीवन रक्षा के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर हॉस्पिटल प्रबंधन ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिससे अंगदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर किया गया। इसके बाद रंगोली और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता फैलाई गई। प्रमुख डॉक्टर्स ने अंगों और टिशू दान के महत्व पर प्रकाश डाला और लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित किया। इनमें डॉ. प्रवास चौधरी, डॉ. एस.एन. मढ़रिया, डॉ. संदीप पांडेय, डॉ. अजय पाराशर और अन्य वरिष्ठ चिकित्सक शामिल थे। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के मैनेजिंग कम मेडिकल डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे ने अपने टीम की सराहना की। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ और मध्यभारत में विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराते हुए अस्पताल की सुविधाओं को लगातार विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रशासन ने इस आयोजन के माध्यम से अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।




पेरिस ओलंपिक

# 100 मीटर दौड़... 9.784 सेकंड की स्पीड से नोआ लायल्स बने फर्राटा किंग



पेरिस। अमेरिका के एथलीट नोआ लायल्स ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ जीत ली है। लायल्स ने जमैका के किशाने थॉम्पसन को पछाड़कर यह दौड़ जीती और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अमेरिका के फ्रेड केर्ली ने इस स्पर्धा का कांस्य पदक अपने नाम किया। टोक्यो ओलंपिक के चैंपियन इटली के जैकब लोमंट मार्सेल पांचवें स्थान पर रहे और अपने स्वर्ण पदक का बचाव नहीं कर सके।




## 0.5 सेकंड के अंतर से हारे थॉम्पसन

लायल्स जस्टिन गैटलिन के बाद पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने वाले अमेरिका के पहले एथलीट हैं। गैटलिन ने 2004 एथेंस ओलंपिक में स्प्रिंट में स्वर्ण पदक जीता था। लायल्स ने 9.784 सेकंड के अपने सर्वश्रेष्ठ समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि दूसरे स्थान पर रहे थॉम्पसन ने 9.789 सेकंड में रेस पूरी की और रजत पदक अपने नाम किया। लायल्स और थॉम्पसन के बीच महज 0.5 सेकंड का फासला रहा। वहीं, कांस्य पदक जीतने वाले केर्ली ने 9.810 सेकंड में दौड़ पूरी की और तीसरे स्थान पर रहे।

## परिणाम घोषित होने में लगा समय

एथलीटों को परिणाम जानने के लिए सामान्य से अधिक समय तक इंतजार करना पड़ा क्योंकि रेस पूरी करने वाले पहले सात एथलीटों तस्वीर बड़ी स्क्रीन पर दिखाई गई थी जिसमे मामला बेहद करीबी दिख रहा था। हालांकि, लायल्स को विजेता घोषित किया गया। रियो और टोक्यो ओलंपिक में करीब से पदक से चूकने वाले दक्षिण अफ्रीका के अकाने सिमबाइन पेरिस में भी पोडियम पर फिनिश नहीं कर सके और चौथे स्थान पर रहे।

## विश्व चैंपियनशिप के गत विजेता हैं लायल्स

लायल्स ने पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों के 100 मीटर और 200 मीटर चैंपियनशिप जीती थी। उन्होंने पिछले साल विश्व चैंपियनशिप से पहले कहा था कि वह उसैन बोल्ट का 200 मीटर का विश्व रिकॉर्ड तोड़ेंगे। हालांकि, स्वर्ण पदक जीतने के बावजूद वह बोल्ट का रिकॉर्ड नहीं तोड़ सके थे। लायल्स ने उस वक्त 19.52 सेकेंड का समय लिया था, जबकि बोल्ट का रिकॉर्ड 19.19 सेकंड का है।

### ओलंपिक : पदक तालिका

| क्र. | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चीन | 21 | 17 | 14 | 52 |
| 2 | अमेरिका | 19 | 29 | 27 | 75 |
| 3 | ऑस्ट्रेलिया | 13 | 11 | 8 | 32 |
| 4 | फ्रांस | 12 | 15 | 18 | 45 |
| 5 | ब्रिटेन | 11 | 13 | 17 | 41 |
| 59 | भारत | 0 | 0 | 3 | 03 |

### आज के कार्यक्रम



**टेबल टेनिस :** पुरुष टीम (प्री क्वार्टर फाइनल): भारत (हरमीत देसाई, शरत कमल और मानव ठक्कर) बनाम चीन - दोपहर 1.30 बजे

**एथलेटिक्स :** पुरुष भाला फेंक (क्वालीफिकेशन): किशोर जेना - दोपहर 1.50 बजे, पुरुष भाला फेंक (क्वालीफिकेशन): नीरज चोपड़ा - दोपहर 3.20 बजे, महिला 400 मीटर (रेपेचेज): किरण पहल - दोपहर 2.50 बजे



**कुश्ती :** विनेश फोगाट (50 किग्रा) बनाम युई सुसाकी (जापान), प्री क्वार्टर फाइनल- दोपहर 2.30 बजे से



**हॉकी :** पुरुष सेमीफाइनल : भारत बनाम जर्मनी - रात 10.30 बजे

# टेबल टेनिस : मनिका की अगुवाई में जीता भारत, 3-2 की जीत, क्वार्टर में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| पेरिस

स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा की अगुआई में भारत ने सोमवार को यहां पेरिस ओलंपिक की महिला टेबल टेनिस टीम स्पर्धा में अपने से ऊंची रैंकिंग वाले रोमानिया को रोमांचक मुकाबले में 3-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। भारत 2-0 से आगे चल रहा था लेकिन रोमानिया ने वापसी करते हुए 2-2 से बराबरी हासिल कर ली लेकिन निर्णायक मैच में मनिका ने जीत दर्ज करने टीम को जीत दिला दी। श्रीजा अकुला और अर्चना कामथ ने युगल मैच में एडिना डायकोनू और एलिजाबेटा समारा पर 11-9, 12-10, 11-7 से जीत दर्ज करके मुकाबले की शुरुआत की। मनिका ने अपने से बेहतर रैंकिंग वाली बर्नाडेट जोक्स को 11-5, 11-7, 11-7 से हराया जिससे भारत ने अपने चौथे वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ 2-0 की बढ़त हासिल की। प्रतियोगिता में भारत को 11वीं वरीयता दी गई है।



### श्रीजा को एकल में मिली हार

दूसरे एकल में पहला गेम जीतने के बाद श्रीजा यूरोपीय चैंपियन समारा से 2-3 (11-8 4-11 11-7 6-11 8-11) से हार गईं। श्रीजा की हार के बाद अर्चना और बर्नाडिट के बीच मुकाबला हुआ। बर्नाडिट ने पहला गेम 11-5 से जीत लिया लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने दूसरा गेम 11-8 से जीतकर बराबरी हासिल कर ली। बर्नाडिट ने अगले दो गेम 11-7, 11-9 से जीतकर मैच अपने नाम कर लिया और मुकाबला 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद मनिका ने एडिना को 3-0 (11-5, 11-9, 11-9) से हराकर भारत को अंतिम आठ में जगह दिलाई।क्वार्टर फाइनल में भारत का मुकाबला अमेरिका या जर्मनी से होगा।



## महेश्वरी-नरुका एक अंक से कांस्य पदक से चूके

शेटराउ। भारतीय निशानेबाज महेश्वरी चौहान और अनंत जीत सिंह नरुका पेरिस ओलंपिक स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा के कांस्य पदक के मुकाबले में सोमवार को यहां चीन की यितिंग जियांग और लियू जियानलिन की जोड़ी से एक अंक से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी को 48 निशाने के फाइनल मैच में 44-43 से शिकस्त मिली। महेश्वरी अपने 24 निशाने में से तीन में चूक गई जबकि नरुका दो निशाने चूक गए। चीन की यितिंग चार निशाने चूक गई लेकिन उनके पुरुष खिलाड़ी जियानलिन ने अपने सभी निशाने सटिक लगाकर इसकी भरपाई कर दी। इससे पहले क्वालीफिकेशन में भारतीय जोड़ी ने 146 स्कोर कर कांस्य पदक मुकाबले के लिए क्वालीफाई किया था। भारतीय जोड़ी क्वालीफिकेशन के पहले चरण के बाद 49 अंक लेकर संयुक्त दूसरे स्थान पर थी ।

पदक की आस

## अविनाश साबले फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय

3000 मीटर स्टीपलचेज



पेरिस। भारतीय एथलीट अविनाश साबले ने पेरिस ओलंपिक में सोमवार को यहां पुरुष 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में अपनी हीट में पांचवें स्थान के साथ फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। वह इस स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाले भारत के पहले एथलीट बन गए हैं। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी साबले ने दूसरी हीट में आठ मिनट 15.43 समय के साथ पांचवां स्थान हासिल किया। तीन हीट के शीर्ष पांच-पांच स्थान पर रहने धावकों ने फाइनल का टिकट कटाया। साबले की हीट में मोरोक्को के मोहम्मद तिंडौफत ने अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आठ मिनट 10.62 सेकंड के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। सेना में नायक सूबेदार पदक पर काबिज साबले ने कई बार अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड को बेहतर किया है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आठ मिनट 09.94 सेकंड है जो उन्होंने पिछले महीने की शुरूआत में पेरिस डायमंड लीग हासिल किया था।

### खबर संक्षेप



## दिनेश कार्तिक बने एसए20 लीग के दूत

**जोहानिसबर्ग।** भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को सोमवार को एसए20 लीग का लीग दूत (एम्बेसडर) नियुक्त किया गया। कार्तिक दक्षिण अफ्रीका में खेले जाने वाले इस फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट से जुड़ने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने इस साल की शुरुआत में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान और लीग आयुक्त ग्रीम स्मिथ ने कहा, 'कार्तिक की असाधारण क्रिकेट प्रतिभा और व्यक्तित्व उन्हें हमारी लीग के लिए बिल्कुल उपयुक्त बनाते हैं और उनकी भागीदारी निस्संदेह विश्व स्तर पर और भारत में इस लीग को बढ़ावा मिलेगा।'

## किरण रेपेचेज में लेंगी हिस्सा



**पेरिस।** भारत की किरण पहल सोमवार को पेरिस ओलंपिक की अपनी हीट रेस में सातवें स्थान पर रहने के बाद महिलाओं की 400 मीटर में स्वतः सेमीफाइनल में जगह बनाने में असफल रहीं। अब वह रेपेचेज दौर में दौड़ेंगी। अपना 24वां जन्मदिन मना रही किरण ने 52.51 सेकंड का समय लिया जो उनके सत्र के 50.92 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ से काफी कम था। डोमिनिका की विश्व चैंपियन मारिलिडी पॉलिनो ने 49.42 सेकंड के समय के साथ हीट जीती, उसके बाद अमेरिका की आलिया बटलर (50.52) और ऑस्ट्रिया की सुजैन गोगल-वाल्ली (50.67) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं।


## गर्भवती होने के बावजूद दम दिखा रही हैं कुछ खिलाड़ी



एजेंसी ▶▶| पेरिस


ओलंपिक में भाग ले रहे कई खिलाड़ी अपनी जीत और हार की खबरें इंस्टाग्राम पर साझा करते हैं लेकिन पिछले सप्ताह तलवारबाजी में भाग लेने वाली मिस्र की नाडा हाफिज ने कुछ और ही साझा किया। उन्होंने खुलासा किया कि वह अकेले तलवारबाजी नहीं कर रही थी, कोई और भी उनके साथ था। हाफिज सात महीने की गर्भवती है।

हाफिज ने मैच के दौरान की अपनी तस्वीर साझा करते हुए लिखा, 'मंच पर आपको दो खिलाड़ी दिखाई दे रहे हैं लेकिन वह असल में तीन हैं। मैं, मेरी प्रतिद्वंदी और मेरा होने वाला बच्चा।' वह इस प्रतियोगिता में 16वें स्थान पर रही जो तीन ओलंपिक खेलों में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।



### बच्चे के किक से किया परफेक्ट 10 का स्कोर

अजरबेजान की तीरंदाज ने भी खुलासा किया कि वह साढ़े छह महीने की गर्भवती है। यायलागुल रमाज़ानोवा ने बताया कि शॉट लेने से पहले उसे अपने बच्चे की किक महसूस हुई थी और फिर उसने 10 का स्कोर किया, जो अधिकतम अंक है। ओलंपिक में इससे पहले भी गर्भवती महिलाएं भाग लेती रही हैं। ओलंपिक से इतर देखें तो दिग्गज टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स ने 2017 में गर्भवती होने के बावजूद ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लिया था और तब वह खिताब जीतने में सफल रही थी।



## कांस्य के मुकाबले में ली से हारे लक्ष्य सेन, इतिहास रचने से चूके

एजेंसी ▶▶| पेरिस

लक्ष्य सेन पहला गेम जीतने और दूसरे में बढ़त बनाने के बावजूद पेरिस ओलंपिक की बैडमिंटन की पुरुष एकल स्पर्धा के कांस्य पदक के प्ले ऑफ मुकाबले में सोमवार को यहां मलेशिया के ली जी जिया के खिलाफ तीन गेम में हारकर इस स्पर्धा में पदक जीतने वाला पहला भारतीय खिलाड़ी बनने से चूक गए। सेमीफाइनल की तरह कांस्य पदक के प्ले ऑफ में भी दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने बढ़त गंवाई और उन्हें 71 मिनट चले मुकाबले में दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी ली के खिलाफ 21-13, 16-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा।


राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता लक्ष्य की ली के खिलाफ छह मैचों में यह दूसरी हार है। इस हार के साथ लक्ष्य साइना नेहवाल (लंदन ओलंपिक 2012 में कांस्य) और पीवी सिंधू (रियो ओलंपिक 2016 में रजत और तोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य) के बाद ओलंपिक पदक जीतने वाला तीसरा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी बनने से भी चूक गए।


### बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की मांग



पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की एकल स्कल स्पर्धा में 23वें स्थान पर रहे भारतीय नौकायन खिलाड़ी बलराज पंवार ने देश में नौकायन के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और जूनियर स्तर पर प्रतिस्पर्धाएं बढ़ाने की मांग की है ताकि भविष्य में भारत का प्रदर्शन बेहतर हो सके। पेरिस ओलंपिक में एकमात्र भारतीय नौकायन खिलाड़ी पंवार रेपेचेज के जरिए क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे और फिर ग्रुप सी और डी में सेमीफाइनल खेलकर 23वें स्थान पर रहे।

## टूटा हाथ... जीता दिल... 8-1 से आगे थी निशा, अंतिम 33 सेकंड में 10-8 से हार गई





*पेरिस। भारतीय पहलवान निशा दहिया महिलाओं की 68 किलोग्राम फ्रीस्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में हार गई हैं। उन्हें उत्तर कोरिया की सोल गुम ने 10-8 के अंतर से हराया है। दूसरा हाफ शुरू होने से पहले निशा 4-0 से आगे चल रही थीं, लेकिन दूसरे हाफ में ऐसा लगा जैसे उनकी कोहनी या कंधे की हड्डी का जोड़ हट गया है। यह भी गौर करने वाली बात रही कि तय समय से 33 सेकंड पहले निशा 8-1 से आगे चल रही थीं। चोट के कारण मैच में एक नहीं, दो नहीं बल्कि तीन बार डॉक्टरों को जांच के लिए मैट पर आना पड़ा। निशा टूटे हुए हाथ के बावजूद हार मानने को तैयार नहीं थीं और दर्द में रहकर भी उन्होंने कुश्ती जारी रखी। निशा दहिया की आंखों में हारने के बाद आंसू देखे गए. इस बीच उनकी प्रतिद्वंदी पहलवान सोल गुम ने आकर भी खेल भावना का उदाहरण देकर निशा को उठने में मदद की। भारतीय पहलवान ने इससे पूर्व पहले राउंड में यूक्रेन की टेटियाना सोवा को 6-4 के अंतर से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश पाया था।*


### 44 साल बाद स्वर्ण पदक जीतने की राह पर भारत

# भारतीय हॉकी टीम के सामने आज जर्मनी की चुनौती

एजेंसी ▶▶| पेरिस

ओलंपिक में 44 साल बाद स्वर्ण पदक जीतने की राह पर भारतीय हॉकी टीम के सामने मंगलवार को सेमीफाइनल में विश्व चैंपियन जर्मनी की चुनौती होगी। इस बाधा को पार करके टीम 'संकटमोचक' पी आर श्रीजेश को शानदार विदाई देने के अपने मिशन की अगला कदम रखेगी।

ब्रिटेन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में दस खिलाड़ियों तक सिमटने के बावजूद भारतीय टीम ने जिस साहस और कौशल का प्रदर्शन करके मुकाबला पेनल्टी शूटआउट तक खिंचा, वह काबिले तारीफ है। टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक मैच में जर्मनी की पेनल्टी बचाकर भारत को 41 साल बाद पदक दिलाने वाले नायक श्रीजेश एक बार फिर जीत के सूत्रधार बने। उन्होंने शूटआउट में ब्रिटेन के दो शॉट बचाए और इससे पहले निर्धारित समय के भीतर भी ब्रिटेन ने 28 बार भारतीय गोल पर हमला बोला और दस पेनल्टी कॉर्नर बनाए लेकिन महज एक सफलता मिली। छत्तीस वर्ष के श्रीजेश का यह आखिरी टूर्नामेंट है और उन्हें स्वर्ण पदक के साथ विदा करने का मिशन भारतीय टीम के लिए अतिरिक्त प्रेरणा बना है। भारत ने आठ ओलंपिक स्वर्ण में से आखिरी 1980 में मॉस्को में जीता था और अब पेरिस में उसके पास 44 साल बाद इतिहास रचने का मौका है। सेमीफाइनल जीतने पर भारत का रजत तो पक्का हो जाएगा जो आखिरी बार उसने 1960 में रोम में जीता था।



### वर्ल्ड चैंपियन जर्मनी पर भारत का पलड़ा भारी

विश्व रैंकिंग और एक दूसरे के खिलाफ रिकॉर्ड को देखें तो मौजूदा विश्व चैंपियन और चार बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता जर्मनी और भारत में ज्यादा फर्क नहीं है। जर्मनी विश्व रैंकिंग में चौथे और भारत पांचवें स्थान पर है। क्वार्टर फाइनल में अर्जेंटीना को हराने वाली जर्मनी का सामना भारत से टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक के मैच में हुआ था जिसमें भारत ने 5-4 से जीत दर्ज की थी। श्रीजेश ने आखिरी सेकंड में पेनल्टी कॉर्नर बचाया था। ओलंपिक से पहले भारत ने जर्मनी से अभ्यास मैच खेले थे और छह में से पांच जीते। इस साल जून में एफआईएच प्रो लीग के लंदन चरण में भारत ने जर्मनी को 3-0 से हराया लेकिन रिटर्न मैच में 2-3 से हार गए। दूसरे सेमीफाइनल में नीदरलैंड का सामना स्पेन से होगा।

# जिस नदी के बहाव में पैर टिकाना है मुश्किल वहां डेढ़ हजार साल से खड़ा है यह शिव मंदिर

*एजेंसी:नई दिल्ली। देश में ऐसे-ऐसे रहस्यमयी मंदिर हैं जिनकी गुत्थी आज तक विज्ञान भी नहीं सुलझा सका है। साल 2013 में उत्तराखंड में हुई तबाही से पूरा केदारनाथ तहस-नहस हो गया, लेकिन वो सुनामी भी केदार नाथ मंदिर का कुछ नहीं बिगाड़ सकी। वैज्ञानिकों ने इसका कारण पता करने का भरपूर प्रयास किया, लेकिन किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सके। ऐसा ही एक मंदिर जबलपुर में भी है। खारी घाट में नर्मदा नदी के किनारे बना पंचाक्षर भोलेनाथ का मंदिर लगभग डेढ़ हजार साल पुराना है। यह मंदिर हर साल लगभग चार महीने पानी में डूबा रहता है और उसके बाद भी इसे कोई नुकसान नहीं होता।*

## चारों दिशाओं से होते हैं भोलेनाथ के दर्शन

बताया जाता है कि मंदिर को बनाने में जिन पत्थरों का इस्तेमाल किया गया है वो कहीं और देखने को नहीं मिलते। खास बात यह है कि इस मंदिर को चारों दिशाओं से देखने पर हर दिशा से भोलेनाथ के दर्शन होते हैं। मंदिर में भोलेनाथ का प्राचीन शिवलिंग है और उसके साथ ही उनका पूरा परिवार वहां है। मंदिर में कार्तिकेय, गणेश, पार्वती और भोलेनाथ का वाहन नंदी है। ये सभी मूर्तियां लगभग 1.5 हजार साल पुरानी हैं। नर्मदा के किनारे बना यह मंदिर 4 महीने पानी के अंदर ही डूबा रहता है। मान्यता है कि बारिश के दिनों में नर्मदा खुद भोलेनाथ का जलाभिषेक करती हैं। इस वजह से इस शिवलिंग का महत्व भी बढ़ जाता है। कहते हैं कि जिस घाट पर यह मंदिर है वहां खारी विसर्जित की जाती है, इसलिए इसे खारी घाट बोला जाता है। इसे जबलपुर के सबसे पुराने घाटों में से एक माना जाता है।



## इस मंदिर की परिक्रमा नर्मदा की पूरी परिक्रमा के बराबर

नर्मदा की परिक्रमा पूरी करने में 3 साल 3 महीने और 13 दिन लगते हैं, लेकिन इस मंदिर की ऐसी मान्यता है की जो भी नर्मदा के इस मंदिर की एक बार परिक्रमा कर लेते हैं उनको नर्मदा की पूरी परिक्रमा के बराबर फल प्राप्त होता है।

## तेज बहाव में भी टिका है मंदिर

बारिश के दिनों में यहां पर जब बरगी में स्थित बांध के गेट खोल दिए जाते हैं तब नर्मदा का जल स्तर काफी बढ़ जाता है, जिसके चलते यह मंदिर कई दिनों तक नर्मदा में जलमग्न रहता है। यहां भगवान शंकर का मंदिर बिना पिलर के बनाया गया है उसके बाद भी यह नदी के अंदर रेतीले बेस पर टिका हुआ है। नदी के बीच बहाव में जब लोगों का खड़ा होना मुश्किल है ऐसे में यह मंदिर बिना हिले डुले बड़े तेज बहाव में भी टिका है। इसे ही भगवान शंकर की ताकत माना जाता है।

# जब जमीन की खुदाई में मिली 'चीखती हुई महिला', पता लगी 3500 साल पुरानी ऐसी सच्चाई

एजेंसी ▶▶ लंदन

इस दुनिया में जो भी इंसान जीवित है, उसकी एक ही चाहत है, वो ये कि जब वो मरे, तो उसे पीड़ा रहित, सुकून भरी मौत मिले। आसान मौत की चाहत भले ही हर किसी की हो, पर सबको ऐसी मृत्यु नसीब नहीं होती। जब वैज्ञानिकों को 1935 पहले एक प्राचीन ममी मिली, तो उनके होश उड़ गए, क्योंकि उस ममी को देखकर समझ आ रहा था कि उसे दर्दभरी मौत मिली होगी। उस ममी को देखकर लग रहा था जैसे वो चीख रही हो। वो करीब 3500 साल पुरानी थी और उसकी जांच करने पर वैज्ञानिकों को काफी हैरान करने वाली बातें पता चलीं। एक वेबसाइट के अनुसार साल 1935 में वैज्ञानिकों ने मिस्र में सेनमुट नाम के एक महान आर्किटेक्ट की खुदाई की थी। सेनमुट की मौत 1464 ईसा पूर्व में हुई थी। कब्र के नीचे से एक लकड़ी का ताबूत मिला था, जिसमें एक औरत की ममी थी। महिला के सिर पर काला विग था और उसने स्कैरब कीड़े के शेप की सिल्वर और गोल्ड अंगूठियां पहनी थी। पर वैज्ञानिकों को सबसे ज्यादा उस औरत के चेहरे हाव-भाव देखकर हैरानी हुई।

**वैज्ञानिक हुए हैरान!**



## 48 साल रही होगी उम्र

सीटी इमेज से पता लगा है कि मौत के वक्त उसकी उम्र 48 साल रही होगी। उसे स्पाइन में गठिया की हल्की समस्या भी रही होगी। वैज्ञानिकों ने ये भी पता लगाया कि उस महिला पर जूनिपर और फ्रैंकिनसेंस जैसे पदार्थों का लेप लगाया गया होगा, जो काफी महंगे होते हैं और उन्हें मिस्र में बाहरी देशों से मंगवाया जाता होगा। वैज्ञानिकों का दावा है कि जिस तरह दुर्लभ पदार्थों से महिला पर लेप लगाया गया, उससे तो ये कहा जा सकता है कि उसे हड़बड़ी में नौसिखिए लोगों द्वारा ममी नहीं बनाया गया होगा। ऐसे में ये भी कहना गलत होगा कि ममी बनाने के प्रोसेस के दौरान वो लोग उसका मुंह बंद करना भूल गए होंगे।

## चीखती हुई महिला मिली!

उस ममी का मुंह खुला हुआ था। वैज्ञानिकों को देखकर लगा जैसे वो ममी मरते वक्त दर्द से तड़प रही हो। आपको लग रहा होगा कि हम इतनी पुरानी बातें क्यों बता रहे हैं। दरअसल, अब वैज्ञानिकों ने एडवांस साइंटिफिक टेक्नीक का प्रयोग कर इस ममी के जीवन और मृत्यु के बारे में पता लगाया है। एडवांस स्कैनिंग टेक्नीक से पता चला कि महिला, चेहरा ऊपर किए ही लेटी रही होगी, उसके पैर सीधे रहे होंगे और हाथ, जांघ के ऊपर फोल्ड रहे होंगे। उसके कई दांत टूट हुए थे, जो शायद मौत से पहले ही गिर गए होंगे। उसका कद 5.05 फीट रहा होगा।

**यह है साइंटिस्ट का इरादा!**

# चांद पर पत्थर की दीवार बनाने की है प्लानिंग, रोबोट करेंगे ये काम

एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

चंद्रमा पर इंसान के लंबे समय तक रहने के लिए तैयारियां गंभीर रूप से चल रही हैं। इसमें चल रहे गहन शोधों में से एक में साइंटिस्ट ने प्रस्ताव दिया है कि चांद पर एक लंबी दीवार एक साथ कई लिहाज से मददगार साबित होगी। उन्होंने इसे बनाने के लिए एक स्वाचलित, हाइड्रोलिक उत्खनन करने वाले रोबोट का उपयोग करने का सुझाव दिया है। यह रोबोटिक उत्खननकर्ता चंद्रमा पर ही मिलने वाले पदार्थों का उपयोग करेगा और चंद्र सतह से चट्टानों को रिंग वाली दीवार बनाने के लिए जमा किया जाएगा, जिसका दायरा 50 से 100 मीटर के बीच होगी। वैज्ञानिक पृथ्वी से चंद्रमा पर निर्माण सामग्री पहुंचाने की महंगी प्रथा को अपनाने की योजना नहीं बना रहे हैं। अध्ययन के प्रमुख लेखक जोनास वाल्थर ने कहा, 'रोबोट का उपयोग बोल्डर एकत्र करने के साथ-साथ दीवार बनाने के लिए भी किया जाएगा।'



## खतरनाक साबित हो सकते हैं छोटे कण और धूल

वैज्ञानिकों के अनुसार, यदि मनुष्य कभी चंद्रमा पर स्थायी रूप से बस जाते हैं, तो उन्हें उतरने या उड़ान भरने वाले रॉकेटों के उत्सर्जन और मलबे से बचाने के लिए चंद्र अवसंरचना की आवश्यकता होगी, क्योंकि चंद्रमा पर वायुमंडल नहीं है। ऐसे में रॉकेट से निकलने वाली गैस और पदार्थ वहां दूर-दूर तक चीजों के लिए नुकसानदायी हो सकते हैं। रॉकेट उत्सर्जन से निकलने वाली गैस, छोटे कण और धूल खतरनाक साबित हो सकते हैं।

# इस गुफा की चट्टानों के आकार करते हैं हैरान

**लंदन।** आम तौर पर गुफाएं गोल आकार की होती हैं और उनमें गोल चट्टानें होती हैं, लेकिन फिंगल की गुफा स्कॉटलैंड के इनर हेब्राइड्स के निर्जन अटलांटिक द्वीप पर कुछ अलग ही है। इन एक समान चौकोर गुफाओं में वैज्ञानिकों को छोड़कर, लोग नहीं जाते हैं। फिर भी इसकी तस्वीरें लोग खूब पसंद करते हैं। फिंगल की गुफा स्टाफा स्कॉटलैंड के हेब्राइड्स के एक



निर्जन अटलांटिक द्वीप में पाई जाती है। यह समुद्र के ऊपर 69 मीटर ऊंची एक बड़ी सी गुफा है, जिसमें एक बड़ा प्रवेश द्वार है। इसकी ज्यामिति देखकर लगता है कि यह किसी धुनिक कला संग्रहालय में प्रदर्शित कोई बेहतरीन कृति है। खास बात इसकी चट्टानें या पत्थरों के आकार हैं जो एक खास ज्यामिती समरूपता की मिसाल कायम करते हैं। फिर भी इन गुफाओं को देखने टूरिस्ट नहीं आते हैं। फिंगल की गुफा में जाने पर आपको कई पक्षी प्रजातियां देखने को मिल सकती हैं।




# यहां लोग पालते हैं ऊदबिलाव फिर उनसे पकड़वाते हैं मछलियां

**ढाका।** इंसान ने सदियों से जानवरों को पाला है और उनका पेट भरने के साथ अपना भी फायदा कमाया है। ये लेन-देन का रिश्ता काफी पुराना है। गायों को दूध के लिए पाला जाता है, मुर्गियों को अंडों के लिए, उसी प्रकार मछलियों को और कई अन्य तरह के जीवों को भी पाला जाता है। पर क्या आप जानते हैं कि एक ऐसा भी देश है, जहां ऊदबिलाव को पाला जाता है? आप सोचेंगे कि आखिर ऐसे जीव को पालने का क्या काम, जो इंसानों के लिए किसी खास काम नहीं आता? दरअसल, यहां पर ऊदबिलाव मछली पकड़ते हैं और मछुआरों को पैसे कमाने में मदद करते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार बांग्लादेश के दक्षिणी भाग में सदियों



से मछुआरे, मछली पकड़ने के लिए खास तरीके का प्रयोग करते हैं। ये मछुआरे, ऊदबिलाव के जरिए मछली पकड़ते हैं। इसके लिए ये ऊदबिलाव को पालतू जानवरों की तरह पालते हैं। फिर उन्हें नदी, तालाबों में साथ ले जाते हैं और उन्हें रस्सी के जरिए पानी में डाल देते हैं। ऊदबिलाव गजब के तैराक होते हैं, इस वजह से वो बड़े ही आराम से पानी में तैरते हुए मछली पकड़कर अपने मालिक के लिए ले आते हैं।


## ऊदबिलाव पकड़ते हैं मछली

कुछ महीनों पहले वायरल वीडियो में इस टेक्नीक से मछली पकड़ते मछुआरों को दिखाया था। इस परंपरा को आज भी यहां के मछुआरे बचाकर रखने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने वीडियो में बताया कि ऊदबिलाव को मछुआरे पालते हैं और मछली पकड़ना सिखाते हैं। उनसे शाम या रात में ही मछली पकड़वाई जाती है।













हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com